


29 सितंबर 2025
सोमवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ




चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : डीएम 2

# विजय ने भगदड़ में मृतकों और घायलों के लिए किया मुआवजे का एलान



**एजेंसी। करूर**

तमिलनाडु के करूर में टीवीके की रैली के दौरान हुई भगदड़ ने कई परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई। मंच पर भाषण दे रहे अभिनेता-से-राजनेता और टीवीके अध्यक्ष विजय को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली, उनका चेहरा गंभीर हो गया। अगले ही दिन उन्होंने एक भावुक घोषणा की रैली में मारे गए लोगों के परिवारों को 20 लाख रुपये और घायलों को 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी लेकिन यह घोषणा सिर्फ एक औपचारिकता नहीं थी। विजय ने साफ शब्दों में कहा कि पैसा किसी भी परिवार के दर्द को कम नहीं कर सकता। ह्आपको जो नुकसान हुआ है, उसके लिए यह कोई बड़ी रकम नहीं है। मुझे पता है कि आपके नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती। यह एक अपूर्णीय क्षति है। हालांकि, इस घड़ी में आपके साथ खड़ा होना और आपका दुख साझा करना मेरा कर्तव्य है,ह्व उन्होंने भारी आवाज में कहा। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की और भरोसा दिलाया कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों की हर संभव मदद करेंगे। बाद में, विजय ने अपने दिल का दर्द साझा किया। उनके शब्दों में गहरी संवेदना झलक रही थी मेरे दिल में जो दर्द है, उसे बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

## करूर की भगदड़ में विजय की गलती नहीं : बीजेपी

तमिलनाडु के करुर में हुई भगदड़ पर राज्य में विपक्षी पार्टी- भाजपा ने गंभीर टिप्पणी की है। पार्टी नेता अन्नामलाई ने कहा है कि इस त्रासदी में विजय की गलती नहीं है, लेकिन उन्हें धरातल पर रहकर हालात का सामना करना चाहिए। पार्टी नेता और पूर्व प्रदेश अध्यश्र के अन्नामलाई ने अस्पताल जाकर पीड़ितों का हाल जाना। उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि करुर में भगदड़ विजय की गलती नहीं है। यह तमिलनाडु पुलिस और राज्य के खुफिया विभाग का काम है कि वे भीड़ का अनुमान लगाएं और पुलिस बल पर्याप्त रूप से तैनात करें... सवाल ये है कि पुलिस ने उन्हें 7 घंटे की अनुमति क्यों दी? तमिलनाडु भाजपा सीबीआई जांच की मांग कर रही है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने पूर्व हाईकोर्ट जस्टिस की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया है। उन्होंने न्यायाधीश का चयन भी खुद किया है। ऐसे में निष्पक्ष जांच कैसे हो सकती है। उन्होंने कहा, भाजपा की ओर से प्रत्येक मृतक के लिए 1 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की गई है। जिस स्थान पर कल समारोह हुआ, वहां 5,000 लोग भी ठीक से जमा नहीं हो सकते। पुलिस का कहना है कि 500 पुलिसकर्मी तैनात थे। हम इस पर विश्वास नहीं करते। वास्तविकता ये है कि जमीनी स्तर पर पुलिस अधिकारियों की संख्या 100 से भी कम थी। स्थानीय प्रशासन की विफलता त्रासदी का प्रमुख कारण है... विजय को तमिलनाडु में कहीं भी जाने और प्रचार करने का पूरा अधिकार है... लेकिन राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रही है।

# पकड़ा गया 17 लडकियों के साथ गलत काम करने वाले स्वामी चैतन्यानंद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने आज अहले सुबह 17 छात्राओं के साथ यौन शोषण के आरोपी स्वामी चैतन्यानंद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की टीम ने चैतन्यानंद को आगरा से गिरफ्तार किया है। छात्राओं के आरोप के बाद से ही चैतन्यानंद फरार चल रहा था। चैतन्यानंद पर लड़कियों के साथ यौन शोषण के अलावा भी कई आरोप हैं। इसके ऊपर दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेट के स्वामी चैतन्यानंद पर 17 लड़कियों ने यौन शोषण का आरोप लगाया था। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद से चैतन्यानंद फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में जमानत याचिका भी दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि आरोप गंभीर हैं, इसलिए आरोपी से पुलिस का पूछताछ करना जरूरी है। पीड़िताओं के बयान दर्ज होने के बाद दिल्ली पुलिस ने तुरंत चैतन्यानंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली थी। लेकिन एफआईआर के बाद से ही वह फरार हो गया और गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। चैतन्यानंद ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने सख्त टिप्पणी के साथ खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा था कि आरोप बेहद गंभीर हैं और इस मामले में पुलिस को आरोपी से सीधे पूछताछ करनी ही होगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तारी से बचने के लिए चैतन्यानंद लगातार ठिकाने बदल रहा था। दिल्ली पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर आखिरकार आगरा से उसे गिरफ्तार किया।

### विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर हमला करते हुए कहा

# भाजपा-आरएसएस के निशाने पर है लद्दाख के लोग और संस्कृति : राहुल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि लद्दाख के लोग, परंपरा और संस्कृति इनके निशाने पर हैं। कांग्रेस नेता ने प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों के मारे जाने को श्हत्याश करार देते हुए कहा कि सोच समझकर लद्दाख की संस्कृति, परंपरा और वहां के लोगों की श्हत्याश की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की आवाज दबाई जा रही है इसलिए ही सोनम वांग्चुक को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि लद्दाख के अद्भुत लोग, उनकी संस्कृति और परंपराएं भाजपा और आरएसएस के हमले की चपेट में हैं। लद्दाख के लोगों ने अपनी आवाज उठाई। भाजपा ने जवाब में चार युवाओं को गोली मार दी और सोनम वांगचुक को जेल में डाल दिया। हत्या बंद करो, हिंसा बंद करो, डराना-धमकाना बंद करो। उन्होंने आगे कहा, लद्दाख को आवाज दो। उन्हें छठी अनुसूची में शामिल किया जाए।

## लेह में हिस्सा के बाद आई टिप्पणी

राहुल गांधी की यह टिप्पणी पिछले दिनों लेह में हुई हिंसा के बाद आई है। जिसमें सुरक्षा बलों की गोलीबारी में चार लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे। दंगों में कथित संलिप्तता के आरोप में अब तक 50 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा प्रभावित लेह में रविवार को लगातार पांचवें दिन कर्फ्यू लागू रहा। उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता प्रतिबंधों में ढील देने पर फैसला लेने के लिए सुरक्षा समीक्षा बैठक करने वाले हैं। राज्य का दर्जा और लद्दाख में छठी अनुसूची के विस्तार के मुद्दे पर केंद्र के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान बुधवार को प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। शनिवार को लेह में चार घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष तारिक कर्रा ने रविवार को कहा कि भाजपा की झूठी उम्मीदों और केंद्र सरकार की बेरुखी ने लद्दाख में हो रहे आंदोलन को जन्म दिया है।

## गलती छुपाने के लिए कांग्रेस पर लगाया जा रहा आरोप

भाजपा केंद्र सरकार की गलतियों और वादाखिलाफी को छुपाने के लिए कांग्रेस पर आरोप लगा रही है। लद्दाख में राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन में 24 सितंबर को हिंसा भड़क गई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए। इस दौरान जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया। तारिक कर्रा ने कहा कि कांग्रेस आंदोलन के दौरान हुई आगजनी और गोलीबारी की कड़ी निंदा करती है और मृतकों के परिवारों के प्रति सहानुभूति प्रकट की। सरकार अगर सोचती है कि सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी से आंदोलन थमेगा तो वह गलतफहमी में है। उन्होंने यह भी कहा कि लद्दाख एक संवेदनशील क्षेत्र है, जो दो तरफ से पाकिस्तान और चीन जैसे दुश्मन देशों से घिरा है।

# बिहार चुनाव और उपचुनाव में तैनात होंगे 320 आईएएस अफसर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और सात अन्य राज्यों के उपचुनावों में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए 470 अधिकारियों को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में तैनात करने का फैसला किया। ये पर्यवेक्षक चुनाव की निगरानी करते हुए पूरी प्रक्रिया के दौरान आयोग को रिपोर्ट देंगे और चुनाव में सुधार के सुझाव देंगे। उनका मुख्य काम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना तथा चुनाव खर्च की भी निगरानी करना है। आयोग ने विभिन्न राज्यों में सेवाएं दे रहे कुल 470 अधिकारियों को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 320 अधिकारी, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 60 अधिकारी और भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 90 अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा, आईआरएएस, आईसीएएस जैसी सेवाओं से अधिकारी इसमें शामिल हैं। आयोग के मुताबिक, ये सभी अधिकारी बिहार में होने वाले विधानसभा आम चुनाव और जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, झारखंड, तेलंगाना, पंजाब, मिजोरम और ओडिशा में होने वाले उपचुनावों के लिए नियुक्त किए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने एक प्रेस नोट में बताया, बिहार विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों में उपचुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों (सामान्य, पुलिस और व्यय) की तैनाती होगी। आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 और प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20बी के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव की निगरानी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त करता है। पर्यवेक्षक नियुक्ति से लेकर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक आयोग की देखरेख, नियंत्रण और अनुशासन में कार्य करते हैं।

# हम किसी को नहीं मारना चाहते : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नई दिल्ली में नक्सल मुक्त भारत मोदी के नेतृत्व में लाल आतंक को समाप्त करने का दृढ़ संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि मैं फिर कह रहा हूं कि 31 मार्च 2026 तक इस देश से हथियारी नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। अमित शाह ने कहा कि मैंने बयान दिया था कि 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा, लेकिन सवाल ये है कि इस देश में नक्सलवादी समस्या क्यों पनपी, क्यों बढ़ी, क्यों विकसित हुई, इसका वैचारिक पोषण किसने किया। जब तक भारत का समाज इस सिद्धांत का, नक्सलवाद के विचार का वैचारिक पोषण, लीगल समर्थन और वित्तीय पोषण करने वाले समाज में बैठे हुए लोगों को समझ नहीं लेता है और उन लोगों को हम वापस नहीं लाते हैं तब तक नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई समाप्त नहीं होगी। हमें इस विचार के आगे बहुत कुछ करने की जरूरत होगी।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में श्नक्सल मुक्त भारतश कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने घोषणा की कि 31 मार्च 2026 तक देश से हथियारी नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। शाह ने बताया कि 2014 में 126 नक्सल प्रभावित जिले थे, जो अब घटकर केवल 18 रह गए हैं। उन्होंने नक्सलियों को हथियार छोड़ने की चेतावनी दी।

### प्रमोटरों ने निजी इस्तेमाल में खर्च किया घर खरीददारों का पैसा

# घर खरीदारों को दिया धोखा 12 वर्षों में जुटाए 1000 करोड़

**एजेंसी। गुरुग्राम**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने मेसर्स यूनिवर्सल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड, उसकी समूह संस्थाओं के पूर्व प्रमोटरों और उनके प्रमुख सहयोगियों की 153.16 करोड़ रुपये की अचलध्चल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं। कुर्क की गई संपत्तियों में राजस्थान के कोटपुतली के बहरोड़ में 29.45 एकड़ जमीन, गुरुग्राम के सेक्टर-49 स्थित यूनिवर्सल ट्रेड टॉवर में कई इकाइयां और 3.16 करोड़ रुपये की




सावधि जमा शामिल हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 17.09.2025 के अस्थायी कुर्की आदेश के तहत की गई है। गिरफ्तार पूर्व प्रमोटरों और अन्य प्रमुख व्यक्तियों को आरोपी बनाते हुए गुरुग्राम की विशेष पीएमएलए अदालत में 19.09.2025 को एक अभियोजन शिकायत भी दायर की गई है। ईडी ने दिल्ली-एनसीआर में मेसर्स यूनिवर्सल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड और उसके प्रमोटरों रमन पुरी, विक्रम पुरी और वरुण पुरी के खिलाफ आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज 30 से ज्यादा एफआईआर के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरू की थी। ये एफआईआर रियल एस्टेट परियोजनाओं को समय पर पूरा न करने और घर खरीदारों व निवेशकों को धोखा देकर वित्तीय नुकसान पहुँचाने के आरोप में दर्ज की गई थीं। मेसर्स यूनिवर्सल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के तीनों प्रमोटरों और पूर्व निदेशकों को ईडी ने ा पीएमएलए, 2002 के तहत गिरफ्तार किया था। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के अनुसार, इसके बाद कंपनी को कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में ले जाया गया, जिसके परिणामस्वरूप घर खरीदारों और अन्य वित्तीय लेनदारों (एफसी) से जुड़ी एक समाधान योजना को मंजूरी मिली। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने आदेश दिया कि कुछ संपत्तियां घर खरीदारों को सौंप दी जाएं, जिन्हें वित्तीय लेनदार माना गया था, जबकि शेष संपत्तियों का परिसमापन किया जाना था। घर खरीदारों द्वारा 15 वर्षों से अधिक समय तक प्रतीक्षा करने के बावजूद, प्रस्तावित समाधान के परिणामस्वरूप घर खरीदारों को इन परियोजनाओं में अपने निवेश को साकार करने के लिए अतिरिक्त धनराशि के रूप में अतिरिक्त लागत वहन करनी पड़ रही है।






# विकास नहीं, कीचड़ की गंगा बहा रहे डुमरांव विधायक : रवि उज्ज्वल

- जंगली शिवजी रोड और टेक्सटाइल कॉलोनी रोड का निरीक्षण कर भड़के जदयू नेता, कहा, जनता को दिखाया जा रहा झूठा रिपोर्ट काड

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। रविवार को जदयू नेता रवि उज्ज्वल कुशवाहा ने शहर के जंगली शिवजी रोड और टेक्सटाइल कॉलोनी रोड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़कों पर जगह-जगह कीचड़ और गड्ढे देखकर वे भड़क उठे। हालात का जायजा लेने के बाद उन्होंने खुद कुदाल उठाकर सड़क पर जमा कीचड़ हटाया और जलजमाव का रास्ता खोला, जिससे कुछ देर में पानी की निकासी हो सकी। रवि उज्ज्वल ने मौके से ही डुमरांव के विधायक अजीत कुशवाहा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधायक को हाई पावर का चश्मा लगाना चाहिए, ताकि उन्हें अपने क्षेत्र की सच्चाई दिखाई दे सके। उज्ज्वल ने आरोप लगाया कि सरकार की योजनाओं का लाभ दिखाकर जनता को गुमराह किया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बेहद दयनीय हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का हवाला देकर रिपोर्ट कार्ड पेश किया जा रहा है, लेकिन अगर डुमरांव शहर की यह हालत है तो गांवों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। जनता को केवल झूठा रिपोर्ट कार्ड दिखाया जा रहा है। रवि ने कहा कि विधायक की बातें खोखली साबित हो रही हैं। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष वीरेन्द्र कुशवाहा, दीपक साव, मिथिलेश कुशवाहा और गौतम मौर्य भी मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने भी सड़क की दुर्दशा को लेकर अपनी नाराजगी जताई और कहा कि वर्षों से यह इलाका जलजमाव और गड्ढों की समस्या से जूझ रहा है, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं हो पाया है।

रवि उज्ज्वल ने स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जनता सड़क पर उतरकर जवाब देगी। उन्होंने कहा कि जनता विकास चाहती है, कीचड़ और गड्ढे नहीं। उन्होंने कहा कि सिर्फ चुनावी वादों से काम नहीं चलेगा, वास्तविक विकास कार्य दिखना चाहिए। भाजपा नेता के इस बयान के बाद डुमरांव की राजनीति में गरमी बढ़ गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जहां सभी दल जनता को अपने पक्ष में करने की कोशिश में जुटे हैं, वहीं सड़कों की बदहाली ने विपक्ष को सरकार और विधायक पर हमला बोलने का मौका दे दिया है। रवि उज्ज्वल ने कहा कि वे डुमरांव की जनता के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। उनका मकसद सिर्फ चुनाव लड़ने तक ही नहीं है, बल्कि चुनाव बाद भी वे यहां की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

## बक्सर में मतदाता जागरूकता अभियान तेज, रूद्रा गुरुकुल ने जगाई अलख

**बक्सर ।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बक्सर जिला प्रशासन मतदाता जागरूकता अभियान को और तेज कर रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वीप कोषांग द्वारा लगातार विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को ब्रह्मपुर बाजार एवं मंदिर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें रूद्रा गुरुकुल के युवाओं और स्वीप आइकन अभिराम सुंदर ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में युवाओं ने नुक्कड़ नाटक, जागरूकता मार्च और मतदाता शपथ दिलाकर आमजन को मतदान के महत्व से अवगत कराया। ह्लयुवा मतदाता, भाग्य विधाता और मेरा वोट-मेरा अधिकार जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। इस दौरान महिलाओं, युवाओं और प्रथम बार वोट डालने वालों को विशेष रूप से स्वतंत्र, निष्पक्ष और शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप कोषांग के नोडल अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में हर मतदाता की अहम भूमिका है, इसलिए मतदान अवश्य करना चाहिए। वहीं, स्वीप आइकन अभिराम सुंदर ने कहा कि लोकतंत्र में अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी अपने वोट की ताकत से सत्ता की दिशा तय कर सकता है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन का स्वीप कोषांग चारों विधानसभा क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। नुक्कड़ नाटक, रैली, खेलकूद, हस्ताक्षर अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं को आगामी चुनाव में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है।




## चुनाव की तैयारी तेज, डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : डीएम




- मतदान केन्द्रों का होगा भौतिक सत्यापन, रूट चार्ट से लेकर संवेदनशील जगहों की पहचान तक का मिला जिम्मा

**केटी न्यूज/बक्सर**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बक्सर जिला प्रशासन पूरी तरह से कमर कस चुका है। शनिवार को नगर भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. विद्यानंद सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस सेक्टर पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस दौरान मतदान केन्द्रों की तैयारियों से लेकर कानून-व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डीएम ने साफ कहा कि चुनाव कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर सेक्टर पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी समय पर पूरी करें और इसकी रिपोर्ट संबंधित पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं। बैठक का पहला अहम एजेंडा मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन रहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही मतदान केन्द्रों तक पहुंचने के वैकल्पिक मार्ग भी चिन्हित करने के आदेश दिए गए।

**रूट चार्ट तैयार करने का आदेश**

मतदान दिवस पर विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर डीएम ने कहा कि प्रत्येक सेक्टर पदाधिकारी मतदान केन्द्रों का रूट चार्ट अवश्य तैयार करें। इसके जरिए सुरक्षा बलों की आवाजाही और गश्ती को सुगम बनाया जा सकेगा। डीएम ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट किया कि मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, पर्याप्त रोशनी और बैठने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए रैम्प की व्यवस्था कराने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र का पर्व है, इसलिए मतदाताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### संवेदनशील एवं सुभेद्द जगहों की पहचान

बैठक में विशेष रूप से साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील इलाकों पर चर्चा हुई। डीएम ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी के अंतर्गत आने वाले ऐसे स्थानों की पहचान करें, जहां सामाजिक या साम्प्रदायिक तनाव की संभावना रहती हो। ऐसे स्थलों की सूची बनाकर शीघ्र ही निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, डुमरांव को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। चुनाव कार्य में त्वरित सूचना आदान-प्रदान सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत संप्रेषण योजना तैयार की जा रही है। इसके तहत प्रत्येक मतदान केन्द्र से कम से कम पांच स्थानीय व्यक्तियों का नाम, पता और मोबाइल नम्बर इकट्ठा किया जाएगा। इनसे समय-समय पर प्रशासन आवश्यक जानकारी प्राप्त करेगा। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जीविका दीदियों का डाटाबेस भी तैयार करने का आदेश दिया गया है। यह सूची निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बक्सर को सौंपी जाएगी।

### डीएम का सख्त संदेश

बैठक के अंत में डीएम ने सभी अधिकारियों को दो टूक कहा कि चुनाव आयोग की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता और निष्पक्षता से चुनाव सम्पन्न कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस दिशा में कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिला प्रशासन ने चुनाव की तैयारियों को लेकर जो रणनीति बनाई है, उसमें सुरक्षा, पारदर्शिता और मतदाताओं की सुविधा तीनों को समान महत्व दिया गया है। अब देखना यह होगा कि सेक्टर पदाधिकारी इन निदेर्शों को कितनी गंभीरता से अमल में लाते हैं।

## नया थाना के पास मा दुर्गा चलता-फिरता नजर आते हुए, राक्षस का बंध करेंगी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर की दुर्गा पूजा अनुमंडल क्षेत्र में काफी मशहूर है। देवी दर्शन के लिये सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से लोगों आना सुबह से ही शुरू हो जाता है, जो मध्य रात्रि तक चलता है। हर वर्ष श्रद्धालुओं को मां दुर्गा के कई रूपों में दिखाया जाता है। इसबार भी अलग-अलग पंडाल में माता विराजमान नजर आएंगी। इसी कड़ी में नया थाना के पास बीर बालक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा इस वर्ष मूर्ति को लाइट एण्ड साउंड पर अधारित किया गया है, जो शहर का आकर्षण का केन्द्र रहेगा। कमिटी के सदस्यों का कहना है कि स्प्रींग पर अधारित सभी मूर्ति को चलता-फिरता दिखाया गया है। राक्षस को बध करने के लिये मां दुर्गा गुफा से निकलते हुए आएंगी, फिर उसका बध करेंगी। इस दृश्य को इतना आकर्षण बनाया गया है कि लोगों के दिमाग में सालोंभर घुमता रहेगा। पंडाल तो आकर्षण का केन्द्र बना ही रहेगा, चलती-फिरती मूर्तियां श्रद्धालुओं को दिखेंगी। यह सब लाईट पर अधारित होगा, बत्ती बुझेगी तो राक्षए का दहाड़ सुनाई देखा, फिर माता जैसे ही पंडाल में आएंगी लाइट में उनके हाथों में शस्त्र दिखाई देगा, जो राक्षस के गर्दन को दो टुकड़ो में काट देगा। इस मूर्ति और पंडाल के निर्माणकर्ता सभी बिहार के आरा के निवासी हैं। हर साल कमिटी के द्वारा इन्हीं को बुलाया जाता है, जो हर वर्ष अद्भुत दृश्य को प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लेते हैं। समिति के कार्यकर्ता मिल सारी तैयारी को पूर्ण कर लिये हैं, देवी का पट सोमवार को खुलते ही सभी कुछ नजर आने लगेगा।

## आज देर शाम भोजपुर कोठी पहुंचेगा दिवंगत महाराजा चंद्रविजय सिंह का शव

- महाराज के निधन से मर्माहत हो उठा है पूरा अनुमंडल, लोगों ने जताया शोक

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव राज घराने के महाराज चंद्रविजय सिंह का पार्थिव रविवार की देर शाम उनके पैतृक आवास भोजपुर कोठी लाया जाएगा। वहीं, इस घटना की खबर के साथ ही शहर सहित पूरे अनुमंडल क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बड़ी संख्या में लोगों ने शोक संवदनाएं व्यक्त की है तथा महाराजा चंद्रविजय सिंह के निधन को डुमरांव के लिए अपूरणीय क्षति माना है। बता दें कि शनिवार की शाम दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली थी। जैसे ही यह खबर शहर में फैली हजारों की संख्या में लोग भोजपुर कोठी पहुंच अपनी संवेदना जताए थे।

यह सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। रविवार को भी भोजपुर कोठी में पूरे दिन शोक जताने वालों का तांता लगा रहा है। इस दौरान लोग उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा कर रहे थे। लोगों का कहना था कि वे काफी सरज व सहज अंदाज वाले थे तथा लोगों से काफी आत्मीय भाव से मिलते थे। उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी कि वे आजीवन अपनी मिट्टी से जुड़े रहे तथा हर मंच पर भोजपुरी में ही बोलते थे। शोक जताने वालों में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद भगत, चर्चित किसान नेता राणा रंजीत सिंह, देवीदयाल सिंह, ठोरी पांडेयपुर निवासी इंद्रदेव पांडेय, सीताराम सिंह, दयाशंकर तिवारी, लक्ष्मण दूबे, इंद्रजीत बहादूर सिंह, वंशी सिंह, रामनारायण शर्मा, मठिला मुखिया देवेन्द्र सिंह, मुखिया राजू सिंह, भाजपा नेता राजीव कुमार भगत, ओम ज्योति भगत, वंदना भगत, भाजपा के जिला प्रवक्ता शक्ति राय, दीपक यादव, संटू मित्रा, रोहित सिंह, मुखिया सिंह कुशवाहा, बलिराम पांडेय, उपेन्द्र चौबे, भाजपा नेत्री पुष्पांजली देवी, रेडक्रॉस के शत्रुघ्न प्रसाद समेत सैकड़ो अन्य शामिल है।




# बिहार चुनाव में शंकराचार्य का शंखनाद



- हर सीट से खड़े होंगे गौ भक्त प्रत्याशी, सनातनी राजनीति को नई दिशा देने का संकल्प

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अब धार्मिक-सांस्कृतिक रंग भी गहराने लगा है। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने रविवार को ब्रह्मपुर में ऐलान किया कि राज्य की सभी 243 विधानसभा सीटों पर गौ भक्त निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में उतरेंगे। इसके साथ ही उन्होंने ह्लगौ मतदाता संकल्प यात्राह्न निकालकर सनातनी राजनीति का शंखनाद किया।

सभा को संबोधित करते हुए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि ह्लसनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब हम गौ माता का संरक्षण करेंगे। गौ माता का सम्मान केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति की आधारशिला है। उन्होंने अपील की कि जनता केवल उन्हीं उम्मीदवारों को वोट दे, जो गौ रक्षा को लेकर स्पष्ट और दृढ़ संकल्पित हों।

### राजनीतिक दलों पर साधा निशाना

शंकराचार्य जी ने बताया कि वह राष्ट्रीय दलों से मिलकर बार-बार आग्रह कर चुके हैं कि गौ माता को ह्लराष्ट्र माताह्न घोषित करने का प्रस्ताव संसद में लाया जाए। इसके लिए उन्होंने दिल्ली स्थित दलों के दफ्तरों का भी दरवाजा खटखटाया, लेकिन किसी भी दल ने अपना स्पष्ट पक्ष सामने नहीं रखा। उन्होंने कहा कि जब कोई भी राजनीतिक दल इस विषय पर गंभीर नहीं दिखा, तब हमें मजबूरी में बिहार विधानसभा चुनाव में गौ भक्त प्रत्याशी उतारने का निर्णय लेना पड़ा।

### सभी सीटों से उम्मीदवार

उन्होंने घोषणा की कि सभी विधानसभा क्षेत्रों से गौ भक्त उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद औपचारिक रूप से प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह स्वयं पूरे बिहार में घूमकर गौ भक्तों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

### कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

ब्रह्मपुर में आयोजित इस सभा का माहौल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंग में डूबा रहा। भक्तों ने शंकराचार्य जी के संदेश को श्रद्धा और उत्साह से आत्मसात किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने जानकारी दी कि यह मुहिम केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि गौ रक्षा को राष्ट्रव्यापी आंदोलन का रूप देने का संकल्प है। इस प्रकार, शंकराचार्य का यह ऐलान बिहार की चुनावी राजनीति में नया मोड़ ला सकता है, जहां परंपरा, आस्था और संस्कृति अब सीधे चुनावी मुद्दे में तब्दील होते नजर आ रहे हैं।



# दुर्गा पूजा के बाद आईटी एवं कार्यपालक सहायकों की दो दिवसीय हड़ताल, 6 अक्टूबर से भूख हड़ताल पर जाएंगे

- नियमित वेतनमान और सेवा स्थायीकरण की मांग पर अड़े कर्मचारी, सरकार से नाराजगी चरम पर



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के सभी आईटी सहायकों एवं कार्यपालक सहायकों ने शनिवार को न्यू समाहरणालय सभागार में बैठक कर आगामी आंदोलन की रणनीति तय की। बैठक में यह फैसला लिया गया कि यदि उनकी मांगों पर सरकार और अधिकारीगण ने अब भी ठोस कदम नहीं उठाया, तो वे दुर्गा पूजा के बाद व्यापक हड़ताल और भूख हड़ताल करेंगे।

बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक सहायक सेवा संघ के जिला अध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने की, जबकि संचालन बिहार राज्य आईटी कमी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार ने किया। बैठक में शामिल वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से सेवा नियमितीकरण, समान कार्य के बदले समान वेतन और स्थायी वेतनमान जैसी मांगों को लेकर लगातार सरकार और जिला प्रशासन से गुहार लगाई जा रही है, लेकिन आज तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। निर्मल कुमार ने कहा कि हमारी समस्याओं को केवल टालने का काम हो रहा है। जब हमारी बातें सुनने और समाधान करने की जगह केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है, तो मजबूरन हमें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। वहीं जिला अध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने साफ किया कि दुर्गा पूजा की छुट्टी समाप्त होते ही 3 और 4 अक्टूबर को जिले के सभी विभागों में कार्यरत आईटी सहायक एवं कार्यपालक सहायक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इसके बाद यदि मांगें पूरी नहीं होती हैं तो 6 अक्टूबर से सभी कर्मी भूख हड़ताल पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि अब धैर्य की सीमा समाप्त हो चुकी है और सरकार को कर्मचारियों की आवाज सुननी ही होगी। बैठक में रोहित कुमार, अवधेश कुमार, सुघेन्दु प्रसाद, चंद्र विजय कुमार, महेंद्र प्रसाद, राजेश कुमार, विपिन कुमार, कमलेश कुमार, बबलू प्रसाद पासवान, रोहन कुमार, सुनील कुमार, धनलाल पासवान, पंकज तिवारी, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, धनजी प्रसाद, राकेश कुमार, सोनू कुमार, संतोष कुमार, महेंद्र यादव, रवि जी समेत सैकड़ों कार्यपालक सहायक और आईटी सहायक मौजूद रहे। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जब तक सरकार ठोस कदम नहीं उठाती, तब तक आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो आगामी समय में वे और भी कड़े आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होंगे।

## निगरानी जांच में 27 फर्जी शिक्षक हुए थे उजागर, विक्रमादित्य प्रकरण ने खोली नई परतें

# फर्जी शिक्षकों पर पटना हाईकोर्ट की सख्ती के बावजूद ठप कार्रवाई




**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर का जिला शिक्षा कार्यालय एक बार फिर फर्जी शिक्षकों और भ्रष्टाचार के जाल में फंसता दिखाई दे रहा है। सहायक शिक्षक विक्रमादित्य राय के बकाया वेतन विवाद के बाद कई पुराने मामलों की धूल झाड़नी शुरू हुई है। इसी कड़ी में पटना उच्च न्यायालय में दायर सीडब्ल्यूजेसंख्या 14879/2009 (प्रीति वर्मा बनाम राज्य) एवं सीडब्ल्यूजेसंख्या 13327/2009 (विनोद कुमार ओझा बनाम राज्य) मामलों में पारित आदेश का संदर्भ अब चर्चा के केंद्र में है। पटना हाईकोर्ट ने इन दोनों मामलों की सुनवाई के दौरान स्पष्ट निर्देश दिया था कि बक्सर जिले में फर्जी शिक्षकों की नियुक्ति की गहन जांच निगरानी एवं अनुसंधान ब्यूरो द्वारा कराई जाए। आदेश के आलोक में की गई जांच में वर्ष 2004 तक कुल 27 नियुक्तियां फर्जी पाई गई थीं। जांच रिपोर्ट में तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका पर भी उंगली उठाई गई थी।

जांच में नाम आने वालों में विनोद कुमार ओझा, सेवा वाराणसी शिक्षक साहित्य सहित कई विभागीय अधिकारी शामिल थे। रिपोर्ट में विभाग के प्रधान सचिव को इनके विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी।

### कार्रवाई ठप होने से बढ़ा फर्जी शिक्षकों का मनोबल

निगरानी जांच के बाद अपेक्षित कार्रवाई न होने का सीधा नतीजा यह हुआ कि फर्जी शिक्षकों का नेटवर्क और मजबूत हो गया। शिक्षा विभाग में संरक्षण पाकर इनकी संख्या इससे अधिक बताई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि कई फर्जी नियुक्त व्यक्तियों के रिश्तेदार आज भी शिक्षा विभाग में संविदा अथवा स्थायी पदों पर कार्यरत हैं। यही वजह है कि केस का रुख मोड़ने और फाइलें दबाने का खेल वर्षों से जारी है। राजकीय बुनियादी विद्यालय सरेंजा के सहायक शिक्षक विक्रमादित्य राय उर्फ विक्रमा राय के बकाया वेतन विवाद ने इस दबे हुए मामले को फिर सतह पर ला दिया। कंप्यूटर ऑपरेटर आदित्य रंजन उर्फ सोनू, जिस पर पहले से फर्जी शिक्षक बनने का आरोप था, का नाम इसी क्रम में फिर से सुर्खियों में आया। हैरानी की बात यह है कि वर्ष 2013 में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद वह डीईओ कार्यालय में संविदा पर डाटा ऑपरेटर के रूप में कार्यरत है।

### ईमेल-पासवर्ड तक फर्जी नेटवर्क के पास

विभागीय सूत्र बताते हैं कि शिक्षा विभाग का ईमेल और पासवर्ड तक इन लोगों के पास है, जबकि नियमित कर्मचारियों को इससे दूर रखा गया है। इस कारण विभाग से जुड़ी हर गोपनीय जानकारी पहले ही फर्जी शिक्षकों तथा तथाकथित माफियाओं के नेटवर्क तक पहुंच जाती है। अधिकारी स्तर पर लिए गए निर्णय और आदेश भी इनके रिश्तेदारों तक लीक कर दिए जाते हैं।

### पूरे शहाबाद में सक्रिय है फजीर्वाड़े का गिरोह

केटी न्यूज को मिली जानकारी के अनुसार, बक्सर के शिक्षा विभाग में कार्यरत एक अन्य कंप्यूटर ऑपरेटर की बहन शीला कुमारी का मामला विभाग के लिए नासूर बन चुका है। शीला का मामला भोजपुर जिले का है। इस प्रकरण में सचिवालय स्तर पर भी कुछ कर्मियों पर कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन स्थानीय स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। विभागीय सूत्रों का कहना है कि विक्रमादित्य मामले की परत-दर-परत जांच हुई तो शिक्षा विभाग में वर्षों से जारी फजीर्वाड़े और भ्रष्टाचार की परतें खुल सकती हैं। यह मामला महज एक-दो व्यक्तियों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठित गिरोह की तरह पूरे शिक्षा कार्यालय को अपनी गिरफ्त में लिए हुए है। जानकारों का कहना है कि यह गिरोह न सिर्फ बक्सर में बल्कि पूरे शाहाबाद में सक्रिय है। अब बड़ा सवाल यह है कि हाईकोर्ट की सख्ती और निगरानी जांच की रिपोर्ट के बावजूद वर्षों से ठप पड़ी कार्रवाई को क्या नया मोड़ मिलेगा, या फिर यह मामला भी विभागीय सांटगांठ की भेंट चढ़कर दफन हो जाएगा। फिलहाल विक्रमादित्य व आदित्य रंजन प्रकरण ने उम्मीद की एक नई किरण जगाई है, लेकिन उस उम्मीद का भविष्य अभी धुंधला है।

**इन सभी मामले की जांच पूरी गंभीरता से कराई जाएगी। शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। फर्जी लोगों को संरक्षण देने वालों की भी जांच होगी और उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।**

**– संदीप रंजन, डीईओ, बक्सर**

## एक नजर

### पुराना थाना व लाला टोली रोड मोड़ को जलजमाव से किया गया मुक्त, दशहरा पर्व घुमने में बना था बाधक



**डुमरांव।** दशहरा पर्व में माता दुर्गा के दर्शन करने वालों को कोई परेशानी नहीं हो, उसको लेकर नगर परिषद अपनी तैयारी पूरी कर लिया है। नगर के मुख्य रोड से लेकर संपर्क सड़कों पर होने वाले जलजमाव को पहले उसने दूर किया, फिर सड़कों की मरम्मतीकरण और कुछ नई सड़कों को भी बनाया है। नगर के बीचोबीच से गुजर रही एनएच-120 की सड़क पर आधा दर्जन स्थानों पर नाली जाम होने और नहीं रहने के कारण सड़क पर जलजमाव हो गया है। जलजमाव से वाहन क्या लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया था। नगर परिषद ने सबसे पहले राज हाईस्कूल खेल मैदान गेट के पास नाला जाम होने के कारण मुख्य सड़क स्टेशन रोड में महीनों से जलजमाव चला आ रहा था। जलजमाव को दूर करने के लिये नगर परिषद ने सबसे पहले जेसीबी लगाकर उसे ठीक किया। जाम नाला की सफाई कराते हुए रोड पर पानी के बहाव को रोका। फिर पुराना थाना रोड और मां भगवती मंदिर मोड़ के पास इतना जलजमाव हो गया था कि लोगों उसी से होकर गुजरना पड़ रहा था। इधर दशहरा पर्व को लेकर सुबह-शाम माता रानी की पूजा होती है, जिसमे सैकड़ा श्रद्धालु जुटते हैं। मोड़ पर पानी लगने के कारण उन्हें उसी से होकर गुजरना मजबूरी हो गई थी। फिर मंदिर के पास जाकर हाथ-पैर धोकर मंदिर में प्रवेश करना पड़ता था, फिर अंदर-अंदर उन्हें घुटन महशुस होती थी। नगर परिषद ने वहां भी जेसीबी भेज जाम नाली से कचरा को साफ कराया, फिर पानी के बहाव को सेंट्रल नाला से जोड़ा, जिससे जलजमाव समाप्त हो गया। दोनों स्थानों पर जलजमाव की समस्या दूर होने के बाद लोगों ने राहत की सांस लिया है। इधर नप ईओ राहुलधर दूबे का कहना है कि अभी सारे काम अस्थायी रूप से किये गए हैं, दशहरा बाद सभी स्थायी रूप में कार्य करा सभी का स्थायी निदान कर दिया जाएगा।

### डुमरांव में शराब की खेप के साथ सगे भाई गिरफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने गुप्त सूचना पर नगर के छठिया पोखरा के समीप से शराब की खेप के साथ सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके अड्डे से विभिन्न ब्रांड के करीब 13 लीटर विदेशी शराब भी बरामद किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान शुभम कुमार व मनीष कुमार उर्फ गोलू पिता रंजन प्रसाद के रूप में हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि पूर्व में भी इनके पिता शराब तस्करी मामले में जेल जा चुके है। उन्होंने कहा कि शराब तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। वहीं, पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। इसके अलावे पुलिस ने नगर के महरौरा पथ से शराब के नशे में दो शराबियों को पकड़ न्यायिक हिरासत में भेजा है। थानाध्यक्ष ने इसकी पुष्टि की है।

## भूमि विवाद ने लिया हिंसक रूप, दिया परमेश्वर गांव में लाठी-डंडे चले, कई लोग हुए घायल

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

बक्सर जिले के कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के दिया परमेश्वर गांव में शनिवार को भूमि विवाद ने उग्र रूप ले लिया। मामूली तकरार से शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया और दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर टूट पड़े। इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तत्काल डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, 27 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पहले पक्ष के



जख्मी महेंद्र गिरी ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया कि पूर्व से चल रहे विवाद को लेकर कहासुनी हुई और बात बिगड़ते ही दूसरे पक्ष के श्रीभगवान गिरी, शंभूनारायण गिरी, उदयनारायण गिरी सहित 17 लोग मारपीट में शामिल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष के घायल श्रीभगवान गिरी ने अपने बयान में कहा कि वे अपने मकान की छज्जा निकाल रहे थे। तभी विरोध करते हुए महेंद्र गिरी, रवींद्र गिरी, मिथलेश गिरी सहित 10 लोगों ने हमला कर दिया। दोनों पक्षों की ओर से हुए इस संघर्ष में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। फिलहाल सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस विवाद की जड़ पुरानी जमीन की अदावत है, जो अक्सर तनाव का कारण बनती रहती है। पुलिस ने गांव में अतिरिक्त बल तैनात कर स्थिति पर नजर रखी हुई है ताकि दोबारा कोई अप्रिय घटना न हो सके।

## अरियांव गांव से 22 लीटर महुआ शराब बरामद

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियांव गांव में पुलिस ने छापेमारी कर 22 लीटर महुआ शराब बरामद की है। इस दौरान शराब तस्कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस की माने तो शनिवार की शाम गुप्त सूचना मिली थी कि अरियांव गांव स्थित अनुसूचित बस्ती में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सोनू मुसहर के घर से 22 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। हालांकि, पुलिस को देखते ही सोनू मुसहर फरार हो गया।

कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि फरार आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस लगातार इलाके में छापेमारी कर रही है ताकि अवैध शराब कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।




# नवरात्र के छठे दिन हुई मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शारदीय नवरात्र के छठे दिन रविवार को शहर के विभिन्न मंदिरों और पूजा पंडालों में नवरात्र की षष्ठी पर विधि विधान से मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की गयी। सोमवार को मां का पट खुलेगा। पट खुलने के साथ माता रानी के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगेगी। मां कात्यायनी के पूजन के दौरान लोगों ने भक्तिभाव से पूजन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामनाएं की। दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ माता दुर्गा व अन्य देवी देवताओं के गीत हर जगह गूंज रहे हैं। इससे उल्लास का वातावरण बन गया है। शिक्षण संस्थानों में छुट्टी हो चुकी है। परदेस में रहने वाले



लोग अपने घर लौट रहे हैं। लोग अपने परिवार के साथ दुर्गा पूजा उत्साहपूर्वक मनाने की तैयारी में जुट गये हैं। क्षेत्र में चहुंओर भक्ति का माहौल बना हुआ है। वहीं दुर्गा पूजा की तिथि जैसे जैसे ही नजदीक आते जा रहा है तैयारी भी अब अंतिम चरण में पहुंचने लगी है। मां दुर्गा सहित अन्य देवी देवता की प्रतिमा की सजावट का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। प्रतिमा निर्माण कर रहे मूर्तिकारों ने बताया कि मां की प्रतिमा निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रतिमा की सजावट कर उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### दीप जलाने के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़

नवरात्र के षष्ठी पूजन के दिन मां के दरबार में दीप जलाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम ढलते ही शहर के रेलवे स्टेशन दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, भगवती मंदिर, डुमरेजनी मंदिर सहित विभिन्न दुर्गा मंदिरों में काफी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा हो रहे हैं। खासकर महिला भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। मंदिरों में लगातार मां के भजनों का प्रसारण किया जा रहा था। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में दीप जलाये व आरती कर अपने सुखद भविष्य की कामना की।

### पंडालों की सजावट लोगों को कर रहा आकर्षित

शहर के विभिन्न पूजा-पंडालों सहित सड़को पर रंग-बिरंगे बल्ब से विद्युत सज्जा का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। पूजा पंडालों की सजावट लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है। शाम ढलते ही दुर्गा मंदिर व पूजा पंडाल के आसपास का इलाका रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठता है। शाम ढलने के बाद पूजा पंडालों में मेले का नजारा दिखने लगा है।



# शहीद कवि कैलाशपति सिंह की कुर्बानी से सीख लेने की जरूरत डीआईजी सत्य प्रकाश

**आजीवन शहीद की भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाते रहूंगा संरक्षक बी डी सिंह**

**केटी न्यूज/आरा**

अमर शहीद कवि कैलाशपति सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा व पुष्पांजलि का कार्यक्रम अमर शहीद कवि कैलाश स्मृति संस्थान भोजपुर के तत्वावधान में आयोजित हुआ। यह आयोजन कवि कैलाश के शहादत स्थल भोजपुर समाहरणालय परिसर में स्थापित प्रतिमा स्थल पर हुआ। आज ही के दिन 28 सितंबर 1942 में तिरंगा झंडा फहराने के क्रम में इन्हें पकड़ा गया और अंग्रेजों के बलूची सिपाहियों द्वारा उनकी क्रूर यातना देते हुए मौत के घाट उतारा गया था।सर्वप्रथम माल्यार्पण और पुष्पांजलि का आयोजन अध्यक्ष भाई परमेश्वर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उद्घाटन कर्ता के रूप में शाहाबाद के डीआईजी श्री सत्य प्रकाश, मुख्य अतिथि एसपी मिस्टर राज,विशिष्ट अतिथि श्रीमती गुंजन सिंह उप विकास आयुक्त ,एडीएम श्री शशि शेखर सिंह, श्री बीडी सिंह पद्मश्री डॉ भीम सिंह भावेश, सुनील सिंह गोपाल, धीरेंद्र सिंह की विशेष रूप से उपस्थित रही। इस मौके पर सैकडो लोग कवि कैलाश उद्यान परिषद में उपस्थित रहे और कवि कैलाश अमर रहे,भारत माता की जय ,वंदे मातरम का जय घोष होते रहा। इसके बाद सभी लोग सभागार स्थल पर पहुंचे जहां कवि कैलाश के जीवन वृत्त ,उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपने विचार रखें। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डीआईजी सहित अन्य उपस्थित गणमान्य लोगों द्वारा किया गया। संरक्षक श्री बी सिंह द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों को पौधा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष भाई बरमेश्वर ने कवि कैलाश के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी वीरता और शौर्य गाथा को विस्तार से रखा। इन्होंने नियमन दिया कि यह शहीद का मंच है इस मंच से कोई राजनीतिक बात नहीं होनी चाहिए। उद्घाटन कर्ता डिआईजी सत्य प्रकाश ने कहा कि आज लगभग 78 वर्षों से हम सभी स्वतंत्र भारत में जी रहे हैं , खुली हवा में सांस ले रहे हैं,यह इन्हीं शहीदों की कुर्बानियों के बदौलत ही हमें प्राप्त हुआ है। आजादी की सुरक्षा और कवि जी की कुबार्नी सदा याद रखनी होगी जो इनसे सीख लेने की जरूरत है। एसपी मिस्टर राज ने कहा की अपनी जीवन की कुबार्नी देने वाले ऐसे वीर शहीदों के लिए कोटि कोटि नमन करता हूं। इनकी शहादत को परिवार और बच्चों के साथ अन्य लोगों को भी बताने की जरूरत है। शहीद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि हमें जो कार्य मिला है उसे ईमानदारी के साथ पूरा करें। छोटी-छोटी घटनाओं से दूर रहे और अपनी स्तर से सुलझाने का प्रयास करें ताकि अधिक से अधिक समय और समाज की विषमता को समाप्त किया जा सके। उप विकास आयुक्त श्रीमती गुंजन सिंह ने कहा कि भोजपुर वीरों और क्रांतिकारियों की भूमि रही है ।शहीद कवि कैलाश सिंह का व्यक्तित्व और कृतित्व निश्चित रूप से इस मिट्टी को गौरवान्वित करने वाला है। अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की जरूरत है। श्री बी डी सिंह ने कहा कि मैं जब तक जिंदा हूं अमर शहीद कवि कैलाश के भावनाओं को ,उनके राष्ट्र प्रेम को ,उनके अधूरे सपनों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। 28 सितंबर को प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित होते रहेगा। अन्य वक्ताओं में पद्मश्री भीम सिंह भावेश डॉक्टर आदित्य विजय जैन धीरेंद्र प्रसाद सिंह प्रेम सिंह गोल्डेन मैन दुर्गा सिंह परमार भाई अरुणेश जी विनोद सिंह मुखिया, डॉ कुमार जितेंद्र हरे राम, शैलेंद्र कुमार ,रामधनी सिंह भारती, सुनील सिंह गोपाल लक्ष्मण तिवारी बिहारी सिंह नंदकिशोर सिंह यादव कर्नल राणा प्रताप सिंह, बिहारी सिंह, राम सकल सिंह भोजपुरिया, विजय सिंह मुखिया, ललन सिंह,अखिलेश बाबा, निर्मल सिंह सिकरवार ,पवन सिंह,अलग सिंह,आदि रहे। इस मौके पर वीर रस के कई गीत भी प्रस्तुत किए गए। मंच का संचालन महासचिव डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिन्हा तथा धन्यवाद ज्ञापन महासचिव मृत्युंजय भारद्वाज ने किया।

# सेवा पखवाड़ा के अवसर पर विद्युत आपूर्ति अंचल-भोजपुर में विशेष शिविरों का सफल आयोजन

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर। विद्युत आपूर्ति अंचल-भोजपुर के अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल आरा, जगदीशपुर और बक्सर के सभी कार्यालयों में दिनांक 25 से 27 सितम्बर तक सरकार द्वारा घोषित सेवा पखवाड़ा के तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। ये शिविर प्रखंड स्तर, अवर प्रमंडल स्तर और प्रमंडल स्तर पर आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लिया। शिविरों का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का निवारण, सरकार की योजनाओं के लाभ से अवगत कराना और अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं की विपत्र सुधार संबंधी शिकायतों का समाधान किया गया। साथ ही, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना और बीपीएल परिवारों के लिए निःशुल्क सोलर प्लेट स्थापना संबंधी जानकारी प्रदान की गई। उपभोक्ताओं को 125 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना के तहत लाभान्वित होने का मार्गदर्शन किया गया और शून्य बिल वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित भी किया गया। आरा प्रमंडलः कुल चालू घरेलू उपभोक्ता झ 1.81 लाख, शून्य विपत्र झ 45,000, 125 यूनिट निःशुल्क बिजली का लाभ झ 1.59 लाख उपभोक्ता। जगदीशपुर प्रमंडलः कुल चालू घरेलू उपभोक्ता झ 2.41 लाख, शून्य विपत्र झ 58,500, 125 यूनिट निःशुल्क बिजली का लाभ झ 2.04 लाख उपभोक्ता। बक्सर प्रमंडलः कुल चालू घरेलू उपभोक्ता झ 2.52 लाख, शून्य विपत्र झ 42,000, 125 यूनिट निःशुल्क बिजली का लाभ झ 2.14 लाख उपभोक्ता। उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम झ भोजपुर के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के शिविर उपभोक्ताओं की सुविधा और जागरूकता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। विद्युत अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश कुमार ने बताया कि प्रमंडल में लगभग 300 उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत सोलर पैनल स्थापित किए हैं, जिनमें 78,000/- रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की गई। इस योजना के माध्यम से उपभोक्ता अब बिजली उत्पादक बनकर अक्षय ऊर्जा के उपयोग और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल-आरा के कार्यपालक अभियंता श्री अमरेन्द्र कुमार, वरीय प्रबंधक (राजस्व) श्री नंदन सिंह, अन्य सहायक अभियंता, विद्युतकर्मी और उपभोक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इन शिविरों के माध्यम से उपभोक्ताओं में जागरूकता, विश्वास और सरकार की योजनाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बढ़ा। कार्यक्रम ने यह संदेश भी दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और सहज तरीके से आम नागरिक तक पहुंच रहा है।

## नगर के गोडारी में नवरात्र के छठवें दिन निकली जलयात्रा, नगर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**काराकाट ।** काराकाट नवरात्र के छठवें दिन रविवार के शाम दुगार्पूजा को लेकर नगर मुख्यालय गोडारी मां दुर्गा पंडाल में शोभायात्रा और जलयात्रा निकाल जलभरी की गई। जिसमें हाथी, घोड़े व बैंडबाजे के साथ हाथों में कलश लिए भारी संख्या में महिला-पुरुष श्राद्धालु शामिल हुए। यह जलयात्रा गोडारी पूजा पंडाल से निकली शोभा यात्रा गोडारी राजमार्ग होते हुए दो किलोमीटर की दूरी तय कर सकला रजवाहा गोडारी पुल तक पहुंची, जहां वेद मंत्रों के बीच कलश में जल धारण किया गया। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की जयकारों से पुरा इलाका गूंज रहा था। हांथो में कलश लिए मुख्य यजमान रंजन चौरसिया, पप्पू तिवारी, हरिनारायण सोनी, रंजन सोनी, अशोक तिवारी, राजा सोनी, पूजा कुमारी, निशांत, भोला सोनी, मीरा देवी, बेबी देवी एवं अन्य शामिल रहे। इस जलयात्रा में गोडारी करूप, नाद, तेनुआ, गोडारी बाल, के अलावे जमुआ के भी कई लोग शामिल थे।

## न्यूटन कोचिंग संस्थान के नए ब्रांच का बिक्रमगंज में हुआ भव्य उद्घाटन

**केटी न्यूज/रोहतास**



रविवार को स्थानीय शहर का चर्चित न्यूटन कोचिंग संस्थान के एक और नए ब्रांच का उद्घाटन व्यापार मंडल परिसर में हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि काराकाट भाजपा नेता सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने पुजारी की उपस्थित में वेद मंत्रों के उच्चारण साथ फीता का किया। इस अवसर पर न्यूटन कोचिंग के निदेशक भौतिकी गोलमेडलिस्ट प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने मुख्य अतिथि डॉ. मनीष रंजन का फूल माला पहना व अंगवस्त्र भेट कर जोरदार स्वागत किया गया। इस नए संस्थान में अब बच्चों को वर्ग नव से मैट्रिक सहित स्नातक स्तरीय शिक्षा अनुभवी शिक्षकों के नेतृत्व में प्रतिदिन दी जायेगी। साथ ही विशेष शिक्षा अंतर्गत जेई, नीट,आईआईटी,एडवांस,मेन्स परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्थापित किया गया है। जिसमें गरीब बच्चों के लिए पढ़ाई के सपने साकार करने विशेष सुविधाएं दी जायेगी। उद्घाटन समारोहों में स्थानीय लोगों और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी भाग लिया। उक्त मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. मनीष ने कहा कि बिक्रमगंज में एक नये अंदाज में न्यूटन कोचिंग संस्थान के शुभारंभ से शिक्षा के क्षेत्रों में अहम बदलाव लाना है। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में पढ़ाई के प्रति जागरूकता लाना है। जिनके ज़िम्मेदारी और विकल्पों को बढ़ाकर उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। कोचिंग छात्रों की व्यक्तिगत क्षमता को उजागर कर उन्हें अपनी शक्तियों और कमजोरियों को पहचानने में मदद करती है। साथ ही छात्र-छात्राओं आत्म जागरूकता और आत्म विश्वास बेहतर बनाती है। जो छात्रों के भविष्य को सफल बनाने में लक्ष्य को निर्धारित करती हैं। मौके पर कोचिंग संचालक सबिता सिंह, सरोज सिंह, सुनील सिंह,मनमोहन तिवारी, रमेश सिंह, दिनेश कुशवाहा, हरेंद्र हरियाली, विवेक कुशवाहा, दिनेश सिंह,परवेज खां, प्रवीण सिंह, जुनैद खान,नरेंद्र सिंह,चंदेश्वर पांडे, आलोक पासवान, रमाकांत साह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बिहार सिपाही भर्ती में माइंड स्क्वायर के 16 छात्रों ने पाई सफलता, लोगों में खुशी

**केटी न्यूज/रोहतास**



काराकाट नगर क्षेत्र के गोडारी में स्थित छोटी सी जगह से लगातार अपने परिणामों से सफलता हासिल कर फिर से एक बार माइंड स्क्वायर के छात्रों ने बिहार पुलिस के लिखित परीक्षा 2025 में अपना परचम लहराया है। बता दे कि कई छात्र छात्राओं ने माइंड स्क्वायर क्लास से सफलता हासिल की है। यह संस्थान ग्रामीण क्षेत्रों में 2017 से ही अपना प्रभाव छोड़ा है। इस संस्थान ने गरीब मेधावी छात्रों के लिए नःशुल्क शिक्षा भी प्रदान किया है। जिससे गांव क्षेत्र गरीब मेधावी बच्चों ने वो कर दिखाया है जिसकी उम्मीद बड़े शहरों के बच्चें नही कर पाते। माइंड स्क्वायर के निदेशक अमित कुमार ने बताया कि गांव क्षेत्र के बच्चों को सुविधा उपलब्ध हो तो बड़े पैमाने पर अच्छा कर जाएंगे, कहा कि बिहार पुलिस के लिखित परीक्षा में 15 छात्र छात्राओं का रिजल्ट हुआ। अभी कुछ महीने पहले अग्निवीर के परीक्षा में प्रमोद और विशाल एवं रेलवे टेक्नीशियन में भी एक और उसके अतरिक्त अन्य सरकारी नौकरियों में बहुत सारे छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि बिहार सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा में 13 छात्रा और 3 छात्रों यानी कुल 16 छात्र-छात्राओं का रिजल्ट ही नही बल्कि गांव क्षेत्र बच्चों बच्चियों का हुनर का परिचय देता है। इन छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय माइंड स्क्वायर संस्थान अमित सर और अरविंद सर और अपने माता पिता को दिया है। संस्थान के शिक्षक अरविंद कुमार ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा की संस्थान के लिए सबसे अहम दिन है बच्चों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। कहा कि बिहार पुलिस भर्ती 2025 के लिखित परीक्षा में सोलह छात्र-छात्राओं ने माइंड स्क्वायर के लिए रिजल्ट बड़ी जश्न हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि बिहार पुलिस के फिजिकल में सत प्रतिशत बच्चे होंगे। सफल होने वाले छात्र छात्रा- अमन पांडेय, श्रेया कुमारी, कली कुमारी, खुश्बू, रानी कुमारी, निशु, निम्मी, प्रियांशु, गोलू, सोनू, संगीता, शुमन, वीणा, निक्की, संजू, कंचन शामिल है।

## एक नजर

### मन की बात कार्यक्रम में लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी विचार संदेश



**बिक्रमगंज।** रविवार को काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिक्रमगंज प्रखंड के घुसियां खुर्द बुथ नंबर 123 एवं 124 पर पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात की 126 वीं कड़ी बड़ी ही धूमधाम एवं श्रद्धा पूर्वक सुनी गई । बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला प्रवक्ता सह बीस सूत्री सदस्य रोहतास नवीन चंद्र साह ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रधानमंत्री के जन उपयोगी योजनाओं से मिल रहे लाभों को गिनाया। बैठक दौरान लोगों ने गर्म जोशी से वंदे मातरम एवं भारत माता की जयकारा लगाया । मुख्य वक्ता मालती कुशवाहा ने बड़ी ही सारगर्भित बातों से सभा को संबोधित की । मौके पर उपस्थित जीविका दीदियों से मुख्यमंत्री महिला स्वरोजगार योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि के बारे में पूछताछ की । सभी उपस्थित जीविका दीदियों ने हाथ उठाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इसके लिए धन्यवाद दिया। सोशल मीडिया के माध्यम से मोदी मित्र बनने के लिए 9582157157 पर मिस्ट कॉल दे। आगामी विधानसभा चुनाव में बड़ा ही सोच-समझ कर मतदान करने का आग्रह किया । बताया कि कन्यादान, रक्तदान एवं मतदान राष्ट्रहित में करना चाहिए। उन्होंने राष्ट्र को सर्वोपरि बताया। बैठक में बुथ अध्यक्ष धर्मशीला देवी,कमला देवी, शिवकुमारी देवी,नीतीश कुमार, नवनीत साह, पीतांबर गुप्ता,आलोक कुमार,वार्ड सदस्य,जीविका दीदी गीता देवी,कुमकुम देवी,जयमाला देवी,मीरा देवी,उर्मिला देवी,सत्यम गुप्ता,शिवम गुप्ता सहित अन्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। नगर के गोडारी में नवरात्र के छठवें दिन निकली जलयात्रा, नगर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

### भक्ति और आस्था के रंग में रंगी शोभायात्रा

**काराकाट।** काराकाट नवरात्र के छठवें दिन रविवार के शाम दुगार्पूजा को लेकर नगर मुख्यालय गोडारी मां दुर्गा पंडाल में शोभायात्रा और जलयात्रा निकाल जलभरी की गई। जिसमें हाथी, घोड़े व बैंडबाजे के साथ हाथों में कलश लिए भारी संख्या में महिला-पुरुष श्राद्धालु शामिल हुए। यह जलयात्रा गोडारी पूजा पंडाल से निकली शोभा यात्रा गोडारी राजमार्ग होते हुए दो किलोमीटर की दूरी तय कर सकला रजवाहा गोडारी पुल तक पहुंची, जहां वेद मंत्रों के बीच कलश में जल धारण किया गया। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की जयकारों से पुरा इलाका गूंज रहा था। हांथो में कलश लिए मुख्य यजमान रंजन चौरसिया, पप्पू तिवारी, हरिनारायण सोनी, रंजन सोनी, अशोक तिवारी, राजा सोनी, पूजा कुमारी, निशांत, भोला सोनी, मीरा देवी, बेबी देवी एवं अन्य शामिल रहे। इस जलयात्रा में गोडारी करूप, नाद, तेनुआ, गोडारी बाल, के अलावे जमुआ के भी कई लोग शामिल थे। इस जलयात्रा में शामिल मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती, उपमुख्य पार्षद रविश रंजन, पूजा समिति अध्यक्ष विशाल भारती, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष यादव, दिलीप कुमार, वार्ड पार्षद बिपिन कुमार, बिनोद कुमार, रविन्द्र दुब्बे, कमलेश तिवारी, लाला सिंह, संजय कुमार पुस्तक, अरविंद जी वकील, ललन सोनी, कांग्रेस नेता गोपाल तिवारी, उमाशंकर, गोलू, ओम जी, आकाश, बंटी, रामशंकर सहित हजारों श्रद्धालु लोग शोभायात्रा में शामिल हुए ।

### खेत पटवन व मछली विवाद में दो पक्षों के बीच भिड़ंत,सात गिरफ्तार

**दिनारा।** दिनारा थाना क्षेत्र के भलुनी गांव में खेत पटवन एवं मछली मारने को लेकर दो पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गया । विवाद बढ़ते-बढ़ते दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए । सूत्रों के अनुसार घटना के बाद दोनों पक्षों ने स्थानीय थाना में एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई । पुलिस ने दोनों मामलों में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया ।थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पहले कांड संख्या 447/25 में पुलिस ने मुन्ना राम,सुरेश राम,जितेंद्र राम एवं शिव कुमार राम को गिरफ्तार कर लिया । वहीं दूसरे कांड संख्या 448/ 25 में श्रीराम राम,कलक्टर राम एवं लक्ष्मण राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया है ।

### विद्युत करेंट की चपेट में आने से महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

**बिक्रमगंज ।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत भानस थाना के कुसहीं गांव में बीती रात विद्युत तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई । मृतका की पहचान गांव के ही प्रमोद सिंह की 55 वर्षीय पत्नी सुजाता देवी के रूप में हुई है । सूत्रों के अनुसार सुजाता देवी रात में शौच के लिए निकली थीं । इसी दौरान खुले पड़े विद्युत तार के संपर्क में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई । घटना की सूचना मिलते ही परिजन जब वहां पहुंचे तो जमीन पर पड़े शव को देखकर दहाड़ मारकर रोने-बिलखने लगे । सूचना पर भानस थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए सासाराम सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। भानस थानाध्यक्ष विजय बैठा ने बताया कि मृतका के पति प्रमोद सिंह ने गांव के ही लक्ष्मी नारायण सिंह एवं उनके पुत्र पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि कांड दर्ज करते हुए पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में 7700 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**केटी न्यूज/रोहतास**

रविवार को स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2025-26 के आयोजन की तैयारियों को लेकर डीएम उदिता सिंह ने एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में प्रतियोगिता से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। विनय प्रताप, वरीय उप समाहर्ता सह उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 06 से 10 अक्टूबर 2025 तक न्यू स्टेडियम, फजलगंज, सासाराम में किया जाएगा। इसमें कुल 18 खेल विधाओं की प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी, जिन्हें तीन आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। अब तक जिले के 473 विद्यालयों से लगभग 7700 खिलाड़ियों का पंजीकरण किया जा चुका है। बैठक में उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय, वरीय उप समाहर्ता नेहा कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी अमृता ओशो, सिविल सर्जन, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी आशीष रंजन, नगर आयुक्त सासाराम, जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय, प्रभारी पदाधिकारी मनरेगा, कार्यपालक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता कोचस उपस्थित रहे। नेहा कुमारी वरीय उप समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी,स्वीप कोषांग को निदेश दिया गया की वरीय उप समाहर्ता सह उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास विनय प्रताप से समन्वय स्थापित कर मतदाता जागरूकता से सम्बंधित प्रचार-प्रसार किया जाय। बैठक में प्रभात कुमार पाठक, नरेंद्र प्रसाद सिन्हा,जय शंकर कुमार, प्रेम प्रकाश कुमार, बिकास तिवारी सहित कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को भी प्रतियोगिता की सफल व्यवस्था हेतु विभिन्न विभागों कोदायित्व सौंपी गईं। मैदान की साफ-सफाई का कार्य नगर निगम सासाराम को सौंपा गया। प्रतियोगिता के दौरान दो एम्बुलेंस की व्यवस्था सिविल सर्जन द्वारा की जाएगी। पानी एटीएम और चलंत शौचालय की सुविधा पीएचईडी विभाग उपलब्ध कराएगा। मिट्टी भराई का कार्य मनरेगा तथा आरसीडी कोचस द्वारा किया। जबकि विधि-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम को दी गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने-अपने कार्य समय पर पूरा करें ताकि प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो और जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच मिल सके।

## जीविका दीदी रीता देवी को सम्मानित किए बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह

**आरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीविका दीदियों के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का शुभारंभ करने के उपलक्ष्य पर बड़हरा विधानसभा के कोईलवर प्रखंड के नया मोहम्मदपुर के जीविका दीदी रीता देवी का प्रधानमंत्री के साथ बेबाक संवाद का चर्चा पूरे देश मे है। प्रधानमंत्री जी द्वारा रीता दीदी की प्रशंसा करने एवं बड़हरा क्षेत्र के लिए गौरव की बात होने पर रविवार को बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह रीता दीदी के गाँव पहुंच कर उन्हे अंगवस्त्र से सम्मानित किया एवं प्रशंसा की। इस दौरान जीविका दीदी को विधायक द्वारा प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया गया। वहीं अंबिका शरण सिंह उच्च विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा मे टॉपर करने पर छात्रा राशी कुमारी को भी विधायक द्वारा प्रोत्साहन राशि दे कर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान बड़हरा विधायक ने कहा कि पूरे देश ने टेलीविजन पर मेरे क्षेत्र की जीविका दीदी रीता देवी का प्रधानमंत्री जी से बेबाक बातचीत को देखा एवं उनकी प्रशंसा पूरे देश मे हो रहा है। यह हमारे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि आज रीता दीदी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी द्वारा चलाए गए जीविका संस्थान का आदर्श बन चुकी है। मुझे इन्हे सम्मानित करते हुए गर्व महसूस हो रहा है।आज जीविका महिलाओं को आत्मनिर्भर बना दिया है जो बिहार और देश को विकसित बनाने मे महत्वपूर्ण सिद्ध हो रहा है।

# बिक्रमगंज में उमड़ा आस्था का सैलाब, कलशयात्रा सह शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड

**.केटी न्यूज/रोहतास**

नगर के स्टेशन रोड आस्कामिनी नगर धारुपुर,दुगार्डीह अमाथु दुगार्पूजा समिति एवं सासाराम रोड दुर्गा स्थान से रविवार को कलशयात्रा सह शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई । शोभायात्रा की शुरूआत सभी पूजा समिति के विद्वतजनों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना से हुई । आरती और कलश पूजन के बाद शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सभी पूजा पंडालों तक पहुंची । शोभायात्रा नगर के काशी घाट पहुंचकर श्रद्धालुओं ने गंगाजल भरकर अपने-अपने पंडालों के लिए प्रस्थान किया । इस दौरान नगर की सड़कों पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज,घोड़े,आकर्षक झांकियां और मां दुर्गा के जयकारे गूंजते रहे । हजारों की संख्या में महिला-पुरुष सिर पर कलश और हाथों में ध्वज लिए कतारबद्ध होकर नाचते-गाते श्रद्धा व भक्ति में लीन दिखे । इसी प्रकार अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी कस्बों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ कलशयात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई । अनुमंडल एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन की देखरेख में संपूर्ण शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ ।

## सूर्यपुरा में 19 भूमिहीन पचार्धारियों को दिलाया गया दखल-कब्जा

बिक्रमगंज । अनुमंडल क्षेत्र के सूर्यपुरा प्रखंड में शनिवार को 19 भूमिहीन पचार्धारियों को भूमि का दखल- कब्जा दिलाया गया। मौके पर अंचल अधिकारी गोल्डी कुमारी ने संबंधित जमीनों का चिन्हांकन कराकर मापी पूरी कराई और पचार्धारियों को उनकी जमीन पर दखल दिलाया। इस कार्रवाई के दौरान सीओ सूर्यपुरा गोल्डी कुमारी, थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत,पुलिस अधिकारी,अंचल अमीन,अंचल कर्मी, 19 भूमिहीन पचार्धारी एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। सीओ ने बताया कि सरकारी योजनाओं के तहत पात्र भूमिहीन पचार्धारियों को जमीन उपलब्ध कराई जा रही है,ताकि वे अपने परिवार का सम्मानजनक ढंग से पालन-पोषण कर सकें।

# बिहार विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त, 470 अधिकारियों को मिली जिम्मेवारी




**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोग ने देशभर के 470 अधिकारियों को विधानसभा और उपचुनावों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात करने का फैसला लिया है। इनमें 320 आईएएस, 60 आईपीएस और 90 अन्य वरिष्ठ सेवा अधिकारी (जैसे क्रऋअर, क्रम्र, क्तअर) शामिल हैं। चुनाव आयोग की निगरानी में बिहार के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर (बडगाम और नगरोटा), राजस्थान (अंता), झारखंड (घाटशिला), तेलंगाना (जुबली हिल्स) और पंजाब में उपचुनाव भी संपन्न कराए जाएंगे। आयोग के अनुसार, ये पर्यवेक्षक अपनी नियुक्ति से लेकर पूरी चुनाव प्रक्रिया तक आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन में कार्य करेंगे। उनका प्रमुख दायित्व चुनाव की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना होगा। पर्यवेक्षक न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में आयोग की मदद करेंगे, बल्कि मतदाता जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने में भी योगदान देंगे। उनका अनुभव और वरिष्ठता आयोग को जमीनी स्तर पर चुनाव की स्थिति समझने में मदद करती है। बता दें कि बिहार चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों निर्वाचन आयुक्त 4 और 5 अक्टूबर को बिहार दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

### पर्यवेक्षक दल में शामिल किए गए 470 अधिकारी

वे क्षेत्र में चुनावी प्रक्रिया के कुशल और प्रभावी प्रबंधन की भी देखरेख करते हैं. व्यय पर्यवेक्षकों को चुनाव व्यय द्वारा उम्मीदवारों और संबंधित राजनीतिक दलों के किए गए चुनाव व्यय का निरीक्षण करने के लिए नियुक्त किया जाता है. निर्वाचन आयोग ने 470 अधिकारियों को पर्यवेक्षक दल में शामिल किया है. इनमें 320 आईएएस, 60 आईपीएस और 90 से अधिक आईआरएस और आईसीएएस आदि सेवाओं से जुड़े अधिकारी हैं. ये केंद्र या राज्य सरकारों में सेवा कर रहे हैं।

### बिहार और अन्य राज्यों में उपचुनाव के लिए की गई नियुक्ति

आगामी आम चुनाव के लिए सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति बिहार विधानसभा के अलावा कई राज्यों में उपचुनावों के लिए की गई है. उपचुनाव सात राज्यों में विधान सभा की आठ सीटों के लिए होंगे. इनमें जम्मू-कश्मीर में बड़गाम और नगरोटा, राजस्थान में अंटा, झारखंड में घाटशिला, तेलंगाना में जुबली हिल्स, पंजाब में तरनतारन, मिजोरम में डंपा और ओडिशा में नुआपाडा विधान सभा क्षेत्र के लिए होंगे।

# बिहार के बेटे ने रचा इतिहास हाई जंप में जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी। पटना**

दिल्ली में चल रही 12वीं वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में बिहार के जमुई जिले के खिलाड़ी शैलेश कुमार ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने ठ42 श्रेणी की हाई जंप स्पर्धा में 1.91 मीटर ऊंची छलांग लगाकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीत लिया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में शैलेश ने क्रमशः 1.85, 1.88 और 1.91 मीटर की छलांग लगाकर तीन बार चैम्पियनशिप रिकॉर्ड तोड़ा। शंकरण ने बताया कि शैलेश कुमार जमुई जिले के अलीगंज प्रखंड स्थित इस्लामनगर गांव के निवासी हैं। वह पेरिस में हुई पिछली वर्ल्ड पैरा चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता रह चुके हैं, जबकि चीन में आयोजित एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। सरकार की "मेडल लाओ, नौकरी पाओ" योजना के तहत शैलेश को क्लास वन की सरकारी नौकरी दी गई थी। वर्तमान में वह समाज कल्याण विभाग में बाल विकास प्रोजेक्ट ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं।

## मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनता से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की

# गोपालगंज में सीएम नीतीश कुमार ने किया 1599 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ




**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और सांसद संजय झा रविवार को गोपालगंज पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने सबेया फील्ड में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और योजनाओं के लाभुकों से सीधा संवाद स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कुल 1599 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने राज्य के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि सरकार जनहित में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने लाभुकों से बातचीत के दौरान उनकी समस्याएं और सुझाव सुने और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि यह कार्यक्रम राज्य के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, सांसद संजय झा ने क्षेत्र के विकास के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गिरी ने किया। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, जनक राम, भाजपा के पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी, रामसेवक सिंह और जदयू जिलाध्यक्ष आदित्य शंकर शाही ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और अधिकारी मौजूद रहे।

### मंच से उठी विकास की आवाज

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि यह आयोजन बिहार के विकास पथ पर एक और मजबूत कदम है. उन्होंने दावा किया कि राज्य के हर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है. वहीं सांसद संजय झा ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार ठोस कदम उठाए हैं और आज का कार्यक्रम उसकी गवाही है. इस मौके पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, जनक राम, भाजपा के पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी, रामसेवक सिंह और जदयू जिलाध्यक्ष आदित्य शंकर शाही ने भी सभा को संबोधित किया. भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गिरी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### मौके पर मंत्री और अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ राज्य सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, जल संसाधन मंत्री संजय झा, सारण आयुक्त राजीव रौशन, डीआईजी नीलेश कुमार, जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक अवदेश दीक्षित समेत अनेक विधायक, जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

### हथुआ और आसपास के क्षेत्र में उत्साह का माहौल

इतनी बड़ी संख्या में योजनाओं की सौगात से हथुआ और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन योजनाओं से जिले का सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, सिंचाई और ग्रामीण विकास का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा। साथ ही रोजगार और विकास की नई संभावनाएं भी खुलेंगी।

# उन्मेष साहित्य महोत्सव' में उपराष्ट्रपति ने की शिरकत, कहा-विविधता में भी एकता 'धर्म' से संभव

**एजेंसी। पटना**




उपराष्ट्रपति ने कहा, ह्लयूरोप के एक गणमान्य व्यक्ति ने मुझसे पूछा कि भारत बिना किसी साझा भाषा के एकजुट कैसे है। मैंने उत्तर दिया कि यहां लोग भले ही अलग-अलग भाषाओं में बोलते हैं, लेकिन धर्म की अवधारणा ने सबको जोड़े रखा हैह्व उन्होंने यह धारणा भी खारिज की कि "लोकतंत्र पश्चिमी अवधारणा" है। उन्होंने कहा, ह्ल2500 साल पहले यही बिहार की धरती एक ओर शक्तिशाली मौर्य साम्राज्य का साक्षी बनी, तो दूसरी ओर वैशाली जैसी प्राचीन गणतंत्र का जन्म भी यहीं हुआह्व यह बातें पटना में आयोजित उन्मेष अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव के दौरान उपराष्ट्रपति के द्वारा कही गईं हैं। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि ह्यउन्मेषह्ल नए विचारों, कथाओं और दृष्टिकोणों के जागरण का प्रतीक है, जो भाषा, संस्कृति, भूगोल और विचारधारा की खाइयों को पाटता है। उन्होंने विश्वास जताया कि उन्मेष आने वाली पीढ़ियों के लेखकों, विचारकों और पाठकों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन काल में यही भूमि भगवान बुद्ध और महावीर के आध्यात्मिक जागरण की साक्षी रही।

# बिहार के 26 जिलों में आज बारिश की संभावना

**पटना ।** बिहार का मौसम इन दिनों लोगों के साथ खेल खेल रहा है। कभी चिलचिलाती धूप तो कभी हल्की फुहारें, ऐसे में अब नवरात्रि के छठे दिन राज्य के 26 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी भरी हवाओं के कारण दक्षिण और पूर्वी बिहार में हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। पटना, गया, मुजफ्फरपुर, वैशाली जैसे जिलों में बादल छाए रहेंगे, जबकि पश्चिमी सीमावर्ती इलाकों और सीमांचल में तेज हवाओं के साथ बिजली चमकने की आशंका है। साथ ही 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं की भी चेतावनी जारी की गई है, जो कि यात्रियों और पंडाल आयोजकों के लिए सतर्कता की घंटी बजा रहा है। राजधानी पटना में आज दिन भर उमस भरी गर्मी का राज कायम रहेगा। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम 27 डिग्री के आसपास रहेगा। सुबह की धूप से लोग परेशान होंगे, लेकिन शाम ढलते ही हल्की फुहारें गिरींगी जो कुछ राहत देंगी। हवा की गति 2-3 किमी प्रति घंटे रहेगी, लेकिन आर्द्रता के स्तर के कारण गर्मी असहज लगेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह उतार-चढ़ाव 1 अक्टूबर तक चलेगा, उसके बाद 2 अक्टूबर से मानसून फिर सक्रिय हो सकता है, जिससे भारी बारिश की संभावना बनेगी। नवरात्रि और दुर्गा पूजा के उत्साह के बीच मौसम का यह मिजाज आयोजकों के लिए चुनौती बन सकता है। दक्षिण बिहार के जिलों में रुक-रुककर बरसात जारी रहेगी तो उत्तर के हिस्सों में बादल छंटने में वक्त लगेगा। विशेषज्ञों ने पंडाल समितियों को सलाह दी है कि वे रेनकोट और ड्रेनेज की व्यवस्था पहले से कर लें, ताकि अचानक बारिश से कार्यक्रम प्रभावित न हों। फिलहाल, अधिकतर जिलों में मौसम शुष्क ही रहेगा, लेकिन 26 प्रभावित जिलों में हल्की बूंदाबांदी संभव है।

# बिहार में बढ़ता अपराध : सहरसा की नाबालिग लड़की से रेप, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते थे आरोपित

**एजेंसी। पटना**



बिहार में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगा है। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता की मां ने सिमरी बख्तियारपुर थाना में लिखित आवेदन देकर गांव के ही दो लोगों पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध कर लिया, जबकि उसका भाई बेचन यादव पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है। दोनों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया गया और तुरंत छापेमारी कर आरोपितों को पकड़ लिया गया। पुलिस का कहना है कि यह मामला बेहद गंभीर है और पीड़िता को हर संभव सुरक्षा और न्याय दिलाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। एफआईआर के अनुसार, पीड़िता की मां ने बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री बहियार में घास काटने गई हुई थी। इसी दौरान गांव के ही एक किशोर ने अचानक उसका मुंह कपड़े से दबा दिया और धमकाते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, आरोपी किशोर ने इस कुकृत्य का वीडियो अपने भाई बेचन यादव से बनवाया। घटना के बाद से दोनों आरोपी पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल करने लगे। वे बार-बार लड़की पर दबाव डालते कि वह उनके पास आए, अन्यथा इस अश्लील वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर देंगे। डर और धमकी से सहमी पीड़िता ने शुरू में चुप्पी साध ली, लेकिन जब दबाव और ब्लैकमेलिंग बढ़ी, तो उसने पूरी घटना अपनी मां को बताई।

## चुनाव से पहले पटना एयरपोर्ट पर संदिग्ध युवक गिरफ्तार

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव होने में अब कुछ ही दिन शेष है, लेकिन तैयारियां जोरों पर है। ऐसे में चुनाव से पहले पटना के जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास शनिवार की सुबह पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान शिवम शर्मा उर्फ शिवम कुमार के रूप में हुई है, जो बिहार के वैशाली जिले का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने उसकी तलाशी के दौरान भारतीय सेना का फर्जी पहचान पत्र, गृह मंत्रालय का नकली आईडी कार्ड और इंडियन मुजाहिदीन से संबंधित संदिग्ध आई-कार्ड सहित कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। इतना ही नहीं, उसके मोबाइल से पाकिस्तानी झंडे लिए हुए व्यक्तियों के फोटो भी मिले हैं। एयरपोर्ट सुरक्षा टीम ने युवक को तत्काल एयरपोर्ट थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

## नीतीश सरकार ने किया एलान

# बिहार के मोकामा में बनेगा भव्य तिरुपति मंदिर

**एजेंसी। पटना**




बिहार के मोकामा वासियों के लिए ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है। राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए मोकामा में भव्य और दिव्य तिरुपति मंदिर निर्माण की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देशानुसार यह फैसला लिया गया है, जिसके तहत लगभग 10 एकड़ जमीन तिरुमला तिरुपति देवस्थानम्, तिरुपति (आंध्र प्रदेश) को उपलब्ध कराई जाएगी। यह वही संस्था है जो विश्वविख्यात भगवान वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर का संचालन करती है। इस पहल को बिहार के सांस्कृतिक और धार्मिक उत्थान के रूप में देखा जा रहा है। अब तक तिरुपति बालाजी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को हजारों किलोमीटर की यात्रा कर आंध्र प्रदेश जाना पड़ता था, लेकिन मोकामा में इस मंदिर के निर्माण के बाद बिहार और पूरे उत्तर भारत के करोड़ों श्रद्धालुओं को आसान सुविधा मिल पाएगी। यह न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि पर्यटन और आर्थिक विकास की दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। मंदिर निर्माण के बाद मोकामा में सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। यहां धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आध्यात्मिक शिविरों का आयोजन होगा। इससे स्थानीय लोगों की भागीदारी भी बढ़ेगी और मोकामा पूरे देश में एक नए धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। इसके साथ ही मंदिर निर्माण से रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूरों और कारीगरों को काम मिलेगा, वहीं मंदिर बनने के बाद होटल, लॉज, रेस्टोरेंट, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में भी लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे मोकामा और आसपास के क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पर्यटन के लिहाज से यह मंदिर बिहार के नक्शे पर एक नई पहचान देगा।



## सुभाषितम्

हमे हमेशा यह याद रखना चाहिए की खुशी जीवन की यात्रा का एक तरीका है न की जीवन की मंजिल। - रॉय गुडमैन

## हिंदुओं की सरकार में आलू-टमाटर गोभी भी मांसाहारी?

केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के कृषि मंत्रालय ने हाल ही में एक विवादित अधिसूचना जारी की है, जिसके अनुसार अब मांस, हड्डियों और अन्य मांसाहारी अवशेषों से खाद तैयार करने की अनुमति बहुराष्ट्रीय कंपनियों को दे दी गई है। केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी, उच्च गुणवत्ता वाली खाद उपलब्ध होगी और जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही मांसाहारी अपशिष्ट के उपयोग से पर्यावरण को भी फायदा होगा। प्रारंभिक चरण में इस खाद को आलू, टमाटर और गोभी जैसी सब्जियों को उगाने में प्रयोग करने की अनुमति दी गई है, लेकिन भविष्य में इसका विस्तार अनाज, फल, फूल और अन्य फसलों तक भी किया जा सकता है। यह मुद्दा केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे धार्मिक और सांस्कृतिक आस्थाओं से जुड़ता है। दरअसल भारत का एक बड़ा वर्ग, विशेषकर हिंदू और जैन समाज शाकाहार को जीवन शैली के रूप में अपनाता है। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और इनके अनुवांशिक संगठन लगातार शाकाहार को लेकर बहुत सजग रहते आए हैं। इनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भोजन में मांसाहार का कोई स्थान नहीं है। अब जब सब्जियों और अनाज की खेती में मांसाहारी अवशेषों से बनी खाद का प्रयोग किया जाएगा, तो सवाल उठेगा कि क्या यह शाकाहारी पदार्थ वास्तव में शुद्ध शाकाहारी रह पाएंगे? यह वही तर्क है जिसके आधार पर अमेरिका के डेयरी उत्पादों का भी विरोध हुआ था, क्योंकि वहां पशुओं को दिया जाने वाला चारा मांसाहारी अवशेषों से युक्त होता है। इन तथ्यों व अन्य कारणों के चलते एनिमल वेलफेयर बोर्ड ने भी सरकार को पत्र लिखकर इस अधिसूचना को निरस्त करने की मांग की है। देशभर में जैन मुनियों और अन्य धर्मगुरुओं ने इसे हिंदू और जैन समाज की आस्था के साथ खिलवाड़ बताया है। जैन संतों ने तो यहां तक कहा है कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में ऐसा निर्णय लिया गया है, तो यह अत्यंत आपत्तिजनक बात है। वास्तव में, यदि यह नीति लागू हो जाती है तो भारत में शुद्ध शाकाहारी भोजन प्राप्त करना लगभग असंभव हो जाएगा। भारतीय समाज में भी इस पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। लोग कह रहे हैं कि जब खाद में मछलियों के अवशेष, हड्डियां, चमड़े के टुकड़े और चर्बी जैसे तत्व मिलाए जाएंगे, तो नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटैशियम की मात्रा तो मिट्टी में बढ़ेगी, लेकिन धार्मिक दृष्टि से यह खेती अपवित्र हो जाएगी। इसका प्रत्यक्ष असर हर उस अनाज, सब्जी और फल पर पड़ेगा जो आम आदमी की थाली में पहुंचता है। इसके साथ ही यहां एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आया है, वह है, मांस उद्योग के विस्तार का। पिछले एक दशक में भारत से मांस निर्यात लगातार बढ़ा है। भाजपा सरकार ने गौमांस को शून्य प्रतिशत कर सूची में रखा है, जिससे पहले ही हिंदू समाज में असंतोष था। अब यदि मांसाहारी अवशेषों से खाद बनाने की अनुमति दी जाती है, तो स्लॉटर हाउसों की संख्या और बढ़ेगी, मांस उद्योग और तेजी से फलेगा-फूलेगा। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जो दल और संगठन खुद को हृगौरक्षकह्व बताते हैं, वही अप्रत्यक्ष रूप से मांस उद्योग को प्रोत्साहन क्यों दे रहे हैं? सरकार का यह कदम केवल कृषि नीति ही नहीं, बल्कि धार्मिक आस्थाओं पर कुठाराघात माना जा रहा है। भारत जैसे बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक देश में नीति बनाते समय केवल आर्थिक और पर्यावरणीय तर्क पर्याप्त नहीं होते, बल्कि सामाजिक और धार्मिक संवेदनाओं का भी सम्मान करना आवश्यक होता है। यदि सरकार अपनी अधिसूचना पर अडिग रहती है, तो हिंदू समाज और विशेषकर जैन समुदाय की नाराजगी सड़कों पर दिखाई दे सकती है। ऐसे में सरकार को यह समझना होगा कि भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं है, बल्कि भारतीय समाज में यह गहरे सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों से जुड़ा हुआ विषय है।

## चिंतन-मनन

### गुरु की स्वीकार्यता

हर वक्त संसार को गुरु की दृष्टि से देखो। तब यह संसार मलिन नहीं बल्कि प्रेम, आनन्द, सहयोगिता, दया आदि गुणों से परिपूर्ण, अधिक उत्सवपूर्ण लगेगा। तुम्हें किसी के साथ संबंध बनाने में भय नहीं होगा क्योंकि तुम्हारे पास आश्रय है। घर के अन्दर से तुम बाहर के वज्रपात, आंधी, वर्षा व कड़ी धूप देखोगे। भीतर वातानुकूलित व्यवस्था है- शीतल और शान्त। बाहर गर्मी और अशांति है पर तुम परेशान नहीं होते, क्योंकि कुछ भी तुम्हें बेचैन और विचलित नहीं कर सकता। कोई तुम्हारी पूर्णता नहीं छीन सकता। यही है गुरु का उद्देश्य। संसार के सभी संबंध उलट-पुलट हो जाते हैं। संबंध बनते हैं और टूटते हैं। यहां राग भी है, द्वेष भी। यही संसार है। पर गुरु कोई संबंध नहीं, गुरु की मौजूदगी होती है। गुरु का सान्निध्य अनुभव करो। गुरु को अपने संसार का अंश मत बनाओ। संसार का हिस्सा बनाते ही, वही अप्रिय भावनाएं उठती हैं- उन्होंने ऐसा कहा, उन्होंने ऐसा नहीं कहा, वह उनका अधिक प्रिय है, मैं नहीं हूं। जीवन में गुरु का सान्निध्य सभी संबंधों में पूर्णता लाता है। यदि गुरु के निकट अनुभव नहीं कर रहे, तो यह तुम्हारे मन, धारणा, अहंकार के कारण है। जो कुछ भी महत्वपूर्ण है, अंतरंग है, उसे गुरु के साथ बांटो। जो तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है, आंतरिक है, जब तक तुम उसे गुरु को नहीं व्यक्त करते, तब तक निकटता का अनुभव नहीं कर सकते। आप कैसे हैं? गुरु से हृदय खोलकर मन की गहराइयों में समाई अपने जीवन की आंतरिक व महत्वपूर्ण बातें करो। महत्वहीन या सांसारिक बातें न करो। यदि तुम गुरु के साथ निकटता अनुभव नहीं कर रहे, तो गुरु की आवश्यकता ही क्या है? वह तुम्हारे लिए केवल एक और बोझ है। बस, उसे अलविदा कह दो। तुम गुरु के साथ हो ताकि तुम गुरु के आनन्द में सहभागी हो, उनकी चेतना के सहभागी। इसके लिए पहले तुम्हें अपने आप को खाली करना है, जो पहले से है, उसे गुरु को दे देना है। मन में जितना भी कूड़ा हो, किसी भी प्रकार का, गुरु लेने के लिए तैयार हैं। तुम जैसे भी हो, गुरु तुम्हें स्वीकार कर लेंगे। वे अपनी ओर से बांटने को तैयार हैं।

# विश्व हृदय दिवस 2025: सावधानी बरतें जीवन बचाएं- एक धड़कन न चूकें

- किशन सनमुखदास भावनानी




वैश्विक स्तरपर दुनियाँ तेजी से बदल रही है जिसके कारण बदलती मानवीय जीवनशैली का सबसे गंभीर प्रभाव मानव हृदय पर पड़ा है। आज हृदय रोग केवल वृद्धावस्था तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि यह युवाओं में भी बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। वैश्विक स्तर पर हर साल लाखों लोग दिल से जुड़ी बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं।पिछले दो-तीन वर्षों से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ते हुए देखे गए हैं।पचास वर्ष से कम उम्र के 50 फीसदी और 40 वर्ष से कम उम्र के 25 फीसदी लोगों में हार्ट अटैक का जोखिम देखा गया है कुछ वर्षों पूर्व पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्ट अटैक के मामले कम थे।एक नए शोध में यह हृदय रोग अब बराबर देखे गए।हृदय रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि कुछ वर्षों पूर्व वृद्धावस्था में होने वाली इस बीमारी ने युवकों को भी शिकार बना लिया है।वर्तमान में हार्ट अटैक युवाओं में होने के अनेकों -अनेक कारणों का समावेश होता रहा है।इसमें आधुनिक खान- पान और जीवन शैली महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनियाँ के कुल हृदय रोगियों में से 60 प्रतिशत मरीज अकेले भारत में ही होने की संभावना व्यक्ति की गई है। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है।वर्ष 2025 का विषय है हृएक धड़कन न चूकेंह्व यह संदेश केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सामूहिक चेतावनी है कि यदि अब भी लोग, समाज और सरकारें सक्रिय नहीं हुए तो हृदय रोग एक वैश्विक महामारी का रूप ले लेगा।चूँकिहार्ट अटैक समस्या का संभावित समाधान- जीवनशैली में सख्त आचार संहिता अपनाकर असामाइक मौतों को रोकने में सहभागी बनें इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,विश्व हृदय दिवस 2025- हृदय स्वास्थ्य एक वैश्विक समस्या-सावधानी बरतें जीवन बचाएं-एक धड़कन न चूकें

साथियों बात अगर हम हार्ट अटैक क्या है और कैसे होता है? इसको समझने की करें तो, हार्टअटैक, इसे चिकित्सकीय भाषा में मायोकार्डियलइंफार्क्शन कहा जाता है, तब होता है जब हृदय की मांसपेशियों तक रक्त का प्रवाह अचानक बाधित हो जाता है। यह स्थिति प्रायः तब उत्पन्न होती है जब कोरोनरी आर्टरी (हृदय की रक्तवाहिका) में प्लाक (कोलेस्ट्रॉल, वसा और अन्य तत्वों का जमाव) जमा होकर ब्लॉकेज पैदा कर देता है। इस ब्लॉकेज से हृदय की मांसपेशियों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती और परिणामस्वरूप हृदय की कोशिकाएं मरने लगती हैं। यदि समय पर इलाज न मिले तो यह व्यक्ति की जान भी ले सकता है।इसके लक्षण कई बार अचानक और गंभीर हो सकते हैं जैसे- सीने में तेज दर्द या दबाव, पसीना आना, सांस फूलना, जबड़े या बांह में दर्द, मतली या बेहोशी। वहीं, कुछ मामलों में हल्के संकेत भी मिलते हैं जिन्हें लोग सामान्य थकान या गैस समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, और यही लापरवाही जीवन के लिए घातक सिद्ध होती है।

साथियों बात अगर हम जीवनशैली और हार्ट अटैक का संबंध को समझने की करें तो,आधुनिक युग की भागदौड़ भरी जीवनशैली हृदय के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। अधिकतर मामलों में पाया गया है कि हृदय रोग सीधे-सीधे व्यक्ति की आदतों और दिनचर्या से जुड़े होते हैं।(1)अस्वास्थ्यकर आहार- जंक फूड, तैलीय और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, उच्च नमक और चीनी का सेवन हृदय पर भार डालते हैं। (2) शारीरिक निष्क्रियता- लंबे समय तक बैठे रहने और व्यायाम न करने से मोटापा, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर बढ़ते हैं।(3)धूम्रपान व शराब का सेवन-तंबाकू और अल्कोहल हृदय की धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं।(4)तनाव और अनियमित नींद- मानसिक दबाव और नींद की कमी हार्मोनल असंतुलन पैदा कर हृदय रोग का खतरा बढ़ाते हैं।यानी, यदि व्यक्ति अपने जीवनशैली विकल्पों में बदलाव कर ले तो हृदय रोग से होने वाले 80 फीसदी समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है। साथियों बात अगर हम विश्व हृदय दिवस 29 सितंबर 2025 को एक वैश्विक बहुभाषी अभियान को समझने की करें तो,हर वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि एक वैश्विक अभियान है जिसमें विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और देशों को एक मंच पर लाकर हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है।(1) स्कूल,कॉलेज औरविश्वविद्यालयों में हेल्थ कैम्प और सेमिनार आयोजित होते हैं।(2)अस्पताल और स्वास्थ्य संगठन मुफ्त जांच शिविर और परामर्श सेवाएं प्रदान करते हैं।(3) डिजिटल माध्यमों पर सोशल मीडिया कैंपेन चलाए जाते हैं।(4) सरकारें और अंतरराष्ट्रीय संगठन मिलकर नीतिगत हस्तक्षेप की दिशा में कदम उठाते हैं।इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को याद दिलाना है कि उनका हृदय ही उनकी जीवन शक्ति है और उसकी देखभाल सबसे पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। 2025 की थीम-एक धड़कन न चूकें इसका गहरा अर्थ है। यह लोगों को यह समझाने का प्रयास है, (1)हृदय स्वास्थ्य में लापरवाही की कोई जगह नहीं है (2) समय- समय पर स्वास्थ्य जांच कराना जरूरी है।(3)चेतावनी संकेतों (जैसे सांस फूलना, थकान, सीने में दर्द) को कभी नजरअंदाज न करें। (5) स्वस्थ आदतों को निरंतर बनाए रखना चाहिए, चाहे व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ क्यों न दिखे। (6) समय पर चिकित्सा सहायता लेना ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है। (7)चिप्स, फ्रेंच फ्राइज ,कैंडी, आइसक्रीम, चॉकलेट, कोक, और सोडा जैसी हाई काबोर्हाइडेड, शुगर ओर पेंटी, फैटी एसिड वाली चीजों को कंफर्ट फूड में रखा गया है। इनसे हार्ट अटैक का रोग खतरा 33% बढ़ जाता है। यदि प्रतिदिन लगभग 800/900 ग्राम फल और सब्जियां खाते हैं ,तो उनमें हार्ट अटैक का खतरा लगभग 30% कम होता है। हृदयाघात की जोखिम बढ़ने के 6 कारणों में से 4 कारण तो जीवनशैली से जुड़े है,जिन्हें नियन्त्रित कर हृदय घात के खतरे को काफी कम करके दिल को मजबूत किया जा सकता। उपरोक्त थीम वैश्विक स्तरपर एक चेतावनी है कि हम सभी को अपने और अपने प्रियजनों के हृदय की जिम्मेदारी लेनी होगी। साथियों बात अगर हम इस जागरण अभियान में सरकारों और समाज की भूमिका को समझने की करें तो,(1)हृदय स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है। इसमेंसरकारों और समाजों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है (2) सरकारें किफायती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करें।(3)ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में हृदय रोग की जांच और इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।(4)खाद्य उद्योगों को नियमन में लाकर अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण किया जाए।(5)स्कूलों में बच्चों को बचपन से ही स्वास्थ्य शिक्षा दी जाए।(6)कार्यस्थलों पर तनाव प्रबंधन और फिटनेस कार्यक्रम शुरू किए जाएं।(7) यदि यह प्रयास सामूहिक रूप से किए जाएं तो आने वाले वर्षों में हृदय रोग के मामलों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि,विश्व हृदय दिवस 2025 केवल एक तारीख नहीं है,यह दुनियाँ के हर नागरिक के लिए एक याद दिलाने वाला अवसर है कि हृदय की धड़कन अमूल्य है।हृएक धड़कन न चूकेंह्व केवल एक नारा नहीं बल्कि एक जीवन मंत्र है।

# आक्रामक कूटनीति ही शांति का आधार

-कांतिलाल मांडोत



सुपरपावर अमेरिका को टक्कर देने वाला चीन आज भी एक विकासशील देश है।स्वतंत्र भारत मे विदेश नीति की शुरूआत कल्पनाओं से हुई।जिसका भारी खामियाजा हमें आज तक भुगतना पड़ रहा है।पहले पाकिस्तान और उसके बाद चीनी आक्रमण के बाद भारत की मोदी सरकार ने सबसे पहले सैन्य को मजबूत करने पर ध्यान दिया गया।किन्तु कूटनीति और विदेश नीति कैसे चलानी चाहिए, यह हमने अभी तक नही सीखा है।तिब्बत में अपने अधिकार और व्यवसाय अपनी ओर से खत्म कर दी।पिछले तीन दशक से चीन सामरिक और आर्थिक रूप से भारत से बहुत आगे निकल गया है।चीन एक कम्युनिस्ट देश है और उसका पूरा तंत्र सत्ता द्वारा नियंत्रित है।चीन के शासन का अपने यहां लोगो और साधनों पर पूरा नियंत्रण है।उसके शासकों के लिए नीतियां बनाना और उन्हें बलपूर्वक लागू करना आसान है इसलिए उसने तीन दशक से सामरिक और आर्थिक शक्ति में जो अभूतपूर्व प्रगति की है उसे समझा जा सकता है।चीन एक विशाल देश और अत्यंत प्राचीन सभ्यता है।उसके पास न प्रतिभा की कमी है,न साधनों की।लेकिन चीन जैसी केंद्रीय व्यवस्थाओ को सर्वतोमुखी विकास सम्भव नही होता।चीन का घोषित लक्ष्य आम चीनी नागरिकों को 2049 तक शशक्त और भौतिक जीवन स्तर उपलब्ध करवाना है।यूरोप और अमेरिका के बीच चीन की बड़ी हुई बढ़ती हुई शक्तियों को इसी रूप में देखा जा सकता है।विशेष तौर से अमेरिका एक चुनौती की तरह देखने लगा है।इस समय अमेरिका विश्व की प्रमुख तरह की शक्ति है।और अमेरिका को लग रहा है कि चीन उसके लिए धीरे धीरे सामरिक और आर्थिक चुनौती बनता जा रहा है।इस आधार पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीन को घेर रहे है,उसके साथ भारत पर हावी होने और कुटिनीतिक दृष्टिकोण से भारत पर कड़क आर्थिक मार देकर भारत को दबा रहे है।अमेरिका चीन से सामरिक और आर्थिक दोनो ही दृष्टि से बहुत आगे है।अमेरिका और चीन का भौगोलिक सामीप्य नही है।लेकिन अमेरिका को लगता है कि चीन सीधे उसके लिए खतरा न भी हो,वह उसके दुनियाभर में फैले हुए प्रभाव के सामने चुनौती खड़ी कर सकता है।अमेरिका दुनिया मे सबसे बड़ी सामरिक शक्ति था।अमेरिका व्यापार उन्नत तकनीक पर आधारित साज सामान पर केंद्रित है और उसका व्यापारिक मुनाफा चीन से अधिक है। चीन से सावधान रहने की बार बार चेतावनी मिलती रही है।भारत के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार किन कारणों से करेगा?कोई ठोस आधार ही वह कारण हो सकता है जो भारत के पास हो।हम शांतिप्रेमी है,यह कोई कारण नही जिससे कोई देश हमे महत्व दे।भारत की इसी आधार पर हमारी उपेक्षा भी कर सकता है कि ऐसे देश से कोई समस्या नही होने वाली।वह इतना स्पष्ट है कि भारतीय नेताओ द्वारा इसे न समझा जाना आश्चर्यजनक है।पड़ोसी देश भी भारत के लिए कुतर्क की बात कर डराना चाहते है ।पाकिस्तान कंगाल देश होने के बावजूद और भारत की ताकतवर सेना होने के बाद भी पाकिस्तान धमकियां देता है।चीन में अब तक कोई भी आतंकवादी हमला क्यों नही हुआ?क्योकि मुसलमानो को चीन के संविधान का पालन करना पड़ता है।चीन में मुसलमानों के साथ कैसा व्यवहार होता है,उसके लिए पाकिस्तान और कट्टरवादी समाज उनका विरोध क्यों नही करते है।इसलिए भारत को आक्रामक होना होगा।भारत को धमकियों से डरने की प्रवृति छोड़नी चाहिए।यह प्रवृत्ति दुश्मनों को आकर्षित करती है।चीन के साथ हमारी पराजय ग्रथि दूर कर एक मंच पर मोदी शी जिनपिंग ने द्विपक्षीय व्यापार समझौता किया। चीन ने कई वर्षों तक भारत से किनारा किया।अमेरिका के बढ़ते दबाव के कारण भारत से चीन से दोस्ती का हाथ बढ़ाया।चीन ने अमेरिका और भारत के बीच तनाव को देखते हुए चीन ने भारत के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध स्थापित कर दिए ।चीन ने एक तीर से दो निशाना साधा है।भारत के साथ आयात निर्यात की सभी सीमाएं खत्म होने के बाद चीन को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा।इस बीच भारत और अमेरिका के टैरिफ को लेकर बिगड़ते रिश्तों को देखकर चीन ने पासा फैंककर भारत के साथ राजनयिक रिश्ते मजबूत कर दिये।लेकिन पाकिस्तान को मदद करना चीन ने आज भी नही छोड़ा है।चीन ने पाकिस्तान के साथ हजारो करोड़ का सौदा किया है।चीन अभी भी विकासशील देश का टैग पहने हुए है।यह नकाब कब उतरेगा,क्योकि विकासशील देश का टैग पहने रहने से टैरिफ और एसडीटी जैसी सब्सिडी का लाभ मिलता है।अमेरिका से धोखा मिलने के बाद चीन ने भारत को बहुत बड़ा मार्केट दिया।चीन ने भारत की उन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए साथ देने का वादा किया है,जो चीनऔ? भारतका सीमा विवाद शामिल है।भारत को शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी का मुकाबला करना है,जो एक तरफ व्यापार समझौते में भागीदार है और दूसरी तरफ पाकिस्तान का हमदर्द है।चीन को भारत से निर्यात होने वाली झींगे से बहुत बड़ी आय मिलती है।प्राचीन चीन भारत के सम्बंध खराब नही करना चाहता है क्योंकि अमेरिका को नीचे दिखाने के लिए दुनिया की दो बड़ी शक्तियां चीन और भारत कील ठोककर बैठे है।क्योंकि दोनों देश अमेरिका का नाक दबाने के लिए काफी है।1962 के बाद भारत ने डटकर तिब्बत की स्वायत्तता का मुद्दा उठाया होता तो निश्चित मानिए चीन को हमारे साथ सद्भावनापूर्ण सम्बंध बनाने की चिंता होती। चीन के प्रति अब तक हमारा जो अज्ञान बना हुआ था,उसके कारण हम न उसकी वास्तविक शक्ति को समझते है,न कमजोरियों को।चीन ने भी इतने वर्षों तक हमारे बारे में अज्ञानता वश उतने ही भ्रम पाले हुए थे।लेकिन दोनों देशों के बीच सुधरे रिश्तों ने नई मिसाल पेश की है। चीन ने हमारे साथ शत्रु भाव पाल रखा था।उसकी जड़े पाकिस्तान था।

# देवी दुर्गा को समर्पित है धुनुची नृत्य



- कुमार कृष्णन

ढाक की गूँज जब हवा को चीरती है तो लगता है जैसे आकाश स्वयं ढोलक बन गया हो, विशाल पंडालों में, रोशनी की लहरों के बीच, माँ दुर्गा की प्रतिमा साक्षात विराजमान होती है, देवी की आँखों में जो करुणा और क्रोध का संयोग है, वही भाव धीरे धीरे मनुष्यों की देह में उतरने लगता है, इसी क्षण शुरू होता है एक ऐसा नृत्य, जिसमें शरीर का नृत्य नहीं, आत्मा का नर्तन दिखता है.. धुनुची नृत्य! देवी दुर्गा को समर्पित है धुनुची नृत्य. कई लोगों का मानना ??है कि धुनुची नृत्य के बिना दुर्गा पूजा अधूरी है. यह धुनुची नृत्य दुर्गा पूजा का एक महत्वपूर्ण बंगाली शक्ति नृत्य है, जो देवी दुर्गा के सामने किया जाता है. धुनुची नृत्य बंगाल और आसपास के कई राज्यों में दुर्गा पूजा के दौरान किया जाता है और भक्त इसमें उत्साह से भाग लेते हैं. धुनुची नृत्य की शुरूआत सबसे पहले दुर्गा पूजा के दौरान जमींदारों के घरों में हुई थी. बाद में, यह परंपरा कोलकाता और बंगाल के विभिन्न हिस्सों में बारवारी पूजा के दौरान लोकप्रिय हो गई. आज, यह न केवल दुर्गा पूजा का एक अनिवार्य हिस्सा है, बल्कि एक प्रतियोगिता का रूप भी ले चुका है. पुराणों के अनुसार, महिषासुर का वध करने से पहले, देवी दुर्गा ने शक्ति संचय हेतु धुनुची नृत्य किया था. तब से, यह माना जाता है कि इस नृत्य के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को पूर्णतः देवी दुर्गा के प्रति समर्पित कर सकता है और इससे सभी बुरी शक्तियां दूर हो जाती हैं. हाथों में जलती हुई धुनुची लेकर नृत्य करने की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है. धुनुची मूलतः एक मिट्टी का बर्तन होता है जिसमें जलते हुए नारियल के खोल या कोयले पर धूप जलाई जाती है. प्राचीन काल से ही इसका उपयोग वातावरण को शुद्ध करने और पूजा के दौरान देवताओं की पूजा के लिए किया जाता रहा है. धुनुची नृत्य पश्चिम बंगाल का एक पारंपरिक नृत्य है. माता की आरती के दौरान हाथ में धूपबत्ती जलती हुई मिट्टी का बर्तन लिया जाता है. यह नृत्य देवी दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है. नृत्य के दौरान जलती हुई धूपबत्ती से निकलने वाला धुआं वातावरण को भक्ति और ऊर्जा से भर देता है. धुनुची नृत्य दुर्गा पूजा के आनंद को कई गुना बढ़ा देता है. ढोल, बांसुरी, शंख और धुनुची के धुएं का मेल एक मनोरम वातावरण का निर्माण करता है. लिंग भेद के बिना हर कोई इस नृत्य में भाग लेता है और एक सामाजिक समागम का निर्माण करता है. धुनुची नृत्य बंगाली लोक संस्कृति का एक विशिष्ट प्रतीक है. यह परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है. चाहे अष्टमी की सुबह हो या नवमी की रात, सप्तमी की शाम हो या दशमी की भोर, बंगाली दुर्गा पूजा धुनुची नृत्य के बिना अधूरी है. धुनुची को धूप और अगरबत्ती से जलाया जाता है, और जलती हुई धुनुची को कभी हाथ में, कभी मुंह में, कभी कमर पर रखकर ताल पर नृत्य किया जाता है.

## आज का राशिफल

| राशि | फल | राशि | फल |
|---|---|---|---|
| मेष | शुभ संयोग लेकर आ रहा है। अर्धरात्रि के बाद चंद्रमा के वृश्चिक राशि में प्रवेश से सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। | तुला | दिन लाभकारी रहने वाला है। कार्यस्थल से जुड़ा कोई पुराना विवाद आज सुलझ सकता है। |
| वृषभ | धार्मिक स्थल की यात्रा का अवसर प्राप्त हो सकता है, जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। | वृश्चिक | आज मां लक्ष्मी की कृपा दिख रही है। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन शुभ रहने वाला है। |
| मिथुन | आज का दिन रचनात्मक कार्यों के लिए उत्तम है। आज आपको मानसिक रूप से शांति मिलेगी। | धनु | व्यवसाय में थोड़े जोखिम पर बड़ा लाभ मिलने की संभावना बनती हुई दिख रही है। |
| कर्क | मेहनत के साथ करने का दिन है। आपको उस मेहनत का परिणाम तुरंत देखने को भी मिल सकता है। | मकर | दिन सामान्य रहने वाला है। साझेदारी में किया गया व्यापार आपको फायदा दिला सकता है। |
| सिंह | अगर आप अध्यात्म और पढ़ाई के लिए समय निकाल पाते हैं तो आपके लिए लाभकारी रहेगा। | कुंभ | आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना होगा। आपको शारीरिक परेशानी हो सकती है। |
| कन्या | सावधानी बनाकर रखना होगा। आसपास के लोगों के साथ किसी प्रकार का टकराव हो सकता है। | मीन | आज व्यापार में थोड़े से जोखिम भरे फैसले लेने पर अच्छे परिणाम देखने को मिल सकते हैं। |

## विशेष

### अब लव मोहब्बत पर विवाद

भारत हर मामले में अजब और गजब है। प्यार-मोहब्बत भी अब विवाद का कारण बनने लगा है। मुसलमान ने आई लव मोहम्मद कहा, इससे पूरा हिंदू समाज भड़क गया। इसके जवाब में हिंदुओं ने आई लव महाकाल, आई लव राम, आई लव महादेव के बैनर लगाकर मुसलमानो का विरोध शुरू कर दिया।मिलाद उन्नवी के जुलूस में मुसलमान का आई लव मोहम्मद का स्टीकर इतना भारी पड़ गया। मोहब्बत भी धार्मिक ध्रुवीकरण के यह रूप जगह-जगह दंगों के रूप में देखने को मिल रहा है। उपद्रव करने वालों को उपद्रव करने का बहाना चाहिए। हिंदू और मुसलमानो के बीच में यह पोस्टर बार सारे देश में देखने को मिल रहा है। जगह-जगह पुलिस के डंडे मुसलमानो पर पड रहे हैं। हिंदुओं को अपनी ताकत दिखाने का मौका मिल रहा है। वहीं जो मुसलमान सोए हुए थे। अब वह जगह-जगह जाग रहे हैं। आगे क्या होगा यह तो सरकारें ही जाने।

### बिहार की महिलाएं पुण्यशाली

बिहार के विधानसभा चुनाव कुछ ही महीनो में होने वाले हैं। बिहार की महिलाओं को सरकार ने 10000 रुपए उनके खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए हैं। 75 लाख महिलाओं के खाते में 750 करोड रुपए ट्रांसफर हो गए हैं। 25 लाख महिलाएं और कतार में खड़ी है। एक करोड़ परिवार का वोट नितीश बाबू और भाजपा को मिलना तय हो गया है। देश के अन्य राज्यों की महिलाएं कहने लगी है, हमने कौन से पाप किए थे? बिहार में चुनाव हैं, इसलिए महिलाओं को वहां 10000 रुपए दिए हैं। काश हमारे राज्य में भी चुनाव हो जाएँ तो हमें भी पैसे मिल जाएंगे।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1836: मद्रास वाणिज्य एवं उयीग मंडल की स्थापना हुई. 1914: एस.एस कोमागाटामारू बैंकूवर से अजनज पहुंचा. 1942: अगस्त क्रांति के दौरान ध्वज चाहिका 72 वर्षीया श्रीमती मतांगिनी हाजग शहीद हुई. 1957: पाकिस्तान में एक रेल दुर्घटना में तीन सौ से अधिक लीग मारे गए. 1959: आरती साहा ने इंग्लिश चैनल पार किया. 1965: सोचियत संघ ने उत्तर वियतनाम की हथियार देने की बात स्वीकार की. 1967: अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के बड़े पैमाने पर सुधार का प्रस्ताव स्यिोडी जेनेरो बैठक में स्वीकार किया. 1971: सीचियत संघ ने चांद के रहस्यों की खोज के लिए लूना-19 का प्रक्षेपण किया, 1976: सीरियाई सैनिकों ने फलीस्तीनी छापामारों की पूर्वी बेरूत के महत्वपूर्ण तिकानों से खदेड़ दिया. 1977: गंगाजल के बंटवारे के बारे में भारत और बांग्लादेश के बीच समझौता हुआ.

## दैनिक पंचांग

**29 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 07.14 बजे से |
| चंद्र | धनु में | वृश्चिक | 09.28 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 11.44 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 13.49 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 15.36 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 17.09 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 18.39 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 20.19 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 22.17 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | कर्क | 00.31 बजे से |
| | | सिंह | 02.47 बजे से |
| | | कन्या | 04.59 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 272 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** सप्तमी 16.32 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मूल अहोरात्र। **योग** सौभाग्य 01.00 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 16.32 बजे तदनन्तर विष्टि 05.24 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 07.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 26' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872482 **जूलियन दिन** 2460947.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 06 **विशेष** सरस्वती आह्वान, नवपत्रिका पूजा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त समाचार

### कोडरमा में स्पेशल ब्रांच कर्मी के घर चोरी, खिड़की का ग्रिल काट कमरे में घुसे चोर,

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात स्पेशल ब्रांच के एक कंप्यूटर ऑपरेटर के घर लाखों की चोरी हुई। अज्ञात चोरों ने अड्डी बंग्ला रोड स्थित मकान को निशाना बनाया। गृहस्वामी की पत्नी संजू कुमारी के अनुसार, शुक्रवार रात उनके बच्चे लूडो खेलने की जिद कर रहे थे। पति–पत्नी बच्चों के साथ दूसरे कमरे में लूडो खेलने चले गए और वहीं सो गए। सुबह जब संजू कुमारी अपने कमरे के पास पहुंचीं, तो उन्होंने देखा कि दरवाजे के निचले हिस्से से एक जींस बाहर निकली हुई थी। दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने अपने पति को इसकी सूचना दी। पति को शक हुआ और वे घर के पिछले हिस्से से कमरे की खिड़की के पास पहुंचे। उन्होंने देखा कि खिड़की का ग्रिल कटा हुआ था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। वे खिड़की के रास्ते कमरे में दाखिल हुए और अंदर से दरवाजा खोला। संजू कुमारी ने बताया कि गोदरेज में रखे सभी जेवर और 50 हजार रुपए नगद गायब थे। उन्होंने कहा कि उनके लगभग 20 लाख रुपए के जेवरात चोरी हो गए हैं। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का पता लगाया जा सके।

### धनबाद में अवैध शराब फैक्ट्री पर छापेमारी 45 लीटर शराब और पैक करने का भारी मात्रा में सामान बरामद, कोई गिरफ्तार नहीं

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद उत्पाद विभाग ने शनिवार दोपहर मनियाडीह थाना क्षेत्र के पारटांड़ गांव में एक अवैध शराब फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई की। यह कार्रवाई टीकाराम टुडू के आवास पर की गई, जहां से अवैध शराब बनाने और पैक करने का भारी मात्रा में सामान बरामद हुआ। उत्पाद विभाग के सब–इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि यह फैक्ट्री हरलाडीह निवासी डब्लू मंडल द्वारा संचालित की जा रही थी। टीम ने मौके से करीब 45 लीटर तैयार अवैध शराब जब्त की, जिसमें 9 लीटर रॉयल स्टैग और 15 लीटर स्प्रिट शामिल है। इसके अतिरिक्त, खाली बोतलें, नकली लेबल, स्टीकर और शराब बनाने में उपयोग होने वाला अन्य सामान भी बरामद किया गया। हालांकि, छापेमारी के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। गुप्ता ने आगे बताया कि यह छापेमारी गिरिडीह उत्पाद विभाग से मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध शराब का कारोबार लगातार चिंता का विषय बना हुआ है और इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

### सोनम बांगचुंग की गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री ने एक्स पर चिंता प्रकट की

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी झामुमो ने देश के बहुआयामी प्रतिभा के धनी, राष्ट्रीय धरोवर, अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सोनम बांगचुंग की गिरफ्तारी पर चिंता प्रकट की है। सीएम हेमंत सोरेन ने एक्स हैंडल के जरिए अपनी व्यथा प्रकट की। कहा कि उम्मीद की एक और किरण सलाखों के पीछे। जल – जंगल – जमीन, भाषा – संस्कृति – अधिकार की रक्षा एवं देश के लिए समर्पित एक और मजबूत आवाज को गुमनाम बनाने के लिए किए जा रहे षड्यंत्रों पर पूरे देश की नजर है। इधर पार्टी ने भाजपा पर बड़ा प्रहार किया। कहा कि नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण त्योहार में देश की नजर इस खबर की ओर न जाए, ऐसे परिस्थिति में उन्हें गृह मंत्रालय ने गिरफ्तार किया है। इससे झारखंड सहित पूरे देश में जबरदस्त रोष है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। केंद्र सरकार बिना शर्त उन्हें रिहा करे। यह बातें पार्टी के महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही।

### गिरिडीह से लूट की कार बरामद, दो गिरफ्तार, बोकारो में गाड़ी बेचने के बहाने बुलाकर लूटी थी कार,

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो पुलिस ने ओएलएक्स के माध्यम से हुई मारुति स्विफ्ट कार लूट का खुलासा किया है। इस मामले में गिरिडीह से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और चोरी की गई कार भी बरामद कर ली गई है। बोकारो के चिरा चास थाना क्षेत्र में 26 सितंबर को बिट्टू कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि हरू्ञ पर गाड़ी बेचने के बहाने दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें तलगड़िया मोड़ पर बुलाया और उनकी मारुति स्विफ्ट लेकर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए चास एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने गिरिडीह के पीरटांड़ और डुमरी क्षेत्र से दो आरोपियों को पकड़ा। इनकी पहचान जमुई जिले के अलीगंज निवासी नितीश कुमार (21) और तेलारडीह निवासी प्रवेश मांझी (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की गई स्विफ्ट कार, वारदात में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो और दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी किए गए वाहन का इस्तेमाल बिहार में शराब तस्करी के लिए करने की योजना बना रहे थे।

# सेलकर्मियों की मृत्यु होने पर आश्रित बच्चों को मिलेगी इलाज की सुविधा



**बोकारो, एजेंसी।** स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड सेल में काम करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को उनके सेवाकाल के दौरान किसी भी कारण से मृत्यु होने पर अब उनके आश्रित बच्चों को कंपनी के अस्पताल में निशुल्क चिकित्सा सेवा का लाभ दिया जाएगा।

इसके हकदार सिर्फ ऐसे आश्रित स्वजन होंगे, जिनकी उम्र 25 वर्ष तक है। इससे उपर के उम्रदराज युवक या युवती इसके पात्र नही होंगे। नई व्यवस्था के तहत उनके माता या पिता के कार्यरत इकाई के संबंधित अस्पताल में ही उनका निशुल्क इलाज किया जाएगा।

इस दौरान उन्हें कंपनी प्रबंधन की ओर से किसी अन्य अस्पताल में उपचार कराने के लिए रेफर की सुविधा प्रदान नही की जाएगी। वर्तमान समय में सेल प्रबंधन बीएसएल सहित अपने सभी इकाई में अपने अधिकारी व कर्मचारियों के मृत्यु के दौरान सिर्फ उनके आश्रित पत्नी को ही कंपनी के अस्पताल में निशुल्क इलाज की सेवा दे रही है, जबकि उनके आश्रित बच्चों को इलाज के लिए निजी अस्पताल के उपर निर्भर होना पड़ता है।

इससे वैसे लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है, जिनके परिवार में आय की माध्यम कम तथा खर्च बढ़ गया है। इन मसले पर आगामी 4 अक्टूबर को नई दिल्ली में स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन आफ इंडिया सेफी तथा सेल प्रबंधन के बीच एक अहम वार्ता होने वाली है, जहां प्रस्तावित योजना के मूर्त रूप देने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

बैठक में सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, कंपनी के निदेशक कार्मिक केके सिंह, निदेशक वित्त एके पंडा सहित सेफी के चेयरमैन एके बंछोर, महासचिव संजय आर्या, उपाध्यक्ष एके पाण्डेय सहित अन्य सभी इकाई के निर्वाचित पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

### सेल अफसरों को मिलेगा लाइसेंस पर सी टाइप आवास

सेल प्रबंधन तथा सेफी के बीच आगामी 4 अक्टूबर को होने वाली बैठक में कंपनी के खाली पड़े आवास को लाइसेंस योजना पर देने पर भी सहमति बनने के पूरे आसार है। वर्तमान समय में बीएसएल सहित कंपनी के सभी इकाई में अधिकारियों को दिए जाने वाले सी टाइप आवास पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा है।

वहीं कई आवास मरम्मत के अभाव में जर्जर हो रहे है। सेफी की ओर से पूर्व में ही प्रबंधन को यह प्रस्ताव दिया गया था की कंपनी के उच्च श्रेणी के आवास सेल के रिटायर अफसरों को लाइसेंस योजना के तहत दिया जाए।जिससे आवास की सुरक्षा के साथ कंपनी के राजस्व के राशि में भी इजाफा किया जा सकें। सेफी अपने प्रस्तावित सभी मांगों को लेकर 3 अक्टूबर को अपने सदस्यों के साथ आंतरिक बैठक करेगी।

इसके बाद जो मामला प्रमुख होगा, उसे 4 अक्टूबर की बैठक में सेल प्रबंधन की स्वीकृति के साथ धरातल पर उतारने का प्रयास कराया जाएगा।

# मजदूरों पर फायरिंग कर लूटपाट करने वाले छह अपराधी गिरफ्तार, हथियार और लेवी के पैसे भी बरामद

**लातेहार, एजेंसी।** पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना पर बारियातू पुलिस ने छह अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें से तीन अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है।पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बारियातू थाना क्षेत्र के मनातू रेलवे स्टेशन के जंगल मे सात की संख्या में अपराधी किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए जमा हैं।

इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा एसडीपीओ, बालुमाथ विनोद कुमार रवानी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने सूचना के आधार पर छापामारी की और घेराबंदी कर छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि एक अपराधी भागने में सफल रहा।गिरफ्तार किए गए अपराधियों में रुपेश कुमार पुट बुधन गंझू उम्र 19 वर्ष, सुरेंद्र कुमार पिता सरोज गंझू उम्र 19 वर्ष, बिनोद कुमार गंझू पिता स्व रामदयाल गंझू उम्र 19 वर्ष, बादल गंझू पिता जागेश्वर गंझू उम्र 19 वर्ष, सुनील कुमार यादव पिता नागेश्वर गंझू उम्र 20 राशि व राजगीर गंझू पिता धियानी गंझू उम्र 30 वर्ष शामिल हैं।

ये सभी चतरा जिले के निवासी हैं। गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। सुनील यादव पर एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। संजय गंझू पर हत्या के प्रयास और लूट सहित कई मामले दर्ज हैं, जबकि बादल गंझू भी टंडवा थाना कांड में नामजद है।

जेजेएमपी के नाम से लेवी के पर्चे भी छोड़े थे। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि यह घटना जेजेएमपी द्वारा नहीं, बल्कि एक संगठित गिरोह द्वारा की गई थी। इस घटना में आदेश गंझू, संजय गंझू और गणेश गंझू भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि लगभग सात अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए एकत्र हुए हैं।पुलिस ने अपराधियों के पास से एक लोडेड 7.62 एमएम की पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस के साथ एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, चार मोबाइल फोन और लेवी के 28,500 रुपए नगद बरामद किए हैं।

# धनबाद में सनसनीखेज वारदात : आउटसोर्सिंग कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट पर गोलीबारी, तलाश में जुटी पुलिस

**धनबाद/पुटकी, एजेंसी।** बीसीसीएल के मुनीडीह क्षेत्र में संचालित इंदू नामक आउटसोर्सिंग कंपनी के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट गोपाल रेड्डी को गोली मारी गई है।

मुनीडीह ओपी क्षेत्र के काली मंदिर के समीप गोपाल रेड्डी की कार पर अपराधियों ने फायरिंग की। इस दौरान एक गोली उनके कार के अगले हिस्से में लगी, जबकि दूसरी गोली कार के पिछले दरवाजे के छेद करते हुए उनकी जांघ में लगी।



घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गया। घटना के बाद गोपाल रेड्डी को इलाज के लिए असर्फी अस्पताल में ले जाया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार की सुबह गोपाल रेड्डी मुनीडीह काली मंदिर में पूजा करने के लिए गए थे। पूजा कर वे मंदिर से बाहर निकले और अपनी कार संख्या जेएच10डी-7785 में के पिछली सीट पर सवार होकर घर के लिए निकले थे, तभी हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल पर सवार एक 25 वर्षीय युवक ने उन पर गोली चला दी। पहली गोली कार के अगले हिस्से में लगी और वहीं फंस गई, जबकि दूसरी गोली उनकी जांघ में लगी। गोली चलते ही कार चालक उन्हें लेकर उनके आवास पर पहुंचा। यहां से उन्हें एंबुलेंस से धनबाद भेजा गया।

इधर घटना के तुरंत बाद मुनीडीह ओपी और पुटकी थाना पुलिस रेस हो गई। अपराधी की तलाशी में छानबीन शुरू कर दिया। काली मंदिर के पास स्थित दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में इंदू आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी जमा हो गए।

मुनीडीह काली मंदिर के पास चार रास्ते हैं। घटना के बाद अपराधी किस तरफ फरार हुआ, इसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिल पा रही है। सुबह का वक्त होने के कारण लोग भी काफी कम थे।

बताया जाता है कि हाल के दिनों में ही गोपाल रेड्डी ने एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट के रूप में इंदू आउटसोर्सिंग में योगदान दिया है।

### सड़क हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम



**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा-जगन्नाथपुर मुख्य मार्ग पर सिंहपोखरिया रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। सुबह की सैर पर निकले 10 वर्षीय मासूम की मालवाहक वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे और शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी।÷पूंजीपति निर्दोष गरीब मजदूरों की बलि चढ़ाना बंद करोज पूंजीपतियों की दलाली बंद करोज मंत्री दीपक बिरुवा शर्म करोज, मंत्री होश में आओज÷ के नारे लगाये ।

### दलबल के साथ पहुंचे अंचल अधिकारी

सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार और मुफस्सिल थाना प्रभारी चंद्रशेखर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों से वार्ता की और समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण मंत्री को बुलाने की जिद पर अड़े रहे। उनका कहना था कि जब तक मंत्री आमने-सामने बात नहीं करेंगे, तब तक सड़क जाम हटेगा नहीं।

ग्रामीण नेता मुंडा सोना सवैयां ने कहा कि इस मार्ग पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन न तो सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं और न ही मृतकों के परिवार को मुआवजा मिल रहा है। उन्होंने साफ कहा, इस बार समझौता नहीं होगा, मंत्री आकर जनता की बात सुनें। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी था और पुलिस-प्रशासन के लिए स्थिति से निपटना चुनौती बनी हुई है।

### दनुआ घाटी में कंटेनर–ट्रक टक्कर के बाद भीषण आग, पुलिस ने चालक को सुरक्षित बचाया

**चौपारण (हजारीबाग), एजेंसी।** जीटी रोड स्थित दनुआ घाटी में शनिवार तड़के लगभग ढाई बजे एक बड़ा हादसा हुआ। एक कंटेनर वाहन में अचानक आग लग गई। इसी दौरान सड़क किनारे साइड ले रहे एक अन्य ट्रक की कंटेनर से टक्कर हो गई और देखते ही देखते दोनों वाहन आग की चपेट में आ गए। कुछ ही देर में आग इतनी भयंकर हो गई कि दोनों गाड़ियां धू-धू कर जलने लगी।

हादसे की सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, एएसआई बादल महतो व अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचे और तुरंत बचाव कार्य शुरू किया।पुलिस ने साहसिक कदम उठाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। वाहनों पर रखे अधिकांश सामान भी पूरी तरह से जल गए।हादसे के बाद जीटी रोड पर कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया और यातायात प्रभावित हुआ।

# निलंबित आईएएस विनय चौबे की मुश्किलें बढ़ीं, जेल से निकलने के लिए लगेगा समय

### शराब घोटाला में 20 मई को हुए थे गिरफ्तार, एसीबी के तीन मामले में हैं आरोपी



**रांची, एजेंसी।** निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्हें जेल से निकलने के लिए इंतजार करना होगा। क्योंकि एसीबी में उनके विरुद्ध अबतक कुल तीन मामले दर्ज हो गए। इनमें से सिर्फ एक मामले में ही उन्हें जमानत मिल सकी है।

विनय चौबे 20 मई से न्यायिक हिरासत में हैं। पहली प्राथमिकी विनय चौबे के विरुद्ध 20 मई 2025 को एसीबी में शराब घोटाला में दर्ज की गई थी। जिसमें उन पर 38 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान सरकार को पहुंचाने का आरोप है।

एसीबी ने उन्हें 20 मई को ही गिरफ्तार भी किया था। शराब घोटाला मामले में एसीबी को 90 दिनों के अंदर चार्जशीट दाखिल करनी थी, लेकिन नहीं कर सकी। जिसका नतीजा यह हुआ कि विनय चौबे को कोर्ट ने 19 अगस्त को जमानत दे दी। शराब घोटाले में विनय चौबे को जमानत तो मिल गई, लेकिन वे जेल से बाहर नहीं निकल पाए। क्योंकि एसीबी ने उन्हें हजारीबाग में खास महाल जमीन घोटाला मामले में भी उन्हें आरोपी बना दिया।

हजारीबाग के खास महाल जमीन घोटाला में भी आरोपी हजारीबाग में खास महाल जमीन घोटाला मामले में विनय चौबे को 13 अगस्त को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। इस मामले में भी उनकी गिरफ्तारी दिखाई गई। खास महाल जमीन मामले में अभी तक विनय चौबे को जमानत नहीं मिली है।

इस वजह से वे 20 मई से न्यायिक हिरासत में हैं। अब विनय चौबे के विरुद्ध तीसरा केस एसीबी में दर्ज कर लिया गया है। हजारीबाग में हुए वन भूमि घोटाला में एसीबी ने 25 सितंबर को मंत्रिमंडल निगरानी एवं सचिवालय विभाग से अनुमति मिलने के बाद एसीबी हजारीबाग थाना कांड संख्या 11/25 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

इस प्राथमिकी में भी विनय कुमार चौबे को नामजद आरोपी बनाया गया है। अब इस मामले में भी एसीबी उन्हें गिरफ्तार करती है तो उनका जेल से निकलना मुश्किल हो जाएगा। क्योंकि हजारीबाग खास महाल मामले में अब तक जमानत नहीं मिली है।

### तीन महुआ शराब भट्ठियों में छापेमारी 660 क्विंटल जावा महुआ किया नष्ट

**डुमरी, एजेंसी।** दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर डुमरी व निमियाघाट पुलिस ने शुक्रवार को अपने-अपने थाना क्षेत्र की तीन महुआ शराब की भट्ठियों में छापेमारी कर कुल 660 क्विंटल जावा महुआ बरामद कर किया। इस दौरान पुलिस ने भट्ठियों और बरामद जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया। छापेमारी के पूर्व ही भट्ठी संचालक फरार हो गए।इस दौरान डुमरी पुलिस ने जामतारा पंचायत के करीयारी के समीप जमुनिया नदी के किनारे स्थित महुआ शराब की भट्ठी में छापेमारी कर लगभग 350 किलो जावा महुआ बरामद किया। पुलिस ने बरामद जावा महुआ सहित शराब की भट्ठियों और शराब बनाने में उपयोग होने वाले सामानों को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इधर, निमियाघाट पुलिस ने केंदुआडीह में आनंद साव ,तारा साव व बिनोद साव के घर के पीछे बने करकट व झोपड़ीनुमा कमरे में संचालित शराब भट्ठी में छापेमारी कर 6 बड़ा ड्रामों में रखे कुल 540 किलो जावा महुआ व केंदुआडीह में ही बासुदेव साव के झोपड़ीनुमा घर में संचालित शराब भट्ठी में छापेमारी कर 2 ड्रम में रखे करीब 220 किलो जावा महुआ को बरामद किया। जिसे जब्त करने के बाद मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही शराब भट्ठी व शराब बनाने वाले सामानों को भी नष्ट किया गया। इस संबंध में पुलिस ने चार लोगों को नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# कुड़मी का एसटी मांग के विरोध में 12 अक्तूबर को मोरहाबादी मैदान से उलगुलान, आदिवासी संगठन का एलान



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में कुडमी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने की मांग के खिलाफ आदिवासी संगठनों का विरोध तेज हो गया है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने सिरमटोली सरना स्थल पर आयोजित बैठक में केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि यदि कुडमी को एसटी दर्जा दिया गया तो आदिवासी समाज के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा और उन्हें झारखंड छोड़ना पड़ सकता है।

आदिवासी हक और संस्कृति पर खतरा अजय तिर्की ने कहा कि कुडमी की मांग आदिवासी समाज के हक और अधिकारों पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासियों की परंपरा और संस्कृति को मिटाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।वहीं आदिवासी नेता ग्लैडसन डुंगडुंग ने ऐतिहासिक तथ्य पेश करते हुए कहा कि कुडमी 17वीं सदी में बिहार से झारखंड आए थे और 1872 से 1931 तक अलग वर्ग में दर्ज थे। उन्होंने दावा किया कि टीआरआई की रिपोर्ट को केंद्र सरकार पहले ही खारिज कर चुकी है। डुंगडुंग ने कुडमी समुदाय पर आदिवासी स्वशासन और पेसा कानून को कमजोर करने का भी आरोप लगाया। केंद्रीय सरना समिति के नेता रूपचंद तिर्की ने बताया कि पर्व-त्योहारों के कारण 5 अक्तूबर को प्रस्तावित रैली स्थगित कर दी गई है। अब यह महारैली 12 अक्तूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में होगी, जहां आदिवासी समाज संवैधानिक तथ्यों के साथ अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगा। कुडमी समाज को संवैधानिक तरीके से मांग रखने की सलाह बाहा लिंडा ने कुडमी समुदाय से मर्यादित बयानबाजी करने और अपनी मांग को संवैधानिक तरीके से रखने की अपील की।

# बरहेट के जनजातीय गांव में रहस्यमयी बीमारी से 20 दिन में तीन की मौत, स्वास्थ्य विभाग अनजान

**बरहेट (साहिबगंज), एजेंसी।** बरहेट प्रखंड की हिरणपुर पंचायत के कैरोगोड़ा गांव में पिछले 20 दिनों के भीतर गांव के तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि दर्जनभर से अधिक लोग बीमार हैं। मरने वालों को पहले उल्टी व दस्त हुआ था, जिसके कारण डायरिया से मौत की आशंका जताई जा रही है। हैरत की बात यह है कि स्वास्थ्य महकमे को अब तक इसकी भनक तक नहीं लगी है। जबकि गांव आदिम जनजाति बहुल है।

इसी साल मार्च में मंडरो प्रखंड में आधा दर्जन बच्चों की मौत ब्रेन मलेरिया से हो गई थी। दिल्ली की टीम ने भी साहिबगंज का दौरा किया था। ग्रामीणों में फिर डर का माहौल है।

मृतकों में 48 वर्षीय ठाकुर किस्कू (8 सितंबर), 35 वर्षीय मंगला पहाड़िया (16 सितंबर) और 18 वर्षीय छीता टुडू (19 सितंबर) शामिल हैं।

**इलाज का हाल:** ठाकुर किस्कू और मंगला पहाड़िया का इलाज गांव में ही झोलाछाप चिकित्सक से कराया गया।



**अस्पताल से वापसी:** छीता टुडू को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था, जहां स्वजनों के अनुसार इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। स्वजनों ने बताया कि शव को एंबुलेंस वाला घर से कुछ दूर पहले ही उतार कर चला गया। 18 वर्षीय छीता टुडू की डेढ़ साल की एक पुत्री है।

**दर्जनभर बीमार, नहीं पहुंची कोई मदद :** ग्रामीण शैलेश सोरेन, चरण टुडू, चुनका टुडू और अन्य लोगों ने बताया कि तीन मौतों के अलावा, गांव में दर्जनभर लोग बुखार से पीड़ित हैं। इनमें 60 वर्षीय मरांगमय मुर्मू, 40 वर्षीय बाले किस्कू, 42 वर्षीय धनी मुर्मू, 35 वर्षीय विटी मुर्मू और 25 वर्षीय मालोती मरांडी शामिल हैं। ये सभी ग्रामीण अब भी झोलाछाप चिकित्सकों से इलाज करा रहे हैं। मृतक ठाकुर किस्कू की पुत्री रानी किस्कू ने बताया कि उसके पिता की मौत भी उल्टी और दस्त के कारण हुई, जिससे पूरा परिवार चिंतित है।

**कहां है स्वास्थ्य सहिया की तैनाती :** स्वास्थ्य विभाग गांवों में स्वास्थ्य सहिया को तैनात करता है। ताकि ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत मिल सके, लेकिन कैरोगोड़ा गांव में ऐसा नहीं हुआ। यह गांव बरहेट प्रखंड मुख्यालय से मात्र 20 किलोमीटर दूर है।इस गांव में आदिम जनजाति पहाड़िया, आदिवासी और मड़ैया जाति के लोग 50 से अधिक घरों में रहते हैं। मुख्य सड़क से गांव की दूरी लगभग दो किलोमीटर है और जर्जर सड़क के कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी है।

इसी साल मार्च में मंडरो प्रखंड के नगरभिट्ठा गांव में आधा दर्जन बच्चों की मौत ब्रेन मलेरिया से हुई थी। पांच मौतों के बाद विभाग जागा था और बाद में जांच के लिए दिल्ली से उच्चस्तरीय टीम भी आई थी।



# प्याज की उन्नत खेती

**प्याज एक नकदी फसल है जिसमें विटामिन सी, फास्फोरस आदि पौष्टिक तत्व प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। भारत में रबी तथा खरीफ दोनों ऋतुओं में प्याज उगाया जा सकता है।**

## भूमि

प्याज सभी प्रकार की मिट्टी में उगाई जा सकती है जैसे कि रेतीली, दोमट, गाद दोमट और भारी मिट्टी। सफल प्याज की खेती के लिए सबसे अच्छी मिट्टी दोमट और जलोढ़ हैं जिसमें जल निकासी प्रवृत्ती के साथ अच्छी नमी धारण क्षमता और पर्याप्त कार्बनिक पदार्थ हो। भारी मिट्टी में उत्पादित प्याज खराब हो सकते हैं। वैसे भारी मिट्टी पर भी प्याज सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है, अगर खेती के लिए क्षेत्र की तैयारी बहुत अच्छी हो और रोपण से पहले जैविक खाद का प्रयोग किया जाए। प्याज की फसल के लिए मृदा सामू इष्टतम 6.0 - 7.5 होना चाहिए, लेकिन प्याज हल्के क्षारीय मिट्टी में भी उगाया जा सकता है। प्याज फसल अत्यधिक अम्लीय, क्षारीय और खारी मिट्टी और जल जमाव के लिए अधिक संवेदनशील है। प्याज 6.0 के नीचे सामू की मिट्टी में सूक्ष्म तत्व की कमी की वजह से या कभी-कभी एल्युमिनीयम या मैगनीज विषाक्तता होने के कारण कामयाब नहीं है।



## उन्नत किस्में

एग्रीफाउंड डार्क रेड, भीमा सुपर, भीम डार्क रेड। एग्रीफाउंड लाइट रेड, एग्रीफाउंड रोज, भीमा रेड, भीमा शक्ति, पूसा रेड, पूसा रतनार। पूसा व्हाइट राउंड, पूसा व्हाइट फ्लैट, भीमा श्वेता, भीमा शुभ्रा।

## बीज की बुवाई

प्याज की बुवाई खरीफ मौसम में मई के अन्तिम सप्ताह से लेकर जून के मध्य तक करते हैं। रबी फसल हेतु नर्सरी में बीज की बुवाई नवम्बर-दिसम्बर में करनी चाहिए।

## पौध तैयार करना

उचित पौधशाला प्रबंधन और रोपाई का प्याज की फसल में महत्वपूर्ण योगदान है। लगभग 0.05 हेक्टेयर क्षेत्र की पौधशाला 1 हेक्टेयर में रोपाई हेतु पर्याप्त है। इसके लिए खेत की 5-6 बार जुताई करें जिससे ढेले टूट जाएं और मिट्टी भुरभुरी होकर अच्छी तरह से पानी धारण कर सके। भूमि की तैयारी से पहले पिछली फसल के बचे हुए भाग, खरपतवार और पत्थर हटा दें। आखिरी जुताई के समय आधा टन अच्छी तरह से सड़ी हुई गोबर की खाद 0.05 हेक्टेयर में मिट्टी के साथ अच्छी तरह से मिलायें। पौधशाला के लिए 10-15 सें.मी. ऊंचाई, 1मी. चौड़ाई और सुविधा के अनुसार लंबाई की उठी हुई क्यारियां तैयार की जानी चाहिए। क्यारियों के बीच की दूरी कम से कम 30 सेमी हो, जिससे एक समान पानी का बहाव हो सके और अतिरिक्त पानी की निकासी भी संभव हो। उठी हुई क्यारियों की पौधशाला के लिए सिफारिश की गई है, क्योंकि समतल क्यारियों में ज्यादा पानी की वजह से बीज बह जाने का खतरा रहता है। लगभग 10 कि.ग्रा. बीज एक हेक्टेयर में पौध के लिए आवश्यक है। बुवाई से पहले 3 ग्रा./कि.ग्रा. बीज के दर से थीरम का उपयोग आर्द्र गलन (डैंपिंग ऑफ) रोग से बचने में सहायता करता है। ट्रायकोडर्मा विरीडी 4 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीज उपचार आर्द्र गलन से बचने एवं स्वस्थ पौध प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। बीज 50 मि.मी. से 75 मि.मी. पर कतार में बोयें जिससे बीज बुवाई के बाद रोपाई, निराई और कीटनाशकों का छिड़काव आसानी से हो सके। बुवाई के बाद बीज को सड़ी हुई गोबर खाद या कम्पोस्ट से ढका जाना चाहिए और फिर हल्के पानी का छिड़काव करें। टपक या सुक्ष्म फव्वारा प्रणाली के माध्यम से सिंचाई करने पर पानी की बचत होती है। पौधशाला में मेटालेक्सिल 2 ग्राम प्रति लीटर पानी के पर्णीय छिड़काव का मृदा जनित रोगों को नियंत्रित करने के लिए सिफारिश की गई है। कीड़ों का प्रकोप अधिक होने पर फिप्रोनील 1 मिली प्रति लीटर का पत्तों पर छिड़काव करें। प्याज के पौध खरीफ में 35-40 दिनों में और पिछेती खरीफ एवं रबी में 45-50 दिनों में रोपाई के लिए तैयार हो जाते हैं।



## खाद उर्वरक-

प्याज से भरपूर उत्पादन प्राप्त करने हेतु खाद एवं उर्वरकों का उपयोग मृदा परीक्षण की अनुशंसा के अनुसार करें। सामान्तया अच्छी फसल लेने के लिये 20-25 टन अच्छी सड़ी गोबर खाद प्रति हेक्टेयर की दर से खेत की अंतिम तैयारी के समय मिला दें। इसके अलावा 110 किलोग्राम नत्रजन, 40 किलोग्राम फास्फोरस व 60 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से डालें। नत्रजन की आधी मात्रा और फास्फोरस व पोटाश की संपूर्ण मात्रा रोपाई के पहले खेत में मिला दें। नत्रजन की शेष मात्रा को 2 बरबर भागों में बांटकर रोपाई के 30 दिन तथा 45 दिन बाद छिड़कें। इसके साथ-साथ गंधक (सल्फर) भी प्याज कन्द के तीखापन में सुधार लाने के लिए और प्याज का उत्पादन बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। अगर गंधक स्तर 15 कि.ग्रा./हे. से ऊपर है, तब 30 कि.ग्रा./हे. और यदि यह 15 कि.ग्रा./हे. से नीचे है तब 45 कि.ग्रा./हे. गंधक का इस्तेमाल करना चाहिए।





## प्याज की अच्छी उपज हेतु घुलनशील उर्वरकों का पर्णीय छिड़काव

यदि वानस्पतिक वृद्धि कम हो तो 19:19:19 पानी मे घुलनशील उर्वरक 5 ग्राम प्रति लीटर पानी मे घोलकर रोपाई के 15, 30 एवं 45 दिन बाद छिडकाव करें। इसके बाद 13:0:45 पानी मे घुलनशील उर्वरक 5 ग्राम प्रति लीटर पानी मे घोलकर रोपाई के 60, 75 एवं 90 दिन बाद छिड़काव करें।

- अच्छी उपज व गुणवत्ता के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों का मिश्रण 1 ग्राम प्रति लीटर पानी मे घोलकर रोपाई के 45 और 60 दिन बाद छिड़काव करें।

## पौध रोपण

रोपाई के लिए पौध का चयन करते समय ऊचित ध्यान रखें। कम और अधिक आयु के पौध रोपाई के लिए नहीं लें। रोपाई के समय पौध के शीर्ष का एक तिहाई भाग काट दें जिससे उनकी अच्छी स्थापना हो सके। प्याज की पौध स्थापना के दौरान फफूंदी संबंधी रोगों की घटनाओं को कम करने के लिए पौध की जड़ों कों कार्बेण्डाजिम घोल (2 ग्राम प्रति लीटर पानी) में दो घंटें के लिए डुबाने के बाद रोपित किया जाये। रोपाई के समय पंक्तियों के बीच 15 सें.मी. और पौधों के बीच 10 सें.मी. इष्टतम अंतर हो।



## सिंचाई

मौसम, मिट्टी का प्रकार, सिंचाई की विधि और फसल की आयु पर प्याज में सिंचाई की आवश्यकता निर्भर करती है। आम तौर पर रोपाई के समय, रोपाई से तीन दिनों बाद और मिट्टी की नमी के आधार पर 7-10 दिनों के अंतराल पर सिंचाई की जरूरत होती है। खरीफ फसल में 5-8 बार, पिछेती खरीफ फसल में 10-12 बार और रबी की फसल में 12-15 बार सिंचाई की जरूरत है। प्याज एक उथले जड़ की फसल है जिसकी उचित वृद्धि और कन्द विकास हेतु इष्टतम मिट्टी की नमी बनाए रखने के लिए लगातार हल्के सिंचाई की जरूरत होती है। फसल परिपक्व होने के पश्चात (फसल कटाई से 10-15 दिन पहले) सिंचाई बंद करनी चाहिए। इससे भंडारण के दौरान सड़न को कम करने में मदद मिलती है। अतिरिक्त सिंचाई प्याज की फसल के लिए हानिकारक होती है तथा शुष्क समय के बाद सिंचाई करने से दुफाड कन्द बनते है।

## निंदाई-गुड़ाई

फसल को खरपतवार से मुक्त रखने के लिए समय-समय पर निराई-गुड़ाई करके खरपतवार को निकालते रहें। इसके अतिरिक्त खरपतवारनाशी जैसे पेंडिमिथालिन 30 ई.सी. का 3.3 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से 500 लीटर पानी में घोलकर रोपाई के 3 दिन के अंदर छिड़काव करें या ऑक्सिफलौरफेन 23.5 प्रतिशत ई. सी. 650 मिली प्रति हेक्टेयर 500 लीटर पानी मे घोलकर रोपाई के 3 दिन के अंदर छिड़काव करें यदि खड़ी फसल में यदि खरपतवार हो तो ऑक्सीफलौरफेन 23.5 प्रतिशत ई. सी. 1 मिली प्रति लीटर + क्विज़लफोप इथाइल 5 प्रतिशत ई.सी. 2 मिली प्रति लीटर रोपाई के 20 से 25 दिन बाद छिड़काव करें।

## खुदाई

प्याज की फसल 50 प्रतिशत गर्दन गिरने के बाद निकाली जानी चाहिए जो कि फसल परिपक्वता का संकेतक है। हालांकि, खरीफ के मौसम में 90-110 दिनों में कन्द परिपक्व हो जाते हैं, लेकिन पौधे सक्रिय विकास के चरण में ही रहते है और गर्दन गिरने के लक्षण नहीं दिखाई देते। ऐसे समय में रंगद्रव्य और प्याज के आकार को भी खरीफ मौसम के दौरान परिपक्वता के लिए सूचकांक के रूप में लिया जाता है। कन्द के संपूर्ण विकास के बाद, कटाई से दो-तीन दिन पहले गर्दन गिरावट को प्रेरित करने के लिए खाली ड्रम घुमायें। कटे हुए कन्द को तीन दिनों के लिए खेतों में सूखने के लिए छोड़ दें, जिससे कन्द शुष्क हो जाते हैं। इससे उनकी जीवनावधि बढ़ जाती है। तीन दिनों के बाद 2.0-2.5 से. मी गर्दन को छोड़ सबसे ऊपर का भाग हटा दें तथ उसके बाद 10-12 दिनों के लिए कन्दों को छाय में रखें जिससे कि बेहतर भंडारण हो सके समयपूर्व कटाई करने से कार्यिकीय भार क्षति सड़न और अंकुरण के कारण सस्योत्तर नुकसा बढ़ता है।



## प्रमुख रोग

### बैंगनी धब्बा

बैंगनी धब्बा रोग (पर्पिल ब्लाच) इस रोग के प्रभाव से प्रारम्भ में पत्तियों तथा उर्ध्व तने पर सफेद एवं अंदर की तरफ धब्बे बनते है, जिससे तना एवं पत्ती कमजोर होकर गिर जाती है। फरवरी एवं अप्रैल में इसका प्रकोप ज्यादा होता है।



### रोकथाम

मैंकोजेब+कार्बेंडाज़िम 2.5 ग्राम दवा के सममिश्रण से प्रति किलो बीज की दर से बीजोपचार कर बुआई करें।

मेंकोज़ेब 75 प्रतिशत डब्ल्यू. पी. 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी या प्रोपिकोनाज़ोल 25 प्रतिशत ई.सी. 1 मिली प्रति लीटर पानी की दर से 10 से 15 दिन के अंतराल पर दो बार छिड़काव करें।

### झुलसा रोग

रोग से प्रकोप की स्थिति में पत्तियों की उर्ध्व स्तम्भ पर हल्के नारंगी रंग के धब्बे बनते हैं ।

### रोकथाम

मेंकोज़ेब 75 प्रतिशत डब्ल्यू. पी. 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी या प्रोपिकोनाज़ोल 25 प्रतिशत ई.सी. 1 मिली प्रति लीटर पानी की दर से 10 से 15 दिन के अंतराल पर दो बार छिड़काव करें।

## पौध संरक्षण



### प्रमुख कीट

**थ्रिप्स:** यह छोटे और पीले रंग के कीट होते है जो पत्तियों का रस चूसते हैं। जिससे इनका रंग चितकबरा दिखाई देने लगता है। इनके प्रकोप से पत्तियों के शीर्ष भूरे होकर एवं मुरझाकर सूख जाते हैं।

**नियंत्रण:** इस कीट के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 5 मिली./15 ली. पानी या फिप्रोनिल 5 प्रतिशत एससी 30 मिली प्रति 15 लीटर पानी में घोल बनाकर 15 दिन के अन्तराल पर छिड़काव करें।

## सफेद लट (व्हाइट ग्रब):

### प्रबंधनः

- खेत में कच्ची गोबर की खाद का उपयोग नही करें।
- व्हाइट ग्रब के नियंत्रण हेतु प्रभावित खेतों में जड़ों के पास क्लोरोपायरीफॉस 20 ई.सी. 1.5 लीटर लीटर दवाई को 500-600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव इस प्रकार करें कि दवाई 3-4 इंच नीचे पहुंच सके। अथवा फोरेट 10 जी की 10 कि.ग्रा. मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 50 कि.ग्रा. रेत में मिलाकर भुरकाव कर हल्की सिचाई करें।

# जीएसटी कटौती से 25 फीसदी तक बढ़ी खरीदारी

● ब्रिक्स समर्थित बैंक मार्च तक लाएगा रुपया आधारित बॉन्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी दरों में कटौती से इस सीजन में उपभोक्ता व्यवहार में तेजी देखी जा रही है। इससे महानगरीय व उभरते बाजारों में त्योहारी मांग में 23-25 फीसदी की बढ़त हुई है। नवरात्र के पहले दिन बड़ी स्क्रीन वाले टीवी, मध्यम श्रेणी के फैशन और फर्नीचर सहित कई उच्च मांग वाली श्रेणियों में कर की दरें कम हो गई हैं। इससे उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिल रहा है। जीएसटी के बदलावों ने खुदरा कीमतें कम करने के साथ खरीदारों को छूट की रणनीति से आगे बढ़कर अधिक खरीदारी करने के लिए भी प्रोत्साहित किया है। इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों की भागीदारी बढ़ी है और विवेकाधीन खर्च में वृद्धि को बढ़ावा मिला है। रेडसीर के अनुसार, बड़े टीवी पर जीएसटी को 28 से घटाकर 18 फीसदी करने से खुदरा कीमतों में 6 से 8 फीसदी की गिरावट आई है। इससे प्रीमियम मॉडलों की मांग बढ़ी है। 2,500 रुपये से कम कीमत वाली फैशन वस्तुओं पर 5 फीसदी जीएसटी से मध्यम बाजार के परिधानों की खरीदारी को बढ़ावा मिल



रहा है। नवरात्र के पहले दो दिनों में बिक्री सालाना आधार पर 23-25 फीसदी बढ़ी है। यह पिछले साल की शुरुआत की तुलना में चार से पांच गुना अधिक है। यूजर फीडबैक से पता चला कि मांग इतनी ज्यादा थी कि कुछ एप्स ऑर्डर देने के कुछ ही मिनटों में क्रैश हो गए।

**मुथूट फिनकॉर्प पर 2.7 लाख का जुर्माना:** आंतरिक लोकपाल से जुड़े कुछनियमों के उल्लंघन पर आरबीआई ने मुथूट फिनकॉर्प लि. पर 2.7 लाख का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को कहा, 31 मार्च, 2024 तक कंपनी की वित्तीय स्थिति के वैधानिक निरीक्षण के बाद नोटिस जारी किया गया था।

### अमेरिका से 196000 से अधिक वाहन वापस बुलाएगी बीएमडब्ल्यू

कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू इंजन में खराबी के बाद अमेरिका से अपने 1,96,000 से ज्यादा वाहनों को वापस बुलाएगी। इंजन में खराबी के कारण इसमें जंग लगने की समस्या से ओवरहीटिंग और शॉर्ट सर्किट हो सकता है। इससे आग लगने का खतरा बढ़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा प्रशासन ने कहा कि इसके चलते टोयोटा सुप्रा और 2022 बीएमडब्ल्यू 230 आई वाहनों सहित कई मॉडलों पर प्रभाव पड़ेगा। अमेरिकी सीमा शुल्क अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या भारतीय सौर ऊर्जा कंपनी वारी एनर्जीज ने चीन में निर्मित सेल और पैनलों पर अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए उन्हें भारत में निर्मित बताकर उन पर शुल्क लगाया है।

### ब्रिक्स समर्थित बैंक मार्च तक लाएगा रुपया आधारित बॉन्ड

ब्रिक्स देशों के समर्थित न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) मार्च के अंत से पहले घरेलू बाजार में पहला भारतीय रुपया मूल्यवर्गित बॉन्ड जारी कर सकता है। इस योजना के लिए आरबीआई के साथ बात हो रही है। एनडीबी ने पहले चीनी युआन व दक्षिण अफ्रीकी रैंड मुद्रा में धन जुटाया है। बैंक पहली किस्त में 3-5 साल के बॉन्ड से 40 करोड़ डॉलर से 50 करोड़ डॉलर की रकम जुटा सकता है। यह योजना ऐसे समय में आई है जब चीन व भारत अपनी मुद्राओं की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं व निवेशक विकसित बाजारों से परे अपनी परिसंपत्तियों में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में चीन ने हांगकांग में युआन बॉन्ड के विकास का समर्थन करने के लिए उपाय शुरू किए।

## अमेरिकी शुल्क भारत की वृद्धि के लिए बड़ा जोखिम: क्रिसिल इंटेलिजेंस




**कोलकाता, एजेंसी।** क्रिसिल इंटेलिजेंस ने अपनी सितंबर की रिपोर्ट में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के उच्च शुल्क लगाने से देश की वृद्धि के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि शुल्क भारतीय वस्तुओं के निर्यात और निवेश दोनों को प्रभावित करेंगे। हालांकि, क्रिसिल इंटेलिजेंस ने यह भी कहा कि कम मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में कटौती से प्रेरित घरेलू खपत से वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद है। देश की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 7.4 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। इसमें यह भी कहा गया कि कृषि क्षेत्र की अच्छी वृद्धि से खाद्य मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने की उम्मीद है, हालांकि अत्यधिक वर्षा के प्रभाव का अभी पूरी तरह से आकलन नहीं किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि कच्चे तेल की कम कीमतों और वैश्विक स्तर पर जिंस कीमतों में नरमी से गैर-खाद्य मुद्रास्फीति पर लगाम लगने की उम्मीद है।

## एनटीपीसी ने 2024-25 के लिए सरकार को 3,248 करोड़ रुपए का अंतिम लाभांश दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में बिजली मंत्रालय को 3,248 करोड़ रुपए का भुगतान किया। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने निदेशक मंडल के साथ 25 सितंबर को बिजली सचिव पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में बिजली मंत्री मनोहर लाल को अंतिम लाभांश सौंपा। बयान में कहा गया कि यह राशि नवंबर 2024 में 2,424 करोड़ रुपए के पहले अंतरिम लाभांश और फरवरी 2025 में दिए गए 2,424 करोड़ रुपए के दूसरे अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है। इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भुगतान किया गया कुल लाभांश 8,096 करोड़ रुपए है, जो 10 रुपए अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 8.35 रुपए बैठता है। यह लगातार 32वां वर्ष है, जब एनटीपीसी लिमिटेड ने लाभांश का भुगतान किया।

## 2 हिस्सों में बंट जाएगा टाटा मोटर्स का बिजनैस, एनसीएलटी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स लिमिटेड को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एन.सी.एल.टी.) की मुंबई बैंच से अपने रीस्ट्रक्चरिंग प्रोग्राम के लिए मंजूरी मिल गई, जिससे 1 अक्तूबर से उसके पैसेंजर व्हीकल्स और कमर्शियल व्हीकल्स बिजनैस के अलग होने का रास्ता साफ हो गया है। एन.सी.एल.टी. ने अपने आदेश में उस पूरी व्यवस्था योजना को मंजूरी दे दी, जिसके तहत टाटा मोटर्स के कमर्शियल व्हीकल्स बिजनैस को टीएमएल कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमएलसीवी) में अलग किया जाएगा, जबकि पैसेंजर व्हीकल्स बिजनैस को टाटा मोटर्स के नाम अधीन समेकित किया जाएगा, जिसका नाम बदलकर टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड कर दिया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक टाटा मोटर्स की ये दोनों कंपनियां स्वतंत्र रूप से लिस्ट होंगी और शेयरहोल्डरों को टाटा मोटर्स में रखे गए प्रत्येक शेयर के बदले टीएमएलसीवी का 1 शेयर मिलेगा। इस योजना में कमर्शियल व्हीकल यूनिट को 2,300 करोड़ रुपए मूल्य के नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर ट्रांसफर करने का भी प्रावधान है। टाटा मोटर्स ने कहा कि इस कदम से वैल्यू में बढ़ौतरी होगी और दोनों बिजनैस को ज्यादा रणनीतिक फोकस, बेहतर गतिशीलता और स्पष्ट पूंजी आबंटन मिलेगा। पुनर्गठन से पहले टाटा मोटर्स ने अपनी लीडरशिप में भी कई बड़े बदलाव किए हैं। कमर्शियल व्हीकल (सी.वी.) डिवीजन का नेतृत्व कर रहे गिरीश वाघ, टीएमएलसीवी के एम.डी. और सी.ई.ओ. का कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में पैसेंजर ई.वी. वर्टिकल का नेतृत्व कर रहे शैलेश चंद्रा, टाटा मोटर्स के एम.डी. और सी.ई.ओ. बनेंगे, जो पैसेंजर व्हीकल बिजनैस को देखेंगे। इस बदलाव में फाइनैंशियल लीडरशिप में भी बदलाव शामिल है। ग्रुप के चीफ फाइनैंशियल ऑफिसर पी.बी. बालाजी 17 नवंबर को अपने पद से इस्तीफा देकर यूनाइटेड किंगडम में जगुआर लैंड रोवर पीएलसी के सी.ई.ओ. का पद संभालेंगे। उनकी जगह धीमान गुप्ता लेंगे, जो वर्तमान में टाटा पैसेंजर इलैक्ट्रिक मोबिलिटी के सी.एफ.ओ. हैं और टाटा मोटर्स में ग्रुप सी.एफ.ओ. की भूमिका निभाएंगे।

**रसोई गैस ग्राहक ध्यान दें!**

# बिना कनेक्शन बदले ही सिम पोर्ट की तरह चेंज कर पाएंगे कंपनी

### कनेक्शन को बदले बिना अनुमति मिल जाएगी

### पोर्टेबिलिटी की अनुमति देने की बात कर रहा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या आप अपने रसोई गैस आपूर्तिकर्ता से नाराज हैं अगर ऐसा है तो जल्द ही आपको राहत मिलने वाली है। मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह ही, रसोई गैस उपभोक्ताओं को जल्द ही अपने मौजूदा कनेक्शन को बदले बिना आपूर्तिकर्ता को बदलने की अनुमति मिल जाएगी।

इससे उन्हें अधिक विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी। तेल नियामक पीएनजीआरबी ने एलपीजी इंटरऑपरेबिलिटी मसौदे पर हितधारकों और उपभोक्ताओं की टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने नोटिस में कहा कि ऐसी स्थितियों में जहां किसी स्थानीय वितरक को परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता है, उपभोक्ताओं के पास अक्सर सीमित विकल्प होते हैं और उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इसमें कहा गया, अन्य कारण भी हो सकते हैं, और उपभोक्ता को एलपीजी कंपनी या डीलर चुनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, खासकर जब सिलेंडर की कीमत समान हो।

तत्कालीन संप्रग सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में एलपीजी कनेक्शनों की पायलट पोर्टेबिलिटी शुरू की थी और जनवरी 2014 में इसे पूरे भारत में विस्तारित करते हुए 480 जिलों को इसमें शामिल किया था। हालांकि, उपभोक्ताओं को 2014 में केवल अपने डीलर बदलने के सीमित विकल्प दिए गए थे, तेल कंपनी नहीं।



उस समय कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी कानूनी रूप से संभव नहीं थी, क्योंकि कानून के अनुसार किसी विशेष कंपनी के एलपीजी सिलेंडर को रिफिल के लिए केवल उसी कंपनी को जमा करना होता था। पीएनजीआरबी अब कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी की अनुमति देने की बात कर रहा है। नियामक ने कहा, पीएनजीआरबी, एलपीजी आपूर्ति की निरंतरता को मजबूत करने और उपभोक्ताओं के विश्वास की रक्षा के लिए उपभोक्ताओं, वितरकों, नागरिक समाज संगठनों और अन्य हितधारकों से ऐसे उपायों पर विचार और सुझाव आमंत्रित करता है जिनसे समय पर रिफिल की सुविधा मिल सके। टिप्पणियां मिलने के बाद पीएनजीआरबी एलपीजी पोर्टेबिलिटी के लिए नियम और दिशानिर्देश तैयार करेगा और देश में इसे लागू करने की तारीख तय करेगा।

### दुनियाभर में बज गई खतरे की घंटी

# एआई को लेकर दी चेतावनी!

**ई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर की कई बड़ी ंपनियों में हाल के महीनों में कर्मचारियों की टनी की खबरें सामने आई हैं। अमेज़न, इक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, इंटेल जैसी कंपनियों सैकड़ों कर्मचारियों को काम से हटाया है। शेषज्ञों का मानना है कि इसका मुख्य कारण ार्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तेजी से पनाया जाना और ऑटोमेशन में बदलाव है। ॉलमार्ट के सीईओ डग मैकमिलन ने भी तावनी दी है कि एआई कई नौकरियों को भावित करेगा और वर्कफोर्स की संरचना दल देगा। उन्होंने कहा, आने वाले समय में ाम करने के हर पहलू पर एआई का असर खने को मिलेगा। यह बिल्कुल साफ है कि द्व र नौकरी को किसी न किसी रूप में बदल गा। मैकमिलन ने कहा कि एआई के बढ़ते भाव से लेबर मार्केट में बदलाव हमारी



उम्मीदों से कहीं अधिक होगा। की रिपोर्ट के अनुसार, फोर्ड, जेपी मॉर्गन चेज और अमेज़न जैसी कंपनियों ने भी इसी तरह की चेतावनी दी है। 2.1 मिलियन कर्मचारियों वाली दुनिया की सबसे बड़ी एम्प्लॉयर कंपनी वॉलमार्ट ने बताया कि अगले तीन सालों में कुल कर्मचारियों की संख्या स्थिर रहेगी, लेकिन कई काम करने के तरीके बदलेंगे और इससे कुछ नौकरियां समाप्त होंगी। पहले ही वेयरहाउस ऑटोमेशन, एआई-ड्रिवेन चैटबॉट और बैकस्टोर ऑटोमेशन में कई जॉब खत्म हो चुकी हैं।

# 1 लाख करोड़ से ज्यादा का इंवेस्टमेंट; कंपनियों की लग गई लाइन

● साबित हुआ शानदार, भारत को मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दूसरे दिन 21 कंपनियों ने समझौते किए। इससे इस कार्यक्रम में निवेश के लिए समझौतों की कुल वैल्यू 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन 21 कंपनियों ने 25,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का वादा किया।

भारत मंडपम में समिट के दूसरे दिन ग्लोबल रेगुलेटर्स, इंडस्ट्री लीडर्स, स्टार्टअप और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया। बातचीत में सस्टेनेबिलिटी, टेक्नोलॉजी, निवेश और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी पर ध्यान दिया गया। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने कार्यक्रम के पांच स्तंभों पर केंद्रित 13 सत्र आयोजित किए। इसमें पेट फूड, स्पेशिलटी फूड, न्यूट्रस्यूटिकल्स, शराब और प्लांट-बेस्ड फूड जैसे मुख्य विषय शामिल थे। बयान में कहा गया कि इस दिन उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, झारखंड और बिहार जैसे भागीदार राज्यों के साथ न्यूजीलैंड, वियतनाम, जापान और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के सेशन भी हुए। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण और विश्व बैंक ने भी चर्चाएं आयोजित कीं। बयान में कहा गया कि सम्मेलन में कृषि और खाद्य




प्रसंस्करण में सहयोग को मजबूत करने के लिए रूस और पुर्तगाल के समकक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। इसी समय, भारत समुद्री खाद्य निर्यातक संघ द्वारा आयोजित 24वें इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो में देश की बढ़ती समुद्री खाद्य निर्यात क्षमता और वैश्विक बाजार के संबंध दिखाए गए।

### सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड, चांदी की भी बढ़ी कीमत

# कमजोर रुपए, शेयर बाजार की गिरावट के बीच गोल्ड-सिल्वर की बढ़ी मांग

**ई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में सोना और चांदी हमेशा से विशकों के लिए सुरक्षित और पारंपरिक विकल्प माने जाते हैं। ब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव या रुपए में कमजोरी आती , निवेशक अपनी पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए सोने और ांदी की ओर रुख करते हैं। इसी कारण बीते सप्ताह में रुपए ो गिरावट और शेयर बाजार में कमजोरी के बीच सोने-चांदी ो कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली।

कमजोर रुपए और वैश्विक बाजार से मिले समर्थन के लते सोने की कीमतों में तेज़ी दर्ज की गई। हफ्तेभर में सोना गभग 800 से 1,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ। शेषज्ञों का मानना है कि फेस्टिव सीजन के करीब आने के ारण भी मांग में वृद्धि हुई, जिससे सोने की कीमतों को जबूती मिली।

सोने के साथ-साथ चांदी में भी उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय ाजार में डॉलर के कमजोर पड़ने और इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ने कारण चांदी की कीमत हफ्तेभर में 1,500 से 2,000 रुपए ति किलो तक बढ़ गई। घरेलू बाजार में यह निवेशकों के लिए कारात्मक संकेत माना जा रहा है। बीते दिनों भारतीय रुपए ने ॉलर के मुकाबले लगातार कमजोरी दिखाई। गुरुवार को एक ॉलर की कीमत 88.76 रुपए तक पहुंच गई। चूंकि भारत में ोना और चांदी का बड़ा हिस्सा आयात किया जाता है, रुपए




के मूल्य में गिरावट सीधे इन धातुओं की कीमतों को बढ़ा देती है। सेंसेक्स और निफ्टी में इस हफ्ते भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 3प्रतिशत नीचे बंद हुए, जबकि निफ्टी बैंक 2 प्रतिशत टूटा। आईटी सेक्टर सबसे अधिक प्रभावित रहा, निफ्टी आईटी इंडेक्स 8 प्रतिशत गिरा और टीसीएस ने पांच साल में सबसे खराब साप्ताहिक प्रदर्शन दिया। कुल मिलाकर 43 निफ्टी शेयर नुकसान में रहे और बीएसई लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैप में लगभग 16 लाख करोड़ रुपए की कमी आई। इस गिरावट ने निवेशकों को सुरक्षित विकल्प की ओर आकर्षित किया, जिससे सोना और चांदी की कीमतों में तेजी बनी रही।

### अब विदेश से यूरेनियम का खनन करेगा भारत खदानों की पहचान के लिए

# एनटीपीसी नियुक्त करेगी सलाहकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनटीपीसी का यह कदम न सिर्फ उसकी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत को भी स्वदेशी परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाने में मदद करेगा। विदेशों से यूरेनियम खदानों में हिस्सेदारी लेने से भारत को वैश्विक बाजार पर कम निर्भर रहना पड़ेगा। इससे आने वाले वर्षों में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेज गति मिल सकती है। ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अब परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी यूरेनियम की सप्लाई सुनिश्चित करने के कदम उठा रही है। इसके तहत कंपनी विदेशों में यूरेनियम खदानों की पहचान करने के लिए एक सलाहकार नियुक्त करेगी। यह कदम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उठाया जाएगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला एनटीपीसी के भविष्य के स्वतंत्र परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को कच्चा माल उपलब्ध कराने की योजना




का हिस्सा है। अभी एनटीपीसी का फोकस न सिर्फ थर्मल और सोलर ऊर्जा पर है, बल्कि वह परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है। फिलहाल एनटीपीसी, न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ ज्वाइंट वेंचर के तहत राजस्थान में एक बड़ा परमाणु ऊर्जा प्रोजेक्ट स्थापित कर रही है। इस प्रोजेक्ट में एनटीपीसी की 49 हिस्सेदारी होगी, जबकि एनपीसीआईएल की 51 हिस्सेदारी रहेगी। इस प्रोजेक्ट का कुल निवेश लगभग 42000 करोड़ रुपये है। इसका नाम माही बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट (एमबीआरएपीपी) रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में बांसवाड़ा में इस परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना अनुषक्ति विद्युत निगम लिमिटेड नाम के संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी के जरिए स्थापित की जा रही है। हाल ही में बताया कि कंपनी भविष्य में स्वतंत्र परमाणु परियोजनाएं स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए कंपनी कई न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी प्रदाताओं और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। इससे एनटीपीसी को अपने ऊर्जा पोर्टफोलियो को और विविध बनाने का मौका मिलेगा।

### विदेशी यूरेनियम खदानों की तलाश

कंपनी के एक अधिकारी ने बताया, हम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में हैं। यह समझौता विदेशी यूरेनियम खदानों की टेक्नो-कमर्शियल जांच के लिए होगा। बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। यह सलाहकार कई देशों में यूरेनियम खदानों के संभावित स्थानों की पहचान करेगा और फिर एनटीपीसी यह तय करेगी कि किन खदानों में निवेश करना है। मूल्यांकन के दौरान भंडार की मात्रा, लॉजिस्टिक लागत, और अन्य कारकों को ध्यान में रखा जाएगा। इससे एनटीपीसी को भविष्य में यूरेनियम की स्थायी सप्लाई सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# नेपाल ने टी-20 में पहली बार वेस्टइंडीज को हराया

## फुल मेंबर के खिलाफ पहली सीरीज में नेपाल की विजयी शुरुआत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** शारजाह में खेले गए तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में नेपाल ने वेस्टइंडीज को 19 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी। यह जीत नेपाल की किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ सभी फॉर्मेट में पहली जीत है। इससे पहले 2014 में नेपाल ने टी-20 में अफगानिस्तान को हराया था, लेकिन उस समय अफगानिस्तान एसोसिएट टीम थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ यह नेपाल का पहला टी-20 मैच और किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ उनकी पहली बाइलैट्रल सीरीज की शुरुआत थी।

नेपाल की खराब शुरुआत, लेकिन मजबूत वापसी टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट पर 148 रन बनाए। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 8 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिर गया। कुशल भुर्तेल 6 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज आशिफ शेख भी सिर्फ 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तीसरे विकेट के लिए कप्तान रोहित पौडेल और कुशल मल्ला ने 45 गेंदों पर 58 रन की अहम साझेदारी की। कुशल मल्ला ने 21 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 30 रन बनाए, जबकि रोहित पौडेल ने 35 गेंदों में 38 रन की पारी खेली। दीपेंद्र सिंह एरी ने 19 गेंदों में 17 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि नवीन बिदाईसी ने 29 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। रोहित पौडेल ने 35 गेंदों में 38 रन की पारी खेली।

वेस्टइंडीज की फ्लॉप बल्लेबाजी नेपाल के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी। नई टीम के साथ मैदान में उतरी विंडीज की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। उनकी टीम में चार नए खिलाड़ी शामिल थे। वेस्टइंडीज की ओर से नवीन बिदाईसी ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए। अमीर जंगू और फेबियन एलन ने 19-19 रन जोड़े, जबकि कप्तान अकील हुसैन 18 रन बनाकर आउट हुए। अकीम ने 15 और केसी कार्टी ने 16 रन का योगदान दिया। नेपाल की ओर से कुशल भुर्तेल ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

# भारत ने सातवां सैफ अंडर-17 खिताब जीता, पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को हराया

**कोलंबो, एजेंसी।** भारतीय टीम ने जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल किए। भारतीय फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को 4-1 से हराकर सातवां



सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप खिताब जीता। भारत ने दल्लामुओन गंगटे (चौथे मिनट) और अजलान शाह केएच (38वें मिनट) के गोल की मदद से पहले हाफ में 2-1 की बढ़त बनाई हुई थी लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी मिनट में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया जिससे शूटआउट से नतीजा निकला। भारतीय टीम ने जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल किए।

# राजस्थान रॉयल्स ने फील्डिंग कोच दिशांत याग्निक से नाता तोड़ा

### आईपीएल 2026

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने लंबे समय से फील्डिंग कोच के रूप में काम कर रहे दिशांत याग्निक से नाता तोड़ लिया है। याग्निक से पहले आरआर और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के भी रास्ते अलग हो गए थे। टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम को अपनी कोचिंग में चैंपियन बनाने के बाद द्रविड़ आरआर के मुख्य कोच बने थे। माना जा रहा



था कि आरआर के कोच के रूप में उनका कार्यकाल लंबा होगा, लेकिन हाल ही में उन्होंने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। राहुल की कोचिंग में आरआर का 2025 में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था और टीम में फूट की खबर भी आई थी। आरआर 2025 में लीग चरण के 14 मैचों में चार जीत के साथ नौवें स्थान पर रही थी। याग्निक अब आगामी घरेलू सत्र में जम्मू और कश्मीर टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में काम करने पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। पिछले सीजन में, वह कोचिंग स्टाफ के प्रमुख सदस्यों में से एक थे, जिसमें जम्मू और कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। राहुल द्रविड़ और दिशांत याग्निक के बाद अगले सीजन से पहले आरआर फ्रेंचाइजी से अलग होने वाले कई और नाम सामने आ सकते हैं। इसमें सबसे बड़ा नाम कप्तान संजू सैमसन का है। माना जा रहा है कि सैमसन टीम मैनेजमेंट से असंतुष्ट हैं और नीलामी से पहले टीम से अलग हो सकते हैं।

# धाकड़ का लगातार 8वां सुपर-10

### पीकेएल-12

### बंगाल वॉरियर्स ने पटना पायरेट्स को 6 प्वाइंट्स से हराया

**जयपुर, एजेंसी।** कप्तान देवांक (22 प्वाइंट) के धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत बंगाल वॉरियर्स ने शनिवार को यहां सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 51वें मैच में पटना पायरेट्स को 48-42 से हरा दिया।



बंगाल वॉरियर्स की आठ मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम अब 13 अंक लेकर नौवें नंबर पर पहुंच गई है। पटना पायरेट्स को आठ मैचों में छठी हार का मुंह देखना पड़ा है। मुकाबले में बंगाल वॉरियर्स के लिए देवांक दलाल और पटना पायरेट्स के लिए माइटी मनिंदर सिंह ने अपनी-अपनी पूर्व टीम के खिलाफ मल्टी प्वाइंट्स लेकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद अयान ने सातवें मिनट में मल्टी प्वाइंट लेकर बंगाल वॉरियर्स को ऑलआउट कर दिया और स्कोर को 13-8 तक पहुंचा दिया। इस तरह पटना की टीम पहले 10 मिनट के खेल में 16-11 से आगे हो गई। बंगाल के लिए कप्तान देवांक ने डू ऑर डाई में तीन अंक लेकर अपनी टीम की वापसी करानी शुरू कर दी। उन्होंने इसके साथ अपना लगातार आठवां सुपर-10 भी पूरा कर लिया। पटना पायरेट्स की टीम यहां से ऑलआउट की कगार पर पहुंच गई। अगली ही रेड में मनिंदर भी टैकल कर लिए गए और बंगाल ने पटना पायरेट्स को ऑलआउट करके स्कोर 19-19 की बराबरी पर पहुंचा दिया। धाकड़ देवांक ने पहले हाफ के अंतिम मिनट में एक और सुपर रेड लगा दी और बंगाल को तीन अंक दिला दिए। इससे बंगाल वॉरियर्स की टीम पहले हाफ की समाप्ति तक 26-25 से आगे हो गई। खेल के पहले 20 मिनट में बंगाल वॉरियर्स के कप्तान देवांक दलाल का भौकाल देखने को मिला और उन्होंने 15 अंक अर्जित किए। दूसरा हाफ शुरू होने के बाद पटना पायरेट्स ने एक बार फिर से 27-27 की बराबरी हासिल कर ली। पटना के लिए अयान ने अपना चौथा सुपर-10 पूरा कर लिया। उन्होंने अपनी अगली रेड में भी सुपर रेड लगाकर 35वें मिनट तक पटना पायरेट्स को बराबरी पर रोके रखा। मैच के 30वें मिनट तक भी दोनों ही टीमें लगभग बराबरी पर चल रही थी। लेकिन पटना के लिए मनिंदर सिंह ने सुपर रेड लगाकर अपने करियर का 80वां सुपर-10 पूरा कर लिया। 36वें मिनट में पटना ने देवांक को सुपर टैकल करके मैच में वापसी कर ली और स्कोर को 39-39 से बराबरी कर दी। बंगाल और पटना के बीच खेल के अंतिम मिनटों में कांटे की टक्कर देखने को मिली।



# कोहली की इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर ने मचाई धूम

### फैंस भूल गए एशिया कप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टीव नहीं है, लेकिन उन्होंने हाल ही में अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ एक नई तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है, जिसने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। इस तस्वीर में दोनों एक बेहद प्यारे अंदा में दिख रहे हैं, जहां विराट ने प्यार से अनुष्का के माथे पर अपना गाल रखा हुआ है और दोनों कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए देख रहे हैं। यह तस्वीर पोस्ट होने के बाद सिर्फ दो घंटे में 5 मिलियन से अधिक लाइक्स बटोर चुकी है।

**विराट कोहली ने कैप्शन में लिखी ये बात-** इस तस्वीर में विराट ने नीले रंग का लंबा कोट पहना हुआ है, जबकि अनुष्का ने ग्रे स्वेटर के साथ एक सफेद टॉप पहना है। इस पोस्ट के कैप्शन में विराट ने बस इतना लिखा, क्क्षद्दद्ब ड्ड द्बद्वड्डद्दद्ग. फैंस इस तस्वीर को शेयर भी कर रहे हैं। कई फैंस के इस पर अच्छे कमेंट भी किए हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही क्रिकेट फैंस एशिया कप की बातें छोड़, इन दोनों के बारे में बात करने लगे हैं। ऐसा कि मानो वह एशिया कप को भूल चुके हैं।

# मिथुन मन्हास बीसीसीआई के नए अध्यक्ष

### जे एंड के के लिए अंडर-19, दिल्ली के लिए रणजी खेले; बोर्ड के पहले प्रेसिडेंट क्रिकेटर, जो इंटरनेशनल मैच नहीं खेले



**नई दिल्ली।** फॉर्मर डोमेस्टिक क्रिकेटर मिथुन मन्हास भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के अध्यक्ष बन गए है। इसका ऐलान रविवार को मुंबई में बीसीसीआई ऑफिस में हुई एनुअल जरनल मीटिंग के बाद हुआ। वे इस पद पर निर्विरोध चुने गए। मन्हास बोर्ड के पहले ऐसे प्रेसिडेंट क्रिकेटर हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ङ्ग पर पोस्ट कर मिथुन मन्हास को बधाई दी। उन्होंने लिखा- मिथुन मन्हास आधिकारिक रूप से बीसीसीआई के अध्यक्ष बन गए हैं। जे एंड के की अंडर-15 टीम में खेले मन्हास ने जम्मू कश्मीर से अंडर-15, अंडर-16 और अंडर-19 खेला। उन्होंने 3 साल जे एंड के के लिए अंडर-19 खेला। साल 1995 में उन्होंने लगभग 750 रन बनाए और देश के हाईएस्ट अंडर-19 स्कोरर बने। बाद में जे एंड के टीम के कैप्टन बने। इसी परफॉर्मेंस के चलते उनका सिलेक्शन नॉर्थ जोन के लिए हुआ। 12वीं की परीक्षा देने के बाद मन्हास कुछ महीनों के लिए पहली बार दिल्ली आए। तब उनकी उम्र 17 साल थे। यहां आकर उन्होंने दिल्ली के प्रीमियर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और यहीं से खेलने लगे। उस दौर में दिल्ली की टीम में वीरेंद्र सहवाग और आशीष नेहरा जैसे दिग्गज खेलते थे।

# उन्हें समझदारी से टूर्नामेंट चुनने होंगे

### पीवी सिंधू को साइना नेहवाल की सलाह

**मुंबई, एजेंसी।** साइना नेहवाल की यह सलाह सिंधू के लिए आने वाले सीजन में अहम साबित हो सकती है। सही टूर्नामेंट चयन और बेहतर तैयारी से सिंधू फिर से अपने करियर के सुनहरे दिनों की तरह लगातार जीत दर्ज कर सकती हैं। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल का मानना है कि पीवी सिंधू को अब टूर्नामेंट चुनने में समझदारी दिखानी होगी। जैसे-जैसे सिंधू 30 की उम्र में पहुंच रही हैं, लगातार हर टूर्नामेंट खेलने का दबाव उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है।

साइना ने कहा, ऐसा नहीं है कि एक निश्चित उम्र के बाद आप अच्छा नहीं कर सकते। यह निश्चित रूप से संभव है, लेकिन आपको उन टूर्नामेंटों पर ध्यान देना होगा जिनमें आप अच्छा करना चाहते हैं।

**लगातार टूर्नामेंट खेलना मुश्किल-** साइना का कहना है कि रैंकिंग बनाए रखने के लिए सभी टूर्नामेंट खेलना थकाऊ हो सकता है। उन्होंने कहा, आप सभी टूर्नामेंटों में अच्छा नहीं कर सकते क्योंकि यह मुश्किल होता है। इस उम्र में जब आप अपनी रैंकिंग बनाए रखने के लिए लगातार इतने सारे टूर्नामेंट खेल रहे होते हैं तो जाहिर है आपको एक निश्चित दौर तक तो पहुंचना ही होगा। साइना का मानना है कि सिंधू को बड़े टूर्नामेंट जैसे विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आप जीतना चाहते हैं जैसे विश्व चैंपियनशिप या एशियाई चैंपियनशिप तो आपको उन टूर्नामेंटों में पूरी ताकत लगानी होगी।






# हमारे पास विश्व कप जीत इतिहास रचने का मौका - हरमनप्रीत कौर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला वनडे विश्व कप का आगाज 30 सितंबर से हो रहा है। मैच भारत और श्रीलंका में खेले जाएंगे। मेजबान होने के नाते भारतीय टीम के पास विश्व कप जीतने का मौका है और इस बात को कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी स्वीकार किया है।

शनिवार को आईसीसी के एक कॉलम में हरमनप्रीत ने लिखा, घरेलू विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी करना, एक बड़ा सम्मान है। हम ट्रॉफी जीतने की ख्वाहिश रखते हैं और इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह से प्रेरित हैं। भारतीय कप्तान ने लिखा, विश्व कप की तैयारी का हमारा सफर समृद्ध रहा है। पिछले कुछ समय से टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इससे हमारे अंदर आईसीसी ट्रॉफी जीतने की ललक जगी है। हम बड़ी छलांग लगाना चाहते हैं और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतना चाहते हैं। प्रतियोगिता हमेशा की तरह कड़ी है, लेकिन टीम को अपने कौशल, तैयारियों और किसी भी चुनौती से पार पाने का भरोसा है। घरेलू और बाहरी मैदानों पर खेले गए हालिया नतीजे भी टीम के लिए उत्साहजनक रहे हैं। हम विश्व कप में इस लय को बरकरार रखने के लिए उत्सुक हैं।

हरमनप्रीत ने लिखा, हमारी विश्व कप टीम में सभी विभागों में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, प्रतीका रावल, ऋचा घोष और उमा छेत्री जैसी बल्लेबाजी प्रतिभाएं टीम में मौजूद हैं। गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली है, जिसमें रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी के साथ युवा और होनहार क्रांति गौड़, एन. श्री चरणी और राधा यादव भी हैं। इसके अलावा, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और अमनजोत कौर जैसे तीन ऑलराउंडर भी हैं, जो खेल का रुख भारत के पक्ष में मोड़ सकते हैं।

उन्होंने विश्व कप में भारतीय टीम के अभियान में सपोर्ट स्टाफ की भूमिका और फैंस के उत्साह और समर्थन को भी अहम बताया। भारतीय महिला टीम अब तक कोई भी आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। 2005 और 2017 में टीम फाइनल में पहुंची थी।



# टीवी सीरियल की क्वीन एकता कपूर कोरियन ड्रामा में आएंगी नजर?



पोस्ट के जरिए सच से उठाया पर्दा

**टीवी** की दुनिया में एकता कपूर के सीरियल्स का बोलबाला रहता है। आज भी उनके बनाए सीरियल टीवी पर दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। प्रोड्यूसर एकता अब कोरियन ड्रामा का हिस्सा बन सकती हैं? इस खबर को लेकर खुद ही अपडेट दिया है। प्रोड्यूसर

एकता कपूर ने अपने करियर में कई हिट टीवी सीरियल बनाए हैं, ज्यादातर के नाम की शुरुआत 'क' शब्द से होती थी। इसमें 'कसौटी जिंदगी की' से लेकर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' जैसे सीरियल शामिल रहे। हाल ही में एक पोस्ट के जरिए एकता ने कोरियल ड्रामा में शामिल होने वाली खबर को लेकर अपडेट दिया।

**सच में एकता कोरियन ड्रामा का पार्ट बनेंगी?**

अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में एकता कपूर ने एक स्टोरी पोस्ट की। इसमें वह कहती हैं, 'मैं ओजी क्वीन हूं 'च ड्रामा' की (क्योंकि जैसे सीरियल को लेकर कही ये बात)। मैं आपके लिए एक अपडेट लाई हूं। मैं कोरियन ड्रामा में नजर आऊंगी।'

**दो दिन बाद सरप्राइज देंगी एकता कपूर**

अपनी पोस्ट के साथ एकता कपूर ने लिखा है, 'सरप्राइज 29 सितंबर 1 बजे।' देखना होगा कि क्या वह सच में कोरियन ड्रामा में नजर आएंगी या फिर किसी हिट कोरियन ड्रामा का हिंदी में रीमेक बनाएंगी। कोरियन ड्रामा की बात करें तो इनकी भारत में काफी फैन फॉलोइंग है, जेन जी कोरियन ड्रामा के बहुत बड़े फैन हैं।

**एकता कपूर का करियर फ्रंट**

एकता कपूर टीवी सीरियल और फिल्में प्रोड्यूस करती हैं। बालाजी टेलीफिल्म्स के जरिए एकता ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे कई हिट सीरियल बनाएं। साथ ही 'डर्टी पिक्चर' जैसी हिट फिल्म के अलावा कई बॉलीवुड फिल्मों को प्रोड्यूस किया है।



● सलमान ने स्वीकारा ऑटो ट्यून की मदद से गाते हैं गाना

# 'मैं पांच मिनट में गाकर निकल जाता हूं'

**काजोल** और ट्विंकल खन्ना का नया चैट शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' शुरू हो चुका है। शो के पहले एपिसोड में नजर आए आमिर और सलमान खान ने कई खुलासे किए। ट्विंकल खन्ना और काजोल के नए चैट शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का पहला एपिसोड रिलीज हो चुका है। पहले एपिसोड में ही सलमान और आमिर खान जैसे दो बड़े सुपरस्टार्स नजर आए। इस दौरान इन दोनों सुपरस्टार्स ने कई खुलासे किए और कई शानदार किस्से भी साझा किए। सलमान ने अपनी सिंगिंग को लेकर भी शो के दौरान एक बड़ा खुलासा किया।

**सलमान ने माना असल में अच्छी नहीं है मेरी आवाज**

शो के दौरान दोनों होस्ट काजोल और ट्विंकल ने आमिर और सलमान से गाना गाने के लिए कहा। ट्विंकल ने आमिर से कहा, 'हमने सुना है आप क्लासिकल सिंगिंग सीख रहे हैं। ऐसे में कुछ गाकर सुनाइए।' इस पर आमिर ने कहा कि मैं अभी सीख ही रहा हूं। लेकिन सलमान बहुत अच्छा गाते हैं। फिर आमिर ने सलमान से गाने के लिए भी कहा। आमिर ने सलमान से कहा तू अच्छा गाता है, तुमने मुझे रिकॉर्डिंग्स सुनाई हैं। जिस पर सलमान ने कहा कि अरे वो रिकॉर्डिंग अलग है, असल में मेरी आवाज बहुत बुरी है। इस दौरान सलमान ने स्वीकार किया कि वो ऑटो ट्यून की मदद से गाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं तो गाकर 5 मिनट में निकल जाता हूं। उसके बाद गाने को सुरीला बनाने के लिए बाकी लोगों को हफ्तों लगते हैं। तब जाकर वो गाना सामने आता है, जिसे सब लोग सुन सकते हैं। ये सब ऑटो ट्यून का कमाल है।

रिलेशनशिप पर कही बड़ी बात

# सैम को डेट करने की अफवाहों के बीच तृप्ति ने तोड़ी चुप्पी





**सैम** मर्चेंट के साथ रिलेशनशिप के रूमर्स के बीच तृप्ति डिमरी ने हाल ही में रिश्ते को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा है कि सिंगल होने में कोई बुराई नहीं है।

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी हाल ही में अपनी फिल्मों के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में हैं। बीते दिनों से लगातार खबरें आ रही थीं कि तृप्ति बिजनेसमैन और मॉडल सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं। दोनों को कई बार साथ में देखा भी गया है, लेकिन अब तक इस रिश्ते पर कभी खुलकर कुछ कहा नहीं गया था। ऐसे में पहली बार तृप्ति ने रिलेशनशिप पर चुप्पी तोड़ी है और ऐसा बयान दिया है जिसने फैंस को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

**रिलेशनशिप को लेकर तृप्ति का नजरिया:** फिल्मफेयर को दिए इंटरव्यू में तृप्ति डिमरी ने कहा कि आज की दुनिया में अक्सर यह मान लिया जाता है कि अगर कोई रिश्ते में नहीं है तो उसकी जिंदगी अधूरी है। लेकिन उनकी राय अलग है। उन्होंने साफ कहा, रिश्ते में होना कोई मजबूरी नहीं है। अगर कोई सिंगल है तो इसका मतलब यह नहीं कि उसमें कोई कमी है। जिंदगी में और भी बहुत कुछ है जिसे हासिल किया जा सकता है। सिर्फ इसलिए उदास होना कि आपके पास कोई पार्टनर नहीं है, सही सोच नहीं है।

उन्होंने यह भी बताया कि उनकी फिल्म बुलबुल की निर्देशक अनविता दत्त ने उन्हें यह सिखाया कि सिंगल होना भी उतना ही सामान्य है जितना रिश्ते में होना। तृप्ति का मानना है कि इंसान की पहचान उसके रिश्तों से नहीं बल्कि उसकी सोच और काम से होती है।

**कौन हैं सैम मर्चेंट?:** सैम मर्चेंट एंटरटेनमेंस इंडस्ट्री में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। एक समय पर वह मॉडलिंग की दुनिया में काफी लोकप्रिय रहे और इसके बाद उन्होंने बिजनेस में कदम रखा। आज वह एक सफल उद्यमी माने जाते हैं। उनकी लाइफस्टाइल और सोशल सर्कल हमेशा मीडिया की सुर्खियों में रहते हैं। यही वजह है कि जब तृप्ति और सैम को साथ देखा गया तो दोनों के रिश्ते की अटकलें तेज हो गईं।

**तृप्ति का करियर ग्राफ:** तृप्ति डिमरी ने पिछले कुछ वर्षों में बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। लैला मजनूं और बुलबुल जैसी फिल्मों से शुरू हुआ उनका सफर एनिमल जैसी सुपरहिट फिल्म तक पहुंचा। रणबीर कपूर के साथ उनकी जोड़ी को दर्शकों ने खूब सराहा और इसके बाद से ही वह लगातार चर्चा में बनी रहीं। हाल ही में आई धड़क 2 में भी उन्होंने सिद्धांत चतुर्वेदी संग अपनी एक्टिंग से सभी को प्रभावित किया। तृप्ति अपनी बोल्ड चॉइस और दमदार अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। वह ऐसे किरदार चुनती हैं जो दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ते हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उनकी हर तस्वीर और वीडियो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो जाते हैं।

# एक बेड पर नहीं सोते Hina-Rocky?

## सरेआम कपल से पूछ लिया बेडरूम सीक्रेट, एक्ट्रेस ने छोड़ा शो!

**इन दिनों रियलिटी शो पति पत्नी और पंगा में नजर आ रहे हिना खान और रॉकी जायसवाल को लेकर शो पर एक हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ है. जिसके बाद अब एक्ट्रेस की शादी पर सवाल उठने लगे हैं.**



टीवी इंडस्ट्री से लेकर वेब सीरीज की दुनिया तक में धमाल मचाने वाली पॉपुलर एक्ट्रेस हिना खान एक तरफ जहां ब्रेस्ट कैंसर से अपनी बहादुरी भरी जंग लड़ रही हैं, तो वहीं दूसरी तरफ अपने काम को भी पूरे एक्टिव मोड में कर रही हैं. वहीं एक्ट्रेस इन दिनों पति रॉकी जायसवाल के साथ रियलिटी शो पति पत्नी और पंगा में नजर आ रही हैं. इसी बीच शो में हुए हिना और रॉकी के पर्सनल खुलासे ने सबको हैरान कर दिया है.

**शादी के 5 महीने बाद हिना-रॉकी का बेडरूम सीक्रेट लीक!**

हिना खान और रॉकी जायसवाल की जोड़ी को फैंस बहुत पसंद करते हैं. रॉकी अक्सर हिना पर खुलकर प्यार लुटाते नजर आते हैं, लेकिन हाल ही में ये कपल तब सुर्खियों में आया जब खबर उड़ी कि शादी के 5 महीने बाद भी हिना और रॉकी एक बेड पर नहीं सोते. इस बात को सुनकर फैंस हैरान हैं और जानने को बेताब हैं कि आखिर इस बेडरूम सीक्रेट का सच क्या है?

**रॉकी ने कहा चरित्र हनन, हिना हुई आग-बबूला**

दरअसल, ये पूरा मामला शो के एक प्रोमो में सामने आया है. शो की होस्ट और एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे ने कंटेस्टेंट्स से एक टास्क के दौरान सवाल पूछा कौन सा कपल ऐसा है जो बेड पर एक साथ नहीं सोते? इसपर अविका गौर और मिलिंद समेत स्वरा भास्कर और फहाद ने हिना और रॉकी का नाम लिया, तो दोनों हैरान रह गए. अपना और अपने पति का नाम सुनकर हिना खान चिल्ला पड़ीं और रॉकी जायसवाल ने तुरंत इसे चरित्र हनन करार दे दिया. रॉकी ने जोर देकर कहा कि ये बात एकदम गलत है.

**हिना ने दी शो छोड़ने की धमकी:** वहीं हिना ने चिल्लाते हुए अपनी हार का जिम्मेदार अपने पति रॉकी जायसवाल को बताया. इसके बाद सब मस्ती मजाक कर रहे होते हैं कि, हिना अचानक अपनी सीट छोड़कर चली गई. उन्होंने इतना ही नहीं किया, बल्कि शो छोड़ने की धमकी तक दे डाली. हालांकि, ये सब शो में मस्ती-मजाक में हुआ था, लेकिन सोशल मीडिया पर कई लोग इसे सीरियस ले रहे हैं. लोगों ने हिना और रॉकी के रिश्ते पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है.

सर्च-द नैना मर्डर केस

# कॉलेज गर्ल की डेथ मिस्ट्री में उलझा कोंकणा का किरदार

कोंकणा सेन शर्मा संजीदा किरदारों को बखूबी निभाना जानती हैं। हाल ही में उनकी एक अपकमिंग सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' का ट्रेलर रिलीज हुआ। जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश कर रही है। सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' के ट्रेलर में कोंकणा सेन शर्मा एक पुलिस ऑफिस के रोल में हैं। वह एक कॉलेज गर्ल की मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश में लगी हैं। इस राह में उसके सामने कई चुनौतियां हैं। कई लोग शक के घेरे में हैं।

इस सीरीज में एक तरफ मर्डर मिस्ट्री को दिखा गया है। साथ ही केस को सॉल्व करने के दौरान कोंकणा सेन का किरदार डिजिटल दुनिया के खतरों से भी वाकिफ होता है। इस सीरीज में सोशल मीडिया के स्याह पक्ष को दिखाने की कोशिश की गई, जिसके जाल में यंगस्टर बुरी तरह फंस जाते हैं।

कोंकणा सेन स्टारर इस सीरीज की रिलीज डेट भी ट्रेलर के साथ ही शेयर की है। यह सीरीज जीयोहॉटस्टार पर 10 अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी। यह सीरीज रोहन सिप्पी ने डायरेक्ट की है।




# रश्मी देसाई ने गरबा डांस के साथ फैन्स को दिया मूड ठीक करने का मंत्र



टेलीविजन इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री रश्मी देसाई ने शनिवार को एक वीडियो के जरिए अपने प्रशंसकों को मूड ठीक करने का तरीका बताया है। वीडियो में रश्मी ने सफेद रंग की चोली के साथ लाल रंग का लहंगा पहना है, जिसे उन्होंने लाल ओढ़नी के साथ और आकर्षक बनाया है। उनके खुले बाल और चेहरे पर चमकती मुस्कान उनके लुक को और निखार रही है। रश्मी ने वीडियो के साथ एक मजेदार और प्रेरणादायक कैप्शन लिखा, जब भी मन में उलझन हो या समझ न आए क्या करना है, तो गरबा कर लो। रश्मी देसाई टेलीविजन इंडस्ट्री में अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। उतरन जैसे लोकप्रिय धारावाहिक में उनकी भूमिका ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। इसके अलावा, वह रियलिटी शोज और सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता के लिए भी चर्चा में रहती हैं। रश्मि ने 2002 में असमिया भाषा की फिल्म कन्यादान से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने 2004 में शाहरुख खान और रवीना टंडन के साथ रोमांटिक मिस्ट्री ये लम्हें जुदाई के से बॉलीवुड में डेब्यू किया।

# श्रुति हासन ने गायिकी के प्रति जताया प्यार



अभिनेत्री श्रुति हासन ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों को अपनी गायिकी से हैरान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी संगीतमय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वीडियो में श्रुति पियानो की धुनों के साथ वह अपनी मधुर आवाज में गाना बड़े मन से गा रही हैं। इस वीडियो ने उनके प्रशंसकों का दिल जीत लिया और उनकी बहुआयामी प्रतिभा को एक बार फिर उजागर किया। श्रुति ने वीडियो के साथ एक भावुक कैप्शन भी लिखा, जिसमें उन्होंने अपनी रचनात्मक यात्रा के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने लिखा, काफी समय हो गया है कोई नया गाना लिखे। सच कहूं तो, मैं लिख नहीं पा रही हूं। यह कभी परफेक्शन की खोज के बारे में नहीं था। जब दिल से भावनाएं निकलती हैं, तो सही समय पर सबकुछ अपने आप सिखा देती हैं। बस वही होना चाहिए जो मैं हूं और वहीं रहना चाहिए जहां मुझे होना चाहिए। श्रुति हासन न केवल अपनी अभिनय कला के लिए जानी जाती हैं, बल्कि संगीत के क्षेत्र में भी उनकी गहरी रुचि रही है। उन्होंने अपनी आवाज में कई गाने भी गाए हैं और संगीत रचना में भी योगदान दिया है। सोशल मीडिया पर उनके इस पोस्ट को खूब सराहना मिल रही है और प्रशंसक उनके अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में बहुचर्चित फिल्म कुली में नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने प्रीति राजशेखर का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनके साथ सुपरस्टार रजनीकांत, तेलुगु सिनेमा के दिग्गज नागार्जुन अक्किनेनी, मलयालम एक्टर सौबिन शाहिर, और बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान भी नजर आए थे।

# विवादों में फंसी पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा



फेमस पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा नए विवाद में फंस गई हैं। उनकी नई फिल्म के ट्रेलर में सोनम बाजवा को शराब पीते और हाथ में सिगरेट पकड़े हुए दिखाया गया है। इसे लेकर पंजाब कलाकार मंच ने सवाल खड़े किए हैं। मंच के सरपरस्त सुखमिंदरपाल सिंह ने कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार और सेंसर बोर्ड को पत्र लिखकर फिल्म बैन करने की मांग की है। एक हफ्ते पहले नई पंजाबी मूवी निक्का जैलदार-4 का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसमें सोनम बाजवा के अलावा एमी विर्क भी मुख्य भूमिका में हैं। इसमें सोनम बाजवा को शराब की आदी बहू के रूप में दिखाया गया है। करीब 3 मिनट के ट्रेलर में सोनम बाजवा को कई बार शराब पीते हुए दिखाया गया है। इसके अलावा एक सीन में उसके हाथ में सिगरेट भी है, जिसे लेकर विरोध शुरू हुआ है। पंजाब कलाकार मंच के सरपरस्त सुखमिंदरपाल सिंह ने कहा कि जिन कलाकारों ने बाढ़ में मदद की, हमने उनकी तारीफ की। मगर, कुछ कलाकार अच्छा करते-करते मर्यादा का उल्लंघन कर रहे हैं।



# कपिल शर्मा को धमकाने वाला आरोपी बंगाल से गिरफ्तार, पूछताछ शुरू

**मुंबई** क्राइम ब्रांच ने मशहूर कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा को धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान दिलीप चौधरी के रूप में हुई है, जिसे पश्चिम बंगाल के 24 परगना से पकड़ा गया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पश्चिम बंगाल से आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे मुंबई लाया गया। यहां पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, इसके बाद अदालत ने आरोपी को 30 सितंबर तक क्राइम ब्रांच की कस्टडी में रखने का आदेश दिया। बता दें कि कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैफे पर कुछ समय पहले फायरिंग हुई थी। कपिल के 'कैप्स कैफे' में दो बार फायरिंग होने की घटना ने सनसनी मचा दी थी। पिछले महीने 7 अगस्त को हुई इस फायरिंग की जिम्मेदारी गोल्डी ढिल्लों और लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी। सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट में दावा किया गया कि कपिल को पहले फोन पर चेतावनी दी गई थी, जिसे उन्होंने नजरअंदाज किया। इसके बाद कैफे पर हमला हुआ और धमकी दी गई कि अगर वह अब भी नहीं मानें तो अगली कार्रवाई मुंबई में होगी। इस धमकी ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। इससे पहले जुलाई में हुई पहली फायरिंग में बब्बर खालसा से जुड़े हरजीत सिंह ने कैफे पर 9 गोलियां चलाई थीं। कैफे उस समय बंद था, इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ। उस हमले को कपिल के शो में निहंग सिखों की वेशभूषा पर की गई टिप्पणी से जोड़ा गया था।

साभार एजेंसी